कृष्ण पक्ष, 22 वर्ष, अंक 350, पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | गुरूवार 18 जनवरी 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

केरल के हर घर में श्रीराम ज्योति जलाएं: मोदी

अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह से ठीक पहले त्रिप्रयार श्री रामास्वामी मंदिर में पूजा करने का सौभाग्य मिला: पीएम

कोच्चि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय दौरे पर हैं। पीएम मोदी ने बुधवार सुबह त्रिशूर के गुरुवायूर मंदिर में पूजा अर्चना की। वहीं, उन्होंने कोच्चि में 4,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन किया।

कोच्चि में जनता को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, केरल के लिए परियोजनाओं का आज लोकार्पण किया गया। वहीं, पीएम मोदी ने भाजपा कार्यकर्ताओं को भी संबोधित किया।

पीएम मोदी ने केरल में राम मंदिर का किया जिक्र

उन्होंने आगे कहा कि सुबह मुझे गुरुवायुर मंदिर में पूजा करने का सौभाग्य मिला। मुझे केरल के विकास के उत्सव में हिस्सा लेने का अवसर मिला है। कुछ दिन पहले 30 दिसंबर को अयोध्या में महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन करते हुए मैं केरल में रामायण से जुड़े चार पवित्र मंदिरों की बात की थी। यह चारों मंदिर राजा दशरथ के चार पुत्रों से जुड़े हैं। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह से ठीक पहले त्रिप्रयार श्री रामास्वामी मंदिर में पूजा करने का सौभाग्य मिला है।

बंदरगाहों की कनेक्टिविटी बढ़ाने का चल रहा प्रयास: पीएम मोदी

पीएम मोदी ने आगे कहा कि केंद्र सरकार कोच्चि जैसे तटीय शहरों की क्षमता बढ़ाने पर काम कर रही है। हम सागरमाला परियोजना जैसी पहल के माध्यम से बंदरगाहों की क्षमता बढ़ाने, बंदरगाह के बुनियादी ढांचे को बनाने और मजबूत करने और बंदरगाहों की कनेक्टिविटी बढ़ाने के प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि 'आजादी के अमृत काल' में भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में देश के हर राज्य की अपनी-अपनी भूमिका है।

वर-वधू को पहले जयमाला, फिर दिया आशीर्वाद...

पीएम नरेंद्र मोदी दो दिवसीय केरल दौरे पर हैं। पीएम बीती शाम यहां पहुंच गए थे। पीएम मोदी ने बुधवार को त्रिशूर के गुरुवायूर मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अभिनेता और नेता सुरेश गोपी की बेटी की शादी में शिरकत की। सुपरस्टार की बेटी की शादी में पीएम मोदी का खास अंदाज देखने को मिला। पीएम ने मंदिर में पूजा भी की। इस दौरान उन्होंने केरल की पारंपरिक पोशाक 'मुंडू' (धोती) और 'वेष्टी' (ऊपरी शरीर को ढकने वाला शॉल) पहना हुआ था। दरअसल, पीएम मोदी सुरेश गोपी की बेटी की शादी में शरीक होने यहां पहुंचे थे।

'भाजपा लोगों के कल्याण को प्राथमिकता देती है'

ऐसे समय में जब भारत समृद्ध था, जब वैश्विक जीडीपी में भारत की हिस्सेदारी बहुत बड़ी थी, तब उसकी ताकत उसके बंदरगाह और बंदरगाह शहर ही थे। अब, जब भारत फिर से वैश्विक व्यापार का एक प्रमुख केंद्र बनकर उभर रहा है, तो हमने अपनी समुद्री शक्ति को मजबूत करना शुरू कर दिया है।

भाजपा कार्यकर्ताओं को पीएम ने कया संबोधित

मोदी ने केरल में शक्तिकेंद्र प्रभारी सम्मेलन में भाग लिया। पीएम मोदी ने कहा," विपरीत परिस्थितियों के बावजूद, भाजपा कार्यकर्ताओं की पीढ़ियों ने केरल में भाजपा का झंडा ऊंचा रखा है। मैं आपके सामने सिर झुकाता हूं - जो लोग राजनीतिक उथल-पुथल के दौरान भी भारत की सेवा के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं।"

पीएम मोदी ने आगे कहा,"आज भाजपा जन-जन की पार्टी बन गयी है। यह एकमात्र पार्टी है जिसके पास तेज विकास का ट्रैक रिकॉर्ड और भविष्य के लिए स्पष्ट दृष्टिकोण है। गरीब, महिला, युवा और किसान ये चार श्रेणियां हैं जिनका सशक्तिकरण एक विकसित भारत की नींव रखेंगे। यह केवल भाजपा है जो इन लोगों के कल्याण को प्राथमिकता देती है।" पीएम मोदी ने केरल में लोगों से अपील की कि 22 जनवरी को रामलीला प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर घर-घर में सद्भाव के साथ दिए जलाएं। वहीं, अपने मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाएं।

नीति आयोग पीएम मोदी का चीयरलीडर है..: कांग्रेस

नागालैंड

कांग्रेस के संचार प्रभारी महासचिव जयराम रमेश ने बुधवार को देश में बहुआयामी गरीबी को लेकर नीति आयोग की रिपोर्ट के बाद केंद्र सरकार पर तंज कसा है। उन्होंने इसे गलत बताया और नीति आयोग को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भोंपू बताया।

समाचार एजेंसी एएनआई से बात करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश ने नीति आयोग की उस रिपोर्ट को भी खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया है कि पिछले नौ सालों में लगभग 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला गया है।

नीति आयोग की रिपोर्ट फर्जी है- कांग्रेस

उन्होंने कहा, "नीति आयोग की रिपोर्ट फर्जी है। यह रिपोर्ट झूठ है।

नीति आयोग कोई स्वतंत्र संस्था नहीं है। नीति आयोग प्रधानमंत्री के लिए चीयरलीडर और ढोल बजाने वाला है। नीति आयोग द्वारा दिए गए आंकड़ों पर भरोसा नहीं किया जा सकता है। सभी विशेषज्ञों ने इसकी आलोचना की है।"

आयोग की रिपोर्ट को लेकर कांग्रेस प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगी

कांग्रेस सांसद ने आगे कहा कि आयोग की रिपोर्ट को लेकर पार्टी प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगी। नीति आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले नौ सालों में भारत में कम से कम 24.82 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं।

ईडी ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा से 7 घंटे तक की पूछताछ

नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा से बुधवार को दिल्ली में करीब 7 घंटे तक पूछताछ की। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय ने भूपेंद्र सिंह हुड्डा से 2004-07 के दौरान मानेसर में भूमि अधिग्रहण में अनियमितताओं को लेकर मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ की है। ईडी ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) 2002 के प्रावधानों के तहत हुड्डा का बयान दर्ज किया। हालांकि, इस बारे में अभी कांग्रेस और हुड्डा के करीबियों से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। उल्लेखनीय है कि ईडी की हुड्डा के खिलाफ यह जांच वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों और नौकरशाहों पर मिलीभगत से 2004-07 के दौरान हरियाणा के मानेसर में भूमि के अवैध रूप से अधिग्रहण से संबंधित है। इस मामले में कई किसानों और भूमि मालिकों ने आरोप लगाया था कि उनके साथ करीब 1,500 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की गई है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने हरियाणा पुलिस के एक प्राथमिकी के आधार पर सितंबर, 2016 में भूमि घोटाले में पीएमएलए के तहत मामला दर्ज किया था। वहीं, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) भी इस मामले में जांच कर रहा है।

नई योजनाएं बनाते समय जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न मुद्दों को ध्यान में रखा जाना चाहिए

नई दिल्ली

केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री परषोत्तम रूपाला ने पूसा संस्थान में बुधवार को आयोजित हाइब्रिड मोड में मत्स्य पालन और जलीय कृषि बीमा सम्मेलन की अध्यक्षता की। इस अवसर पर उन्होंने चिह्नित लाभार्थियों को समूह दुर्घटना बीमा योजना के चेक वितरित किए। इस मौके पर उन्होंने हितधारकों से पोत बीमा योजनाओं के लिए दिशानिर्देश तैयार करने के लिए अपने सुझाव और इनपुट के साथ आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समूह दुर्घटना बीमा योजना (जीएआईएस) काफी सफल रही है।

अलायंस चुनाव लड़ेगा और जीतेगा: राहुल

कोहिमा

भारत जोड़ो न्याय यात्रा नगालैंड में है। राहुल गांधी ने चौथे दिन सुबह 9 बजे नगालैंड के वीकेटाउन, झुनहाबोटो से यात्रा की शुरूआत की। मोकोकचुंग में उन्होंने लोगों से कहा, 'मैं शर्मिंद हूं कि पीएम मोदी ने 9 साल पहले नगालैंड के लोगों से नगा संधि को लेकर एक वादा किया था, लेकिन इसे लेकर कुछ नहीं किया। अगर आपके पास किसी चीज का हल नहीं है, तो आपको झूठ नहीं बोलना चाहिए।' राहुल ने कहा, 'मैंने नगालैंड के गांव के लोगों के साथ चाय पी। एक बच्ची ने मुझसे पूछा कि इस यात्रा के पीछे मकसद क्या है तो मैंने उसे बताया कि इस यात्रा का मकसद है उसकी बात सुनना। ये समझना कि नगालैंड के लोग क्या महसूस करते हैं और कैसे जिंदगी जीते हैं।' कोहिमा में लोगों को संबोधित करने हुए राहुल ने कहा कि इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप छोटे राज्य हैं, आपको देश के बाकी लोगों जैसे बराबरी का दर्जा मिलना चाहिए। राहुल ने यहां द्वितीय विश्व युद्ध के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। सीट शेयरिंग को लेकर राहुल ने कहा कि अलायंस चुनाव लड़ेगा और जीतेगा। सीट शेयरिंग को लेकर हमारी बातचीत जारी है। ज्यादातर जगह आसान है, कुछ एक जगह पर थोड़ा मुश्किल है, लेकिन सीट शेयरिंग की मुद्दा हम आसानी से सुलझा लेंगे।

'पंजाब विरोधी साजिश करने वालों को विदेश से लाकर सजा दिलाने की कोशिश की जा रही'

चंडीगढ़

कुछ कट्टर पंथी ताकतों द्वारा दी जा रही जान से मारने की धमकी को लेकर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने बुधवार को स्पष्ट शब्दों में कहा कि वह राज्य की शांति, तरक्की और खुशहाली के रखवाले हैं और ऐसीं धमकियां उनको इस नेक काम से नहीं रोक सकतीं। मान ने कहा पंजाब विरोधी साजिश करने वालों को विदेश से लाकर सजा दिलाने की कोशिश की जा रही है। आगामी लोकसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी सभी 13 सीट जीतेगी। यहां युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपने के लिए आयोजित समारोह से मौके पर पत्रकारों के साथ बातचीत करते हुये मुख्यमंत्री ने कहा कि यह धमकियां राज्य सरकार की तरफ से पंजाब विरोधी मंसूबों को नाकाम करने के लिए अपनाई गई नीति का कुदरती नतीजा हैं। उन्होंने कहा कि यह लोग राज्य की अमन शांति को भंग करने की कोशिश कर रहे हैं परन्तु हमारी सरकार इन विघनकारी ताकतों को अपने मंसूबों में कामयाब नहीं होने देगी। भगवंत सिंह मान ने कहा कि पंजाब सरहदी राज्य होने के नाते राज्य के अंदर और बाहर से ऐसीं चुनौतियों का सामना कर रहा है और वह बिना झुके ऐसीं धमकियों का बहादुरी से सामना करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे पंजाब विरोधी मंसूबों के मुख्य साजिशकर्ता विदेशों में पनाह ले चुके हैं परन्तु हम उनको वापस लाने और उनके गुनाहों की सजा देने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे खौफनाक अपराधियों को पनाह देने वाले देशों को भी विश्व शांति के बड़े हित में इन कट्टर अपराधियों को राज्य में वापस भेजना चाहिए।

भारतीय अर्थव्यवस्था 2024-25 में 7 फीसदी की दर से बढ़ेगी: शक्तिकांत दास

दावोस/नई दिल्ली

वैश्विक अर्थव्यवस्था में अस्थिरता के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था की गति तेज रहेगी। भारतीय अर्थव्यवस्था अगामी वित्त वर्ष 2024-25 में 7 फीसदी की दर से बढ़ सकती है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बुधवार को स्विट्जरलैंड के दावोस में विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक के दौरान यह बात कही। शक्तिकांत दास ने यहां उच्च वृद्धि, कम जोखिमः भारत की कहानी विषय पर आयोजित सीआईआई सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि वैश्विक आर्थिक मोर्चे पर मुद्रास्फीति में गिरावट हुई है, लेकिन वृद्धि दर कम बनी हुई है। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि बाजारों ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय जोखिम और जलवायु जोखिम बने हुए हैं। आरबीआई गवर्नर दास ने कहा कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 7.2 फीसदी रहने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था अगामी वित्त वर्ष 2024-25 में सात फीसदी की दर से बढ़ सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि महंगाई में नरमी जारी रहने की उम्मीद है।

मणिपुर पुलिस कमांडो और संदिग्ध कुकी आतंकवादियों के बीच गोलीबारी, बीएसएफ ने संभाला मोर्चा

इंफाल

हिंसाग्रस्त मणिपुर के तेंग्नोपॉल जिले के मोरेह शहर में मणिपुर पुलिस कमांडो और संदिग्ध कुकी आतंकवादियों के बीच बुधवार सुबह से ही रुक-रुक कर गोलीबारी जारी है। इस दौरान कई धमकों की भी आवाज सुनी गई। इसमें किसी के भी हताहत की खबर नहीं है। भारी संख्या में सुरक्षाबलों को तैनात कर दिया है और पूरे क्षेत्र को सुरक्षाबलों ने घेर लिया है। सूत्रों के मुताबिक बुधवार सुबह सबसे पहले करीब 3.30 बजे, तेंग्नोपॉल जिले के मोरेह शहर के चिकिम वेंग के वन क्षेत्र से 20 से 25 राउंड गोलियों की आवाज सुनी गई। यह गोलीबारी सुबह करीब 3.40 बजे रुकी। इसके बाद सुबह 6,00 बजे फिर से, मोरेह बाजार और अस्पताल क्षेत्र में संदिग्ध कुकी आतंकवादियों और मणिपुर पुलिस कमांडो के बीच गोलीबारी शुरू हुई।

लोकसभा चुनाव में विधायकों को टिकट दे सकती है कांग्रेस

जयपुर

लोकसभा चुनावों में टिकटों को लेकर राजस्थान कांग्रेस के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने बुधवार को बड़े संकेत दिए। विधायकों को टिकट देने के सवाल पर रंधावा ने कहा, अगर वो (बीजेपी वाले) सांसद को लाकर विधानसभा में हरवा सकते हैं तो कांग्रेस के पास जीते हुए विधायक हैं, जो जीत सकते हैं। हम उन विधायकों को क्यों नहीं उतार सकते। लोकसभा चुनावों में कांग्रेस भी बीजेपी की तर्ज पर बड़े और नए प्रयोगों के संकेत दे रही है।

इसमें कांग्रेस अपने विधायकों को लोकसभा चुनावों में उतारने पर विचार कर रही है। विधायकों को टिकट देने के सवाल पर रंधावा ने कहा, अगर बीजेपी वाले सांसद को लाकर विधानसभा में हरवा सकते हैं।

सीएम पटनायक ने पुरी जगन्नाथ मंदिर के हेरिटेज कॉरिडोर का किया उद्घाटन

पुरी

ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बुधवार को 800 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट हेरिटेज कॉरिडोर का उद्घाटन कर दिया। यह प्रोजेक्ट ऐतिहासिक पुरी जगन्नाथ मंदिर के चारों तरफ बनाया गया है। हेरिटेज कॉरिडोर को श्रीमंदिर परिक्रमा प्रकल्प नाम दिया गया है। पुरी के गजपति महाराजा दिव्यसिंह देव और लगभग 90 मंदिरों के प्रतिनिधियों एवं हजारों भक्तों की उपस्थिति में सीएम पटनायक ने श्री मंदिर परिक्रमा प्रकल्प का आधिकारिक तौर पर उद्घाटन किया।

मंदिर में मिलेंगी श्रद्धालुओं को ये नई सुविधाएं

इस दौरान सीएम नवीन पटनायक ने कहा कि भगवान जगन्नाथ के आशीर्वाद से यह परियोजना संभव हुई है। इस प्रोजेक्ट के तहत मंदिर के आसपास पार्किंग स्थल, श्रद्धालुओं के आने-जाने के लिए सड़क और पुल, श्रद्धालुओं के लिए सुविधा केंद्र, क्लॉकरूम, शौचालय और कई अन्य सुविधाओं का विकास किया गया है। उद्घाटन कार्यक्रम के अवसर पर तीर्थ नगरी पुरी को फूलों, रंग बिरंगी रोशनी और भित्तिचित्रों से सजाया गया है।

कई अन्य मंदिरों में भी सुविधा बढ़ाएगी ओडिशा सरकार

ओडिशा सरकार ने साल 2019 में पुरी जगन्नाथ मंदिर के हेरिटेज कॉरिडोर प्रोजेक्ट का एलान किया था। जिसके तहत सरकार ने मंदिर के चारों तरफ 75 मीटर के कॉरिडोर का निर्माण किया गया है।

ग्रीन बफर जोन, पैदल पथ, एक रिसेप्शन सेंटर, कल्चरल सेंटर, लाइब्रेरी, जगन्नाथ बल्लभ तीर्थ क्षेत्र का निर्माण किया गया है। साथ ही भुवनेश्वर के लिंगराज मंदिर, संबलपुर के समलेश्वरी मंदिर और बेरहमपुर के तारा तारिणी मंदिर में भी सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी

सड़क के किनारे खड़ी डंफर में चालक का संदिग्ध परिस्थितियों में मिला शव, हड़कंप

मृतक सूरज पटेल की मौत से पत्नी व परिजनों का रो-रो कर है बुरा हाल

अखंड भारत संदेश

मेजा। क्षेत्र के भसुंदर कला गांव के समीप सड़क किनारे खड़ी डंपर में उसी के चालक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। सूचना पर पहुंची इलाकाई पुलिस शव को कब्जे में लेकर लिखापढ़ी की कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फोरेंसिक मोबाइल वैन लैब भी घटनास्थल पर पहुंच कर जांच पड़ताल में जुटी हुई है। युवक की मौत से उसके परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार मेजा थाना क्षेत्र के भसुंदर कला गांव में रविवार से लापता सूरज पटेल (30) पुत्र स्व अवधेश पटेल का शव उसके घर के बगल खड़ी डंपर में पाया गया। शव दो-तीन दिन पुराना लग रहा था स्थानीय लोगों ने बताया कि सूरज यही डंपर चलाता था और पिछले कई दिनों से यह डंपर खराब है और यहीं खड़ी है। परिजनों की मानें तो सूरज पटेल तीन दिन से लापता था परिवार के लोग खोजबीन कर रहे थे लेकिन नहीं मिला। वहीं बुधवार को घर के लोग डंपर का गेट खोलकर देखे तो होश उड़ गए। दुर्गंध उठता शव पड़ा था। सूचना पुलिस को दी गई तो मेजा कोतवाली की फोर्स मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाया तब तक मोबाइल वैन फोरेंसिक लैब की टीम पहुंच छानबीन में जुट गई। जानकारी पर एसीपी मेजा रवि कुमार गुप्ता भी घटनास्थल पर पहुंचे और जानकारी जुटाई। थानाध्यक्ष राजेश उपाध्याय ने बताया कि प्रथम दृष्टया ठंड लगने से मौत की बात सामने आ रही है। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। छानबीन की जा रही है। सूचना पर मृतक की पत्नी भी मध्य प्रदेश अपने मायके से रोती-बिलखती आ गई। मृतक को एक बेटा व एक बेटी है। दोनों छोटे-छोटे हैं।पत्नी व परिवार के अन्य लोगों का रो रो बुरा हाल है।

भगवत कथा के श्रवण से भक्ति सहित मुक्ति का मार्ग होता है सुगम

सहसों। क्षेत्र के नीबी खुर्द गांव में सप्त दिवसीय संगीतमय चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिवस पर विद्वान आचार्य द्वारा शिव मंदिर में शिवलिंग व अन्य देवों की प्राण प्रतिष्ठा कराई गई। जिसमें भगवान शिव के विवाह की झांकी पूरे गांव में निकाल कर पुनः मंदिर में पहुंचकर स्थापित की गई। इस दौरान भक्त नर नारियों ने भगवान भोलेनाथ का दर्शन पूजन करते हुए आशीर्वाद प्राप्त करते पुण्य के भागी बने। तत्पश्चात व्यास पीठ से कथा व्यास आचार्य पंडित राम शंकर ओझा ने श्रीमद् भागवत कथा के महात्मा का बखान करते हुए कहा कि इसका श्रवण हर व्यक्ति के लिए भक्ति व मुक्ति का मार्ग सुगम होता है। सभी भक्तों को अवसर निकाल कर कथा का श्रवण अवश्य करना चाहिए जिससे यह जीवन कृतार्थ हो सके। कथा व्यास ने परीक्षित चरित्र तथा सुखदेव आगमन एवं ज्ञान वैराग्य चरित्र प्रसंग का सजीव वर्णन किया। मुख्य यजमान कुंभकांत शुक्ला, शोभामणी शुक्ला, राजमणी शुक्ला सहित आदि भक्तों ने आरती की। तत्पश्चात प्रसाद का वितरण हुआ। इस अवसर पर संजय शुक्ला, अधिवक्ता संदीप शुक्ला, अभिनव, अनुराग, अनुपम अवनीश, अभिषेक एवं मानष सहित श्रोताओं ने कथा का रसपान किया।

श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर क्षेत्र में निकाली गई राम शोभायात्रा

कलयुग में भी हमारे आराध्य सदियों से कर रहे थे वनवास - आचार्य संकर्षण

अखंड भारत संदेश

मेजा। रामजन्मभूमि अयोध्या में रामलला की मूर्ति अधिष्ठापित होने के उप्लक्ष में आचार्य संकर्षण शरण महराज के नेतृत्व में माण्डा खास से भारतगंज तक राम शोभा यात्रा निकाली गयी। इस अवसर पर आचार्य संकर्षण शरण महराज (गुरु जी) एवं वरिष्ठ भाजपा नेता ने यह बताया कि एक वनवास प्रभू श्रीराम चन्द्र ने त्रेतायुग में किया था और इस कलयुग में भी कई सौ वर्षों तक वनवास किया।अब हमारे प्रभु रामलला अपने गर्भगृह में निवास करेंगें इससे बढ़कर हम सनातनियों के लिए और कौन सी खुसी है होगी। इसी क्रम में राजेश तिवारी मंत्री ने भी श्रीराम लला के प्रति अपनी बात साझा किया। इस मौके पर भगवान दास कुशवाहा, विपिन पाण्डेय, सुब्बा लाल प्रजापति, शंकर केशरी, डॉ योगेश सिंह, रितिक पाण्डेय,विमल मिश्रा तथा राजपूत सिंह यादव सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मुख्य रूप से मौजूद रहे।

न्यूज झरोखा

घर-घर वितरित किया गया अक्षत और पत्रक, स्वयं सेवकों ने घर व मंदिरों पर दीप जलाकर पूजा की अपील की

उतरांव। प्रयागराज के सैदाबाद प्रखंड के चांदोपारा में रामभक्तों ने घर घर अक्षत वितरण अभियान चलाया। इसी क्रम में अक्षत की एक थैली बनी है। थैली के साथ निवेदन पत्रक भी दिया जा रहा है। जिसमें 22 जनवरी को अपने घरों पर दीपक और आसपास के मठ-मंदिरों में उत्सव, भजन, कीर्तन, हनुमान चालीसा, सुंदरकांड पाठ, आरती कर प्रसाद वितरण की अपील की जा रही है। इसी क्रम मेंग्राम सभा चांदोपारा में भी घर-घर अक्षत और पत्रक विवरित कर 22 जनवरी को कम से कम पांच दीप जलाकर दीपोत्सव मनाने का आह्वान किया। जगह-जगह पूजित अक्षत कलश शोभायात्रा व श्री राम दरबार झांकी यात्रा निकाली जा रही है। वरिष्ठ भाजपा नेता मुकेश दूबे ने बताया कि सभी रामभक्तों के सहयोग से अक्षत और पत्रक वितरण का कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम संयोजक तरुण द्विवेदी उपाध्यक्ष भाजयुमो, राजीव तिवारी खंड कार्यवाह आर एस एस सैदाबाद, कमलेश मौर्या मंडल अध्यक्ष भाजपा बलीपुर, अशोक केसरवानी जिला पंचायत सदस्य, सुनील पटेल मंडल अध्यक्ष भाजयुमो, गौतम मिश्र सह खंड कार्यवाह, पवन यादव सह खंड कार्यवाह, सत्यकाम पांडे, अम्मी बाबा, कृष्ण मुरारी द्विवेदी, शिवाकांत शुक्ला, आनंद द्विवेदी,निशाकान्त द्विवेदी, अनिल पटेल, आशीष शुक्ला रितेश दूबे, हर्ष दूबे, आदि रहे।

जय श्री राम से गुंजायमान हुआ भंडा गांव, वितरित हुआ अक्षत

जंघई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल एवं भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने जय श्रीराम का जयकारा करते हुए भंडा गांव में अयोध्या पूजित अक्षत, श्रीराम मंदिर का चित्र एवं निमंत्रण पत्रक वितरण करते हुए निमंत्रण के विषय में जानकारी दिया। अक्षत वितरण कार्यक्रम में उमेश प्रताप सिंह, सचिन मंडल अध्यक्ष, मनोज शुक्ल आरएसएस संघ प्रमुख, अशोक सिंह, गौरव राजपूत, अभय प्रताप, ओम प्रकाश सिंह, सहज प्रताप सिंह, काजू सिंह, उत्कर्ष सिंह, मॉन सिंह, छोटू सिंह, जितेंद्र सिंह, अभिषेक प्रजापति, श्रवण, शिवम सिंह, प्रिंस सिंह, रोहित सिंह,साहस सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

क्षेत्र के मंदिरों में भाजपाइयों ने चलाया स्वच्छता अभियान

सहसों। क्षेत्र के मंदिरों में बुधवार को भाजपा नेता राजधर द्विवेदी की अगुवाई में कार्यकताओं ने स्वच्छता अभियान चलाकर मंदिरों की साफ सफाई की। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अनिल सरोज ने बताया कि स्वच्छता अभियान लगातार क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में चलाया जाएगा ताकि 22 जनवरी को धूमधाम से भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव मनाया जा सके। सहसों सहित रामनाथ पट्टी स्थित टहलू का शिवाला शिव मंदिर तथा सेमरी स्थित हनुमान मंदिर पर भाजपा कार्यकताओं ने स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की। भाजपा कार्यकताओं ने ग्रामीण भक्तों से आगामी 22 जनवरी को धूमधाम से भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा पर दीप जलाकर उत्सव और पूजा पाठ कर मनाने का आवाहन किया। स्वच्छता अभियान में ग्राम प्रधान बलवीर यादव, विमल मिश्रा, मुकेश दुबे, संतोष सिंह, राजेश सरोज रमेश पटेल सूर्यमणि पांडे ,सर्वेश पटेल, सुनील पटेल आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

शोभा यात्रा में उमड़ा रामभक्तों का जन सैलाब

मांडा क्षेत्र में जय श्रीराम के नारे से गुंजायमान, राम लहर के आगे फीकी पड़ी शीतलहर

अखंड भारत संदेश

मांडा। गुरु गोबिंद सिंह जयंती के शुभ अवसर पर अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मांडा, भारतगंज में भव्य तरीके से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला कार्यवाह महेंद्र प्रजापति के नेतृत्व में शोभायात्रा निकाली गई । इस भव्य शोभायात्रा यात्रा में भाजपा कार्यकताओं समेत बच्चे,बूढ़े, जवान हाथों में ध्वज लिए जय श्रीराम के नारों से जय घोष किया। बुधवार को भीषण ठंड होने के बावजूद मांडा खास कालीं माँ चौराहा से शोभायात्रा निकाल कर नगर पंचायत भारतगंज में समापन किया। इस विशाल शोभायात्रा में श्रद्धालुओ ने बढ़- चढ़ कर भाग लिया और डीजे के धुन पर जमकर थिरके व क्षेत्र के तमाम श्रद्धालुओ पर जगह- जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा में शामिल मांडा,भारतगंज की दर्जनों मनमोहक झांकी देखकर लोगों ने काफी सराहा। जिसमे मॉडल रूपी अयोध्या मन्दिर की झांकी आकर्षण का केंद्र रहा। रथ पर सवार राम, लक्ष्मण सीता व हनुमान जी की विधि विधान से पूजा अर्चना करने के बाद राम भक्तों ने जमकर जय श्रीराम का नारा लगाया। शोभायात्रा में जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति, जिलाध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील प्रजापति, नगर पंचायत भारतगंज अध्यक्ष प्रतिनिधि आमिर भाई शकील टंकी, योगेश शुक्ला, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह उर्फ पप्पू , मंडल कोषाध्यक्ष राजेंद्र प्रजापति , रमेश कुमार प्रजापति, रविन्द्र कुमार शुक्ल, मांडवी शरण द्विवेदी, राम सुख, विक्रमादित्य सहित भाजपा के तमाम पदाधिकारी नेता व कार्यकताओं संग महिला, पुरुष दर्जनों डीजे के धुन पर थिरकते नजर आए ,इस बीच सुरक्षा के लिए शोभायात्रा में मांडा थाने के अलावा अन्य थानों की पुलिस तैनात रही।

अंधाधुंध हरे पेडों की कटाई से क्षेत्र में समाप्त होती जा रही है हरियाली

अखंड भारत संदेश

मऊआइमा। मऊआइमा क्षेत्र में हरे वृक्षों की अंधाधुंध कटाई से क्षेत्र से हरियाली समाप्त होती जा रही है। जिससे क्षेत्र मरुस्थल बनता जा रहा है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के उमरिया बादल,गेंदा, हरखपुर, कल्याणपुर, सलेमपुर आदि गांवों में इन दिनों वृक्ष माफियाओं द्वारा अंधाधुंध हरे वृक्षों की कटाई की जा रही है। बताया गया है कि आम,महुआ आदि फलदार हरे वृक्षों की कटाई से क्षेत्र से हरियाली समाप्त होती जा रही है।बताते हैं कि यदि यही हाल रहा तो क्षेत्र से हरियाली समाप्त हो जाएगी और इलाका मरू स्थल में तब्दील हो जाएगा।दिन रात ट्रेक्टरों से हरे कटे हुए वृक्षों की ढोलाई हो रही है।

क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल दिलचस्प मुकाबले में भडेवरा टीम रही विजेता

विजेता टीम को प्रधान संघ अध्यक्ष अवतार किशन सिंह ने पुरस्कृत किया

करछना। प्रयागराज के बघेडा. गांव स्थित बी एम जी डिग्री कॉलेज में 15 दिवसीय चल रहे बी एम जी विशाल क्रिकेट टूनामेंट का फाइनल दिलचस्प और रोमांचक मैच बुधवार को खेला गया। जिसमें सेमीफाइनल से पहुंची फाइनल मैच में जय बजरंगबली क्रिकेट क्लब भडेव़रा व विशाल क्रिकेट क्लब सुलमई के बीच में फाइनल मैच का मुकाबला हुआ।जिसमें दर्शकों की भीड़ रही। मैच में सुलमई की टीम ने टॉस जीत कर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया । वहीं पहले बल्लेबाजी करने उतरी भडेव़रा की टीम ने निर्धारित 10 ओवरों में 7 विकेट खोकर 106 रनों का लक्ष्य रखा। जवाब में सुलमई की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए निर्धारित 10 ओवरों में 9 विकेट खोकर 67 रन ही बना पाई। जिससे 39 रनों से भडेव़रा की टीम विजेता बनी । वही विजेता बनी टीम की ओर से डीजे के धुन पर राम भक्ति गीतों में झूम उठे। और जय श्री राम के नारों का उद्घोष भी किया गया। और सुलमई की टीम उप विजेता रही। जिसमें भडेव़रा की टीम के राम पाल मैंन ऑफ द मैच रहे। पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे करछना प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अवतार किशन सिंह दादू ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि खेल हार -जीत का मेल होता है। खेल में कोई हारता नहीं । बल्कि एक जीतता है तो दूसरा सीखता है। और उन्होंने कहा कि खेल में एक टीम विजेता बनती है । और दूसरी टीम उपविजेता । मुख्य अतिथि समेत समाजसेवी रणविजय सिंह की ओर से विजेता टीम भडेव़रा के कप्तान आर्यन केसरवानी को विजेता ट्राफी सहित 11 हजार रुपए नकद प्रदान कर सम्मानित करते हुए पुरस्कृत किया। वहीं उपविजेता की टीम सुलमई को भी ट्राफी समेत 51 सौ रुपए का नकद पुरस्कार के साथ सभी विजई खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर उन्हें पुरस्कृत व सम्मानित किया गया । टूनामेंट के आयोजक व संयोजक रहे खेल व्यवस्थापक रणविजय सिंह की ओर से सभी अतिथियों समेत खिलाड़ियों के प्रति आभार जताया गया। निर्णायक के रूप में अंकित सिंह बघेल व अंकुर सिंह रहे। कमेंटेटर के रूप में धीरेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह व अवधेश सिंह रहे। इस मौके पर निदौरी ग्राम प्रधान पंकज पांडेय , कॉलेज के व्यवस्थापक धर्मेंद्र सिंह ,राकेश कुमार पांडेय, सुरेंद्र सिंह, अवधेश सिंह ,धीरेंद्र सिंह, गोलू ओझा, अधिवक्ता सुशील ओझा , क्षितिश तिवारी, आर्यन केसरवानी , ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बघेडा.राजनाथ निषाद, सत्यम ओझा, पप्पू पाल ,गुलाब विश्वकर्मा पीयूष केसरवानी , विकास शर्मा , अनुभव शुक्ल, सुशील यादव , शिवम यादव आदि मौजूद रहे।

भूमि घोटाला : आवंटित,और गैर आवंटित सरकारी जमीनें हजारों बीघे अतिक्रमित

नदी, नाला, बंजर,नवीन परती, चक मार्ग, नाली, सार्वजनिक भूमि रास्ते, राजस्व अधिकारियों के रहमो करम से जोती बोई जा रहीं

शहजादे

कोरांव। सरकार के निर्देश पर हजारों एकड़ भूमि शत्रु संपत्तियां कोरांव तहसील में राजस्व विभाग ने चिन्हित कराकर अब कार्यवाही कर रही है। इसी क्रम में सरकार अब गांवों में भी सार्वजनिक जमीनें ग्राम सभा की खाली करा कर नजायेज कब्जों को खाली करा कर कृषि योग्य भूमि भूमिहीनों को आवंटित किए जाने तथा सरकारी कार्यों में विकास कार्य कराए जाने की मांग एक भूमि प्रबंधक समिति ने की है। बता दें कि तहसील कोरांव में कई ग्राम सभाओं में सार्वजनिक भूखंडों पर भू माफियाओं,अतिचारियों का गैर कानूनी कब्जा है। कई साल से फसलें उगा कर अवैध अतिक्रमण कर के कब्जा जमाए हुए हैं। दरअसल नदी नाला,आदि की जमीनें कुछ क्या बहुतायत क्षेत्र फल में कृषि योग्य हैं। जिसे अगल बगल के काश्तकार लोगों ने जबरन अवैध कब्जा कर रखा है गेहूं चावल सब्जी आदि की खेती करके मांला माल हो रहे हैं। वहीं गरीब भूमि हीन नदी नाले तालाब आदि के किनारे अपने आशियाने बना कर जीवन यापन कर रहे हैं। उन्हे सरकारी जमीनों पर जाने नहीं देते। और न ही पट्टे करते हैं। बल्कि चकबंदी वालो को सुविधा शुल्क दे दे कर नक्शे में क्षेत्रफल बढ़ा लिए हैं। और अपना हक जमाते हैं। किंतु उन्हे यह मालूम होना चाहिए कि खतौनी में जितनी भूमि होगी उतनी भूमि की ही वे मालिक हैं। इसी तरह जितनी जमीनें आवंटित हैं उन्हे भू माफिया नहीं खाली कर रहे न ही पट्टेदारों को कब्जा दे रहे इस दिशा में सरकार राजस्व प्रशासन को सख्त कार्यवाही कर कब्जा दखल दिलाने का अभियान चलाया जाना चाहिए। इस बाबत ग्राम प्रधान लीडर्स अल्हवा भूमि प्रबंधक समिति अध्यक्ष तहसील कोराव अहद अहमद सिद्दीकी ने राष्ट्र पति महोदया को पत्र लिख कर इस तरह अतिक्रमित सरकारी नदी नाले आदि जमीनों को कब्जा मुक्त कराकर उनकी नवइयतें बदल कर सार्वजनिक विकास कार्यों में प्रयोग किए जाने भूमि हीनों को पट्टे दे कर उन्हे समाज की मुख्य धारा से जोड़ने की मांग और इच्छा जताई है। जिस परिपेछ में राष्ट्रपति कार्यालय भारत सरकार नई दिल्ली ने ग्राम प्रधान अल्हवा को पत्र भेज कर अवगत कराया है कि इस संबंध में मुख्य मंत्री/प्रदेश सरकार/मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश को कार्यवाही हेतु भेजा गया है। यदि ऐसा होता है तो ग्राम्य विकास के लिए योजनाओं के क्रियान्वयन तथा बृकछारोपड आवंटन आदि के लिए बेहतर होगा। कोराव तहसील में हजारों बीघा जमीनें शत्रु संपत्तियां घोषित हुई हैं। इसी तरह उक्त भू खंडों को भी खाली कराए जाने चिन्हित कराए जाने का अभियान चलाया जाना चाहिए। इस कार्य हेतु ग्राम सभा अल्हवा भूमि प्रबंधक समिति तहसील कोराव ने शुरूआत कर दी है।

भाजपा नेता डॉ. संगम मिश्र की टीम द्वारा बांटे गए कम्बल व गर्म कपड़े मिली जनता की दुआएं

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। बारा विधानसभा के बेलवा, गिरगिटा, भभोंखर, कुल्हड़िया, एवं उमरी आदि ग्राम सभाओं में भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ संगम मिश्र टीम की अगुवाई कर रहे एस.के. तिवारी डायरेक्टर सेंट्रल एकेडमी प्रयागराज एवं शंकरदेव त्रिपाठी प्रांत संस्कृत प्रमुख काशी प्रान्त ने गर्म कपड़े कंबल,स्वेटर एवं टोपी निर्बल असहाय जरूरतमंद वृद्ध महिलाओं को बड़ी संख्या में वितरण किया। गिरगिटा व बेलवा गांव में प्रधान जी के द्वारा बुलाए गए गरीब निर्बल असहाय वृद्ध महिलाओं को बड़ी संख्या में कंबल स्वेटर एवं टोपी वितरित की गई। डॉ संगम मिश्र टीम लगातार यमुनापार क्षेत्र में गरीबों असहयों के लिए कंबल टोपी गर्म कपड़े वितरित कर रही है। राजा बाबू द्वारा द्वारा आयोजित दलित, पिछड़ा एवं ब्राह्मण महासम्मेलन में भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ संगम मिश्र टीम के द्वारा सभी लोगों को कंबल स्वेटर एवं टोपी का वितरण किया गया। डॉ संगम मिश्र टीम का नेतृत्व कर रहे एस.के. तिवारी ने कहा भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ संगम मिश्र के द्वारा यमुनापार की जनता के लिए विभिन्न सेवा कार्य किए जा रहे हैं। जमुना पार के लोगों के लिए स्वास्थ्य मेला आयोजित किया जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में लोगों को आंख के चश्मा एवं दवाइयों का वितरण किया जा रहा है।जाड़े की मौसम को देखते हुए बड़ी संख्या में गर्म कपड़े कंबल,स्वेटर एवं टोपी का वितरण लगातार किया जा रहा है। डॉ संगम मिश्र टीम टीम के वरिष्ठ सदस्य शंकरदेव त्रिपाठी ने कहा जरूरतमंदों की सेवा के लिए डॉ संगम मिश्र 24 घंटे उपलब्ध रहते हैं। आप सबको कभी भी किसी भी प्रकार की कठिनाई हो,आप उन्हें सूचित कर सकते हैं।वे स्वयं आकर उन कठिनाइयों में आपका भाई बनकर सहयोग करेंगें या अपने कार्यकताओं को आपका सहयोग करने के लिए भेजेंगे। उन्होंने कहा कि उनका एक ही लक्ष्य है,जमुना पार की जनता के दुख सुख में सदैव उनके साथ उपस्थित रहना एवं जिस भी प्रकार से हो सके उनकी मदद करना। शंकर देव त्रिपाठी ने उज्वला योजना, राशन कार्ड व आयुष्मान कार्ड आदि सरकार के द्वारा चलाई जाने वाली योजनाओं से जनता को हो रहे लाभ से लोगों को अवगत कराया। एस.के. तिवारी डायरेक्टर सेंटर एके-डमी प्रयागराज ने कहा इस क्षेत्र में लोगों को सड़क, पानी, नाली एवं आवारा पशुओं से हो रही कठिनाइयों की जानकारी डॉ संगम मिश्र जी को है।उक्त समस्याओं से संबंधित अधिकारियों से लोगों को हो रही कठिनाइयों की जानकारी दी है। सरकार द्वारा शीघ्र समस्याओं के समाधान के लिए शीघ्र कार्य किए जाएंगे। उपस्थित लोगों ने डॉ संगम मिश्र टीम को इतनी बड़ी संख्या में कंबल स्वेटर टोपी बांटने पर धन्यवाद दिया।दलित,पिछड़े एवं ब्राह्मण समाज के इस महासम्मेलन में जमुनापार क्षेत्र के कई वरिष्ठ लोग उपस्थित रहे।जिसमें मुख्य रूप से ननकू आदिवासी, पंचूराम दर्जी, राजा बाबू कुशवाहा, पुन्नी लाल आदिवासी, प्रहलाद पासी, रामचंद्र, बलिराम, नन्हे, राम अवतार, बिन्द, नींबू लाल विश्वकर्मा,राम हर्ष विश्वकर्मा, मुंगरी, बुधनी नन्हे पाल आदि सैकड़ो लोग उपस्थित कार्यक्रम में उपस्थिति रहे।

खबर संक्षेप

आज से 20 जनवरी तक बंद रहेंगे स्कूल

प्रयागराज। कड़ाके की ठंड और कोहरे व शीतलहर के चलते प्रयागराज में डीएम के आदेश पर बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने क्लास 1 से 8 तक समस्त बोर्ड के स्कूल 18 जनवरी से 20 जनवरी तक बंद करने के आदेश दिया है। पूरे उत्तर भारत में भीषण शीतलहर चल रही है। जनपद प्रयागराज में लगातार कंप कंपाने वाली ठण्ड और भीषण शीतलहर से आम जनजीवन अस्त-व्यस्त है। अधिकतम पारा 10 डिग्री, जबकि न्यूनतम पारा 6 डिग्री पहुंच गया है।भीषण गलन और शीतलहर से आम जनमानस त्राहिमाम बोल गया है। कड़ाके की ठंड के चलते लोग घरों में कैद होने को मजबूर हैं। इसको देखते हुए जिला प्रशासन ने कक्षा एक से लेकर के आठवीं तक के सभी बोर्ड के सभी विद्यालयों को 18 जनवरी से 20 जनवरी तक बंद करने का आदेश दिया है।उधर राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष कामतानाथ ने भी प्रयागराज के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से मांग की है कि भीषण ठंड के कारण विद्यालयों में शिक्षण कार्य आज तक स्थगित है। विद्यालय केवल शिक्षकों के लिए खोला गया है। विद्यालय खुलने का समय प्रातः 9 बजे के बजाय 10-30 बजे से किया जाय।

माघ मेला अधिकारी ने प्रमुख संतों एवं संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ की विशेष बैठक

बैठक में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दृष्टिगत संत महात्माओं ने 22 जनवरी को माघ मेला क्षेत्र में दिव्य एवं भव्य रामोत्सव मनाने पर सहमति जताई

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दृष्टिगत माघ मेला अधिकारी दयानंद प्रसाद की अध्यक्षता एवं अपर माघ मेला अधिकारी विवेक चतुर्वेदी की उपस्थिति में माघ मेले में आए सभी प्रमुख संतों एवं संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ विशेष बैठक संपन्न हुई जिसमें सभी संत महात्माओं ने 22 जनवरी को माघ मेला क्षेत्र में दिव्या एवं भव्य रामोत्सव मनाने पर सहमति जताई। सभी संतो ने उस दिन मेला क्षेत्र को रामधुनी से रमने की इच्छा जताते हुए जगह-जगह दीपोत्सव कार्यक्रम, अखंड रामायण पाठ एवं सुंदरकांड पाठ तथा शाम को एक भव्य गंगा आरती करने की बात कही। इस अवसर पर मेला प्रशासन भी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का प्रसारण करेगा तथा पूरे मेला क्षेत्र में एक विशेष सफाई अभियान चलाते हुए पूर्णताः स्वच्छता सुनिश्चित की जाएगी।बैठक में आए महात्माओं में से किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर कौशल्या नंद गिरी ने अपने यहां विशेष कार्यक्रम करने की बात कहते हुए अपने पूरे परिसर को दीपों से सजाने की बात की। वही खाक चौक के अध्यक्ष ने सबको साथ लेते हुए रामोत्सव मनाने तथा खाक चौक के अन्य संन्यासियों ने 22 को सुंदरकांड पाठ करने तथा कई स्थानों पर 21 से ही अखंड रामायण का पाठ शुरू करने की बात कही। खाक चौक के कुछ अन्य संन्यासियों ने 22 तारीख को दीपावली की तरह दीपोत्सव मनाते हुए खाक चौक के 341 कैपों में से हर कैंप के सामने 108 दीप जलाने की बात कही। आचार्य बाडा के महामंत्री ने 22 तारीख को राम लला की एक भव्य शोभा यात्रा निकालने का भी प्रस्ताव दिया। साथ ही माघ मेला क्षेत्र में रह रहे कल्पवासीयों एवं श्रद्धालुओं तथा नगर वासियों से इस कार्यक्रम की भव्यता बढाने के दृष्टिगत हर घर आरती, दीपोत्सव एवं दीपों की रंगोली बनाकर राम लला का स्वागत करने की भी अपील की। बैठक में पूरे उत्साह के साथ सभी संत जनों ने राम लला का स्वागत पूरी भव्यता के साथ करने की बात कही जिस पर मेला प्रशासन ने पूर्णताः सहयोग करने का आश्वासन दिया।

भीषण ठंड से जन जीवन हुआ अस्त व्यस्त

मांडा। घने कोहरे में ठंड की गति थमने का नाम नहीं ले रही। पिछले तीन दिन से शीतलहर ने आमजन मानस के जीवन को बेहाल कर दिया है। दूसरी तरफ घने कोहरे में लोगों का राह चलना मुश्किल हो गया। मांडा बाजार में हांड कपा देने वाली कड़ाके की ठंड में लोगों के दिनचर्या प्रभावित हो गई है। इसके बावजूद प्रशासन की ओर से आने जानें वाले लोगों के लिए ठंड से बचाव हेतु अलाव की व्यवस्था नहीं की गई है। जिससे राहगीरों को खासी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के भरारी द्वितीय भारतगंज, मांडा रोड, चिलबिला, गिरधरपुर, खवासतारा, सुरवादला पुर, दसवार, हाटा , दोहथा आदि स्थानों पर सरकारी व्यवस्था के तहत अलाव की व्यवस्था नजर नहीं आई।

जूनियर बालक हैंडबॉल प्रतियोगिता व अंतर विश्वविद्यालय हैंडबॉल प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीते नैनी के खिलाड़ी

महापौर ने खिलाड़ियों को दी बधाई

नैनी। नैनी 9 जनवरी से 13 तक आयोजित 46 वी जूनियर बालक हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन राजस्थान करौली में संपन्न हुआ जिसमें जिला हैंडबॉल संघ प्रयागराज नैनी की अनुभव सिंह ने प्रतिभा कर शानदार प्रदर्शन करते हुए उत्तर प्रदेश टीम की ओर से टीम जम्मू कश्मीर, मुंबई अकैडमी, दिल्ली, मध्य प्रदेश को बेहतरीन मुकाबले में परास्त करते हुए कांस्य पदक पर अपना कब्जा किया अनुभव ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए उत्तर प्रदेश टीम को यह गौरव हासिल कराया वही दिनांक 9 जनवरी से 13 जनवरी 2024 तक डॉक्टर हरिशंकर गौड़ विश्वविद्यालय सागर मध्य प्रदेश में बेस्ट जोन अंतर विश्वविद्यालय हैंडबॉल प्रतियोगिता पुरुष का आयोजन किया था जिसमें जिला हैंडबॉल संघ प्रयागराज के खिलाड़ी अक्षत यादव ने रानी लक्ष्मीबाई शारीरिक शिक्षा विश्वविद्यालय ग्वालियर मध्य प्रदेश की ओर से प्रतिभागी कर टीम यूनिवर्सिटी ऑफ कोटा, एसजीबी यूनिवर्सिटी अमरावती, जेजेटी यूनिवर्सिटी राजस्थान, जेएनवी यूनिवर्सिटी जोधपुर राजस्थान, गुजरात विश्वविद्यालय, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय बीकानेर राजस्थान को शानदार मुकाबला में परास्त कर कांस्य से पदक प्राप्त किया प्रयागराज खिलाड़ियों बेहतरीन प्रदर्शन पर नगर निगम महापौर उमेश चंद गणेश केसरवानी उत्तर प्रदेश हैंडबॉल संघ के महासचिव आनंदेश्वर पांडे व जिला हैंडबॉल संघ के सचिव कौशल कुमार दीक्षित क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी विमला सिंह व उपक्रीडाधिकारी देवी प्रसाद क्षेत्रीय खेल कार्यालय मदन मोहन मालवीय स्टेडियम प्रयागराज व प्रयागराज हैंडबॉल संघ के पदाधिकारी बी एन दीक्षित अध्यक्ष दिनेश कुमार मिश्रा मंडल प्रशिक्षक गोविंद कुमार निषाद के के चौबे अनिल मिश्रा सचिन अंतर्राष्ट्रीय हैंडबॉल खिलाड़ी अनुपम सिंह राम बहादुर सिंह सृष्टि अगरवाल तेजस्विनी सिंह नेहा पांडे अतुल सिंह अनुभव के पिता मनोज कुमार सिंह व अक्षत यादव के पिता विशंभर सिंह समेत परिवार के सदस्य ने ढेर सारी हार्दिक बधाई दी।

प्रयागराज जंक्शन पर आरपीएफ ने कालका मेल से संदिग्ध दशा में पाँच बच्चों दो महिलाओं को उतारा, थाने को सौपा

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा प्रयागराज जंक्शन पर ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत बच्चे को सुपुर्द करने के संबंध में। उत्तर मध्य रेलवे का प्रयागराज मण्डल रेलवे सुरक्षा बल ने वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त प्रयागराज द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि गाडी सं0 12311 कालका एक्सप्रेस के साधारण कोच मे एक बच्चा जिसका नाम आर्यन कुमार उर्फ कारू को दो स्थानीय महिलाओं द्वारा अपहरण कर ले जाया जा रहा था। सूचना पर शिव कुमार सिह,पोस्ट कमाण्डर/रेलवे सुरक्षा बल प्रयागराज के नेतृत्व में गाडी सं0 12311 कालका एक्स के प्रयागराज जंक्शन के प्लेटफार्म सं 01 पर आने पर रेलवे सुरक्षा बल एवं राजकीय रेलवे पुलिस के सहयोंग से गाडी के सभी कोचां की सघन चेकिंग की गईचेकिग के दौरान इंजन के पास लगे जनरल कोच में दो संदिग्ध महिलायें 05 बच्चों के साथ मिली । उनसे पूछ-ताछ करने पर संदेहजनक स्थिति में महिला कांस्टेबल के सहयोग से उन्हें उतरवा कर पोस्ट पर महिला कांस्टेबल की निगरानी में रखा गया । पूछे जाने पर उन्होंने अपना नाम.पूजा देवी जिला कोडरमा झारखण्ड बताया एवं बरामद किये गये बच्चों का नाम प्रिंस कुमार उम्र 10 वर्ष, राजकुमार उम्र 09 वर्ष,रिशू कुमार उम्र 08 वर्ष, पायल कुमारी उम्र 07 वर्ष, आर्यन कुमार पुत्र गोपी यादव उम्र 05 वर्ष मोहल्ला तिलैया देवी मण्डप रोड जिला कोडरमा झारखण्ड बताया। आज दिनांक 17.01.2024 को पुलिस थाना कोडरमा के मुकेश कुमार उप निरीक्षक हमराह स्टाफ के आने पर उन्हे दोनो महिलाओं एव सभी बच्चो को सुपूर्द किया गया है।

नगर पंचायत में जल रही अलाव की लकड़ियां हर जगह नहीं पहुंचती

मऊआइमा। इस शीतलहरी ,हाड कंपा देने वाली ठंड से पशु पक्षी इंसान सबका बुरा हाल है। आरोप है कि नगर पंचायत द्वारा अलाव की व्यवस्था की गयी लकड़ियों को दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों द्वारा वितरण न करके चोरी कर रहे हैं। मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र में इस हाड कंपा देने वाली ठंड में अलाव की व्यवस्था की गयी है। आरोप है कि दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों द्वारा अधिकांश लकड़ियों को अलाव पर न गिरा कर चोरी कर लिया जा रहा है।ऐसे स्थानों पर दिया जा रहा जो उनके बहुत खास है।इस दोहरे चरित्र को लेकर लोगों में काफी आक्रोश व्याप्त है।

सरकार पूंजीवाद को बढ़ावा देकर किसान मजदूर आदिवासी की आवाज को दबाना चाहती है : चौधरी राकेश टिकैत

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। भारतीय किसान यूनियन के द्वारा उत्तर प्रदेश के जनपद प्रयागराज के परेड ग्राउंड में आयोजित चार दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन किसान महाकुंभ के आज तीसरे दिन हरियाणा, मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़, झारखंड, उत्तराखंड और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जनपदों से आए किसानों ने हिस्सा लिया। आज भारतीय किसान यूनियन के द्वारा आयोजित अधिवेशन में तीन सत्रों में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सहित सभी प्रदेशों की बैठक हुई जिसमें अन्य प्रदेशों से आए किसानों ने अपने-अपने राज्यों में चल रही किसान समस्याओं को लेकर विस्तार से विचार विमर्श किया, छत्तीसगढ़ से आए किसानों ने भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत जी से मुलाकात की और हसदेव में चल रहे आंदोलन को लेकर विचार विमर्श किया, राष्ट्रीय प्रवक्ता जी ने कहा कि छत्तीसगढ़ के हसदेव में हो रही वनों की कटाई से आम जनजीवन सहित वन्य जीवन और सिंचित भूमि को भारी नुकसान पहुंच रहा है यहां पर जंगली जानवर बस्तियों में पहुंचने लगे हैं और उन्हें उजाड़ने का काम कर रहे हैं मानव जीवन को भारी खतरा है पशु पक्षी वनों की कटाई से पलायन को मजबूर है सरकार पूंजीवाद को बढ़ावा देकर किसान ,मजदूर,आदिवासी की आवाज को दबाना चाहती है हम छत्तीसगढ़ के किसान ,आदिवासियों के साथ हैं और हसदेव की इस लड़ाई में उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे अगर कोई बड़े आंदोलन की जरूरत पड़ी तो वह भी देश भर में किया जाएगा। कल राष्ट्रीय अधिवेशन का चौथा दिन है जिसमें एक महापंचायत का आयोजन किया जाएगा और राष्ट्रीय अधिवेशन में लिए गए निर्णयों की घोषणा की जाएगी।

ट्रक चालक से गाली गलौज पहनाई जूते की माला

अखंड भारत संदेश

हिट एंड रन कानून का विरोध

झूंसी। हिट एंड रन पर आए नए कानून को लेकर बुधवार को झूंसी इंडेन गैस बॉटलिंग प्लांट के पास कुछ ट्रक चालको ने जम कर हंगामा किया। काम कर रहे ट्रक चालकों को गाड़ी खड़ी करने का दबाव बनाने लगे, नहीं मानने पर एक चालक को जूते की माला पहनाई गई। सूचना पर प्लांट के कर्मचारी व स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। मौके से दो लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है। सड़क सुरक्षा कानून में सजा के प्रावधान को लेकर झूंसी में आधा दर्जन ट्रक चालक बुधवार को भी हंगामा करने लगे। 3 बजे के करीब झूंसी त्रिवेणीपुरम इंडेन गैस बॉटलिंग प्लांट से कुकिंग गैस लेकर जाने वाले ट्रकों को रोकने लगे। हंगामा कर रहे ट्रक चालक काम कर रहे सभी को चालक को गाड़िया खड़ी करने का दबाव बनाने लगे। गाड़िया खड़ी करने से मना करने पर हंगामा कर रहे ट्रक चालक गाली गलौज पर आमादा हो गए। एक ट्रक चालक के साथ अभद्रता करते हुए उसे जूते की माला पहनाई गई। हंगामा की जानकारी मिलते ही इंडियन बॉटलिंग प्लांट के अधिकारी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो हंगामा करने वाले कुछ चालक भाग गए। पुलिस दो लोगों को गिरफ्तार कर थाने ले गई। इसके बाद सिलेंडर आपूर्ति सुचारू हो सकी। बतादे की झूंसी इंडेन गैस प्लांट से प्रयागराज, कौशांबी, प्रतापगढ़, जौनपुर समेत 11 जिलों में कुकिंग गैस की सप्लाई होती है प्रतिदिन करीब 100 गाड़ियां गैस सिलेंडर लेकर निकलती है।

ट्रेन में लोको पायलट ने ली झपकी तो डिवाइस बोलेगी... जागते रहिए

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। चलती ट्रेन में अगर लोको पायलट ने झपकी ली तो इंजन में लगी एक विशेष डिवाइस उसे अलर्ट कर देगी। डिवाइस बोलेगी ड्राइवर जागते रहिए। इतना ही नहीं लोको पायलट अगर इंजन के केबिन में कहीं मोबाइल पर ज्यादा देर बात करता पाया गया तब भी डिवाइस अलर्ट मैसेज देते हुए कहेगी कि ड्राइवर फोन रखिए। रेलवे द्वारा आने वाले दिनों में यह डिवाइस देश के सभी प्रमुख रूट की ट्रेनों के इंजनों में लगाने की तैयारी है। डिवाइस का परीक्षण भी हो गया है। इसके परिणाम भी सकारात्मक आए हैं। डिवाइस पूरी तरह से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर आधारित है। कवच के साथ ही रेलवे संरक्षा को लेकर तमाम इंतजाम कर रहा है। भारतीय रेल के मिशन रफ्तार प्रोजेक्ट के तहत ही पिछले वर्ष ही रेलवे बोर्ड ने पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे को एक खास डिवाइस बनाने का निर्देश दिया था। संबंधित जोनल रेलवे द्वारा एआई का प्रयोग करते हुए रेलवे चालक सहायता प्रणाली (आरडीएएस नाम की डिवाइस तैयार की। तमाम जोनल रेलवे द्वारा इसका परीक्षण भी किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि लोको में लगी यह डिवाइस न केवल लोको पॉयलट को सतर्क करेगी, बल्कि एक निश्चित अवधि के लिए चालक के सतर्कता खोने की स्थिति में आपातकालीन ब्रेक भी लगा देगी। इसकी तमाम खूबियां भी है। अगर ड्राइवर सिगरेट पी रहा है तो भी डिवाइस उसे टोकेगी।

सोशल मीडिया में शेयर हुआ डिवाइस का वीडियो

डिवाइस की खूबियों को लेकर सोशल मीडिया में 1.19 मिनट का एक वीडियो भी जारी हुआ है। रेलकर्मी भी इस वीडियो को खूब शेयर कर रहे हैं। उस वीडियो में डिवाइस की खूबियों से रेलकर्मियों को वाकिफ कराया गया है। इसमें केबिन में ही एक स्क्रीन लगी है। उसमें सीसीटीवी के माध्यम से ट्रेन चला रहा लोको पॉयलट भी दिख रहा है। इसमें अगर लोको पॉयलट अगर कुछ देर दाएं या बाएं देखता है तो एआई की मदद से डिवाइस में उपलब्ध प्रोग्राम के माध्यम से आवाज आएगी कि ड्राइवर सामने देखिएं। बताया जा रहा है कि तमाम जोनल रेलवे में इसी वर्ष प्रयोग के तौर पर आरडीएएस को लगाया जाएगा। इस डिवाइस में तमाम खूबियां हैं। रेलवे बोर्ड के निर्देश पर आने वाले दिनों में उत्तर मध्य रेलवे द्वारा संचालित ट्रेनों में भी आरडीएएस डिवाइस लगाई जाएगी। **-हिमांशु शेखर उपाध्यक्ष, सीपीआरओ, उत्तर मध्य रेलवे।**

एनडीआरएफ ने माघ मेला पुलिस लाइन में दिया आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण

प्रयागराज। आपदा जोखिम और न्यूनिकरण हेतु मनोज कुमार शर्मा उप महानिरीक्षक के दिशा निर्देशन में बुधवार को 11 एनडीआरफ वाराणसी की अरैल घाट पर तैनात अनुभवी एवं प्रशिक्षित टीम द्वारा क्षमता निर्माण कार्यक्रम को माघ मेला प्रयागराज पुलिस लाइन में पुलिस के कमीकौ,पी ए सी, जल पुलिस ,यातायात पुलिस को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया । टीम ने भूकंप से बचाव एवं बाढ़ से बचाव के तरीके एवं बाढ़ की स्थिति में क्या करें और क्या ना करें, सीपीआर ,गले में फसी बाहरी वस्तु के निकालने के तरीके, शारीरिक चोटो एवं सांप काटने का अस्पताल पूर्व उपचार, तात्कालिक स्ट्रेचर बनाना, लिफ्टिंग और मूविंग के तरीके ,जल संरक्षण तकनीक ,अग्निशामक यंत्र का उपयोग, गर्जना, बिजली चमकना, दामिनी और सचेत ऐप के इंस्टॉलेशन और उपयोग आदि विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर श्रद्धा नरेंद्र पांडे आईपीएस (नोडल ऑफिसर माघ मेला प्रयागराज) एवं अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित थे सभी ने एनडीआरएफ के प्रशिक्षण कार्यक्रम को बहुत प्रसंसनीय और शिक्षाप्रद बताया इस कार्यक्रम में पुलिस लाइन के कार्मिक, पी ए सी,जल पुलिस आदि ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और इससे लाभान्वित और आपदा में राहत बचाव के तकनीक को बारीकी से जाना।

मां शीतला कृपा महोत्सव के नेतृत्व में प्रधानों का हुआ सम्मान समारोह

गांवों को विकसित बनाने में प्रधानों की भूमिका अहम : राजू भैया

अखंड भारत संदेश

मेजा। मॉ शीतला कृपा महोत्सव के तत्वावधान में मंगलवार को विधान सभा मेजा के उरुवा एवं मेजा ब्लाक के ग्राम प्रधानों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अखिल भारतीय प्रधान संघ के मंडल अध्यक्ष एवं ग्राम प्रधान सोरांव राजेश द्विवेदी रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ ग्राम प्रधान छतवा कंचन मिश्र व संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्येंद्र त्रिपाठी रहे। विशेष अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष सुरेश चंद तिवारी,अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मो० काजी मुअज्जम पप्पू रहे। कार्यक्रम का संचालन मांडवी शरण द्विवेदी व प्रधान गड़ेवरा अनिल कुमार शुक्ल ने किया कार्यक्रम के आयोजक इंद्रदेव शुक्ल उर्फ राजू भैया ने सभी अतिथियों सहित ग्राम प्रधानों का माल्यार्पण कर नए साल की डायरी भेंट करते हुए अंगवस्त्र से सम्मानित किया। इसी क्रम में पूर्व मेजा ब्लॉक प्रमुख प्रेमशंक शुक्ल उर्फ मुन्नन शुक्ल,वरिष्ठ समाजसेवी इंजीनियर नित्यानंद उपाध्याय,अभिषेक तिवारी, शिक्षक नेता मनीष तिवारी ने भी उनके इस प्रशंसनीय कार्य के लिए बधाई देते मौजूद लोगों से आगामी फरवरी माह में होने वाले मां शीतला कृपा महोत्सव से जुड़ने की अपील किया। मुख्य अतिथि अखिल भारतीय प्रधान संघ के मंडल अध्यक्ष राजेश द्विवेदी ने कहा कि प्रधानों की उपस्थिति संगठन की मजबूती दशार्ती है। इसी क्रम में सम्मान समारोह के आयोजक राजू भैया ने सभी अतिथियों सहित ग्राम प्रधानों की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया और कहा कि 2047 तक विकसित भारत संकल्प में गांव की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। समाज की दिशा तय करने में प्रधान वीर योद्धा है। गांवो को विकसित बनाने के लिए प्रधान महत्वपूर्ण है। भारत तब विकसित होगा जब हमारे गांव विकसित होंगे। प्रधानों का कार्य उत्तम है आप सभी एक जुट होकर आगामी लोकसभा के चुनाव में मोदी जी के हाथो को मजबूत करें । उन्होंने बताया की हमारे आवास सोना भवन कुअँर पट्टी में 17 फरवरी से पांच दिवसीय मां शीतला कृपा महोत्सव शुरू हो रहा है जिसमें धीरेंद्र शास्त्री बाबा बागेश्वर धाम का आगमन होगा,इस अवसर पर 21 कन्याओं का विवाह समारोह आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महोत्सव से आप लोग जुड़कर सहयोग करें और मां शीतला और बागेश्वर धाम का आशीर्वाद प्राप्त करें। श्री शुक्ल ने कहा कि इसी तरह आप लोगों का सहयोग और आशीर्वाद हमे बराबर मिलता रहे ।इस दौरान मुख्य रूप से सिद्धान्त तिवारी,मिथिलेश कुमार पाण्डेय, शरनजीत भुर्टिया, गोरेलाल, राममनोरथ, सिद्धार्थ सिंह, फते बहादुर निषाद सैकडों की संख्या में ग्राम प्रधान मौजूद रहे। आयोजन के प्रमुख सहयोगी अधिवक्ता/ पत्रकार लल्ला सिंह, शिवम दुबे, हिमांशु, ओपी शुक्ल रहे।

पथरीले इलाके में कई गांव के किसानों को शीघ्र मिलेगा नहर का पानी : डॉ. पांडेय

करछना। जमुनापार के शंकरगढ़ क्षेत्र में बाघला नहर प्रखण्ड से जुड़ी नहरों से कई गांव के किसानों को पानी जरूर मिलता था लेकिन अभी भी कई पथरीले इलाके के किसान नहर की सिंचाई से वंचित थे। क्षेत्र के कपारी, जोरवट, मलापुर, शिवराज पुर, बरगडी, कटरा, छिपीया, गढ़वा, गाढा, आमगोदर, टकटई, लेदर मौहरिया, लखनपुर सहित कई गांव अभी भी नहर की सिंचाई से वंचित थे। ऐसे गांवों को करिया माइनर से जोड़कर नहर बनाने और पानी पहुंचाने को लेकर बीते वर्ष से ही जागृति मिशन ने सक्षम अधिकारियों और राजनेताओं समेत प्रदेश के मुख्यमंत्री से मिलकर गुहार लगाई।मिशन का प्रयास रंग लाया और अब इसे लेकर पीआरडी बनाने के साथ-साथ सर्वे का कार्य भी शुरू हो चुका है। यह बातें रामपुर में हुई जागृति मिशन की बैठक के दौरान मिशन के संयोजक डॉ. भागवत पांडेय ने कही। उन्होंने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि अब जल्द ही सिंचाई सुविधा से बंचित पथरीले इलाके के कई गांवों में सुखे की स्थिति महसूस करने वाले किसानों के खेतों में हरियाली आयेगी। मीडिया प्रभारी दिनेश तिवारी ने कहा कि मिशन की टीम ने लगातार इसके लिए आवाज उठाई और वह दिन दूर नहीं जबकि सारी प्रक्रिया पूरी होने के बाद सिंचाई से वंचित की गांवों तक नहर का विस्तार कर सिंचाई की सुविधा से जोड़ा जाएगा। मिशन के लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए इसके लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह को बधाई देते हुए आभार प्रकट किया। इस मौके पर कई स्थानीय समाजसेवी,शिक्षाविद एवं मिशन के लोग मौजूद रहे।

अलाव बना शीतलहर का सहारा

सहसों। बुधवार को सुबह से ही भयंकर शीतलहर में ठिठुरन से जनजीवन अस्त व्यस्त रहा। लोग जगह-जगह अलाव जलाकर उसी के सहारे बैठे रहे। वहीं पर दुकानदार भी दोपहर तक अपनी दुकान को खोला परंतु लोगों के बाजार न आने से ग्राहकों का टोटा रहा। जिस पर दुकानदार विमल गुप्ता, राजू यादव, शिवधारीपाल, सोहनलाल केसरवानी आदि लोगों ने बताया कि भीषण ठंड के चलते लोग घरों में ही कैद रहने को मजबूर हैं। जिसके चलते हम लोग भी अपनी दुकान देर से खोल रहे हैं। वर्तमान समय में ठंड के चलते हर प्रकार के व्यवसाय प्रभावित है। वहीं पर राहगीर भी जगह-जगह आग देखकर अपनी वाहनों को रोककर अलाव का सहारा लेकर गंतव्य को जा रहे हैं। जहां एक और ठंड से जनजीवन बेहाल है।

सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल यूपी बोर्ड सन 2020 अनुक्रमांक 1721380 व इंटर मीडिएट वर्ष 2022 अनुक्रमांक 2226217715 का अंक पत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में कहीं खो गया है।

आशा पटेल पुत्री अर्जुन लाल पटेल निवासिनी चिल्ली करमा इलाहाबाद।

नगर की कई बस्तियों में निकाली गई प्रभात फेरी

श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा संपर्क अभियान समिति ने किया आयोजन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा संपर्क अभियान समिति के संयोजकत्व में प्रतापगढ़ नगर की कई बस्तियों में प्रभात फेरी निकाली गई। श्री राम बस्ती, दयानंद बस्ती ,शिव बस्ती ,दुर्गा बस्ती ,मां काली बस्ती, केशव बस्ती ,अर्जुन बस्ती, हनुमत बस्ती ,वीर सावरकर बस्ती आदि नगर के अनेक मोहल्ले में प्रातः काल राम भक्त ढोल, मंजीरा, श्री राम जय राम जय जय राम नामक विजय मंत्र का उच्चारण करते हुए जय श्री राम के उद्घोष के साथ भाव जागरण करते हुए प्रभात फेरी निकाली गई।

इसी प्रकार संघ दृष्टि से प्रतापगढ़ जिले के सभी खंडों में प्रातः काल

बस्तियों में प्रभात फेरी निकाले प्राण प्रतिष्ठा संपर्क अभियान समिति के पदाधिकारी।

अनेक गांवों में राम भक्त निकलकर प्रभात फेरी के रूप में राममय वातावरण में इस आशय का भाव जागृत किया कि 22 जनवरी 2024 को सभी राम भक्त अपने-अपने निकट के मंदिरों में दिन में भजन, कीर्तन, हनुमान चालीसा का पाठ, विजय मंत्र का पाठ, सुंदरकांड का पाठ आदि आध्यात्मिक कार्यक्रमों को संपन्न करेंगे। इसी क्रम में आज नगर पंचायत गड़वारा में रथ के साथ शोभा यात्रा मेंश्रीराम लक्ष्मण सीता के साथ देदीप्यमान रहे। शोभा यात्रा में अनेक राम भक्त हजारों की संख्या में उपस्थित रहे। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रतापगढ़ विभाग के विभाग संघ चालक रमेश चंद्र त्रिपाठी ने कहा कि आज पूरे देश में ऐसा वातावरण व्याप्त है कि चारों तरफ भगवान राम के आदर्शों की चर्चा है। आज पूरी दुनिया का हर देश रामायण को जानने के लिए एवं मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के आदर्श चरित्र को शिरोधार्य करने के लिए अग्रसर हो रहे हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक चिंतामणि, जिला प्रचारक शिव प्रसाद ,जिला कार्यवाह हेमंत कुमार, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रतापगढ़ विभाग के विभाग प्रचार प्रमुख एवं श्री राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा संपर्क अभियान समिति प्रतापगढ़ के जिला सहसंयोजक प्रभा शंकर पांडेय, अभियान के जिला सहसंयोजक शिव शंकर सिंह, सहसंयोजक महेश गुप्ता, अभियान के प्रचार प्रमुख शिवेश शुक्ला, विवेक कुमार, जिला प्रचार प्रमुख अंकुर श्रीवास्तव, राज नारायण, नगर प्रचारक आलोक, अभय सिंह, दक्ष चैहान, सीतांशु ओझा, अजय कुमार पांडे, प्रभात, रामकेवल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य शेषमणि, हीरेंद्र, विजय बहादुर, केडी सिंह, विजय सिंह, शिव कुमार सोनी ,अनामिका उपाध्याय, सारिका श्रीवास्तव, छाया सुधांशु रंजन आदि अनेक राम भक्त उपस्थित रहे।

अभूतपूर्व योगदान के लिये डा0 शाहिदा को रक्षा मंत्री ने किया सम्मानित

स्ववित्तपोषित विद्यालय प्रबंधक एसोसिएशन का हुआ वार्षिक अधिवेशन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। स्ववित्त पोषित विद्यालय प्रबन्धक एसोसिएशन का आठवां वार्षिक अधिवेशन अटल वाजपेई कनवेन्शन सेंटर, के. जी. एम. यू. परिसर चैक लखनऊ में आयोजित हुआ जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में जनपद प्रतापगढ़ में अपने अभूतपूर्व योगदान के लिए डॉ शाहिदा प्रबन्धक न्यू. एन्जिल्स. सी. से. स्कूल को मुख्य अतिथि रक्षामंत्री भारत सरकार राजनाथ सिंह द्वारा मोमेन्टो, प्रशस्ति-पत्र एवं अंगवस्त्रम आदि से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक, सुषमा खरकवाल, महापौर लखनऊ, संगठन अध्यक्ष अनुराग द्विवेदी एवं

डा0 शाहिदा को सम्मानित करते रक्षा मंत्री राजनाथ व प्रदेश के उप मुख्यमंत्री।

संगठन के सभी सदस्यों की गरिमामई उपस्थिति बनी रही। संगठन के अधिवेशन के सफल आयोजन के लिए जनपद प्रतापगढ़ का भी सशक्त प्रतिनिधित्व अरविन्द श्रीवास्तव, प्रभात शर्मा, इमरान खान, सुरेन्द्र चावला, धर्मवीर सिंह, अनुराग उपाध्याय, मिथिलेश पाण्डेय, बाबर सैफुद्दीन आदि का रहा। हम सब संगठन के अध्यक्ष अनुराग द्विवेदी, अनिल अग्रवाल के आभारी हैं और हमें विश्वास है कि उनकी नेतृत्व क्षमता व कार्यशैली निश्चित ही संगठन को सफलता दिलाएंगी।

शिक्षक जयराम की चयनित दो अवधी कहानियों की हुई आडियो रेकॉर्डिंग

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। राज्य हिंदी संस्थान वाराणसी द्वारा पट्टी के कवि और साहित्यकार जयराम पांडे की दो चयनित अवधी कहानियों का वाराणसी में आडियो रिकॉर्डिंग संपन्न हुई है। अवधी भाषा को और भी समृद्ध बनाने के लिए इस ऑडियो रिकॉर्डिंग को स्कूल में बच्चों को सुनाया जाएगा। पट्टी नगर के रहने वाले कवि और साहित्यकार जयराम पांडेय राही जी बेसिक शिक्षा विभाग में उच्च प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक हैं। कवि सम्मेलन और साहित्य के क्षेत्र में हमेशा सक्रिय रहने वाले जयराम पांडेय, की पुस्तक किसान देवता, बेल्हा के पावन धाम तथा स्वर कुंज काव्य संग्रह का प्रकाशन व विमोचन पहले ही हो चुका है। सन 2023 में उनके द्वारा लिखी दो अवधी कहानी नेकीचंद जल संरक्षण पर तथा बिटिया बालिका शिक्षा तथा नारी सशक्तिकरण को दिशा देती है। सामाजिक सरोकारों से जुड़ी दोनों कहानियां को राज्य हिंदी संस्थान वाराणसी द्वारा चयनित किया गया था। अब दोनों कहानियों का ऑडियो रिकॉर्डिंग इस समय चल रही है। बुधवार को दोनों अवधी कहानियों की ऑडियो रिकॉर्डिंग संपन्न हुई, इसके बाद ऑडियो को विभिन्न स्कूलों में बच्चों के दिशा के लिए उन्हें शिक्षित किया जाएगा। उनके कहानियों की ऑडियो रिकॉर्डिंग संपन्न होने पर पट्टी तहसील क्षेत्र के कई लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दिया है। वहीं साहित्यकार डाक्टर रामबोध पांडेय ,शिक्षक सर्वेश मिश्रा प्राथमिक शिक्षा संघ के अध्यक्ष डॉ पन्ना लाल यादव, डॉक्टर मिथिलेश त्रिपाठी, पप्पू गुप्ता, मानिकचंद शुक्ला, हमदम प्रतापगढ़ी सहित कई लोगों ने उनकी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त किया है जिससे लोगों में हर्ष व्याप्त है।कवि और साहित्यकार मनोज यादव ने कहा कि उनकी यह उपलब्धि न सिर्फ पट्टी क्षेत्र बल्कि अवधी भाषा और जनपद के लिए गौरव का विषय है।

आगजनी में कीमती सामान जलकर राख

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। शार्ट सर्किट से जनरल स्टोर में आगजनी से कीमती सामान जलकर राख हो गया। लालगंज कोतवाली के रानीगंज कैथौला बाजार में महमूद आलम ने महिला प्रसाधन का जनरल स्टोर खोल रखा है। मंगलवार की रात अचानक शार्ट सर्किट से दुकान में आग लग गयी। आगजनी में दुकान में रखे कीमती सामान नष्ट हो गए। आगजनी की सूचना पर फायर ब्रिगेड तथा चैकी पुलिस पहुंची और व्यापारियों के सहयोग से आग पर नियंत्रण कराया। घटना को लेकर व्यापार मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश जायसवाल ने पीड़ित व्यापारी को हर सम्भव मदद का भरोसा दिलाया है।

राम मदिर में कांग्रेसियों के साथ अभद्रता पर भड़के कांग्रेसी

गांधी जी की प्रतिमा के सामने बैठकर गाया राम धुन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय के निर्देश पर जिला एवम शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में नगर के कम्पनी बाग में महात्मा गांधी के समक्ष बैठकर रामधुन गाकर ईश्वर से प्रार्थना की।

कार्यक्रम के दौरान एक महत्वपूर्ण बैठक कम्पनी बाग में आहूत की गई। बैठक की अध्यक्षता यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी एवं संचालन नगर अध्यक्ष इरफान अली ने किया। अध्यक्षता कर रहे यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी ने कहा कि 15 जनवरी को मकर संक्रान्ति के पावन पर्व पर कांग्रेस महासचिव/

गांधी जी की प्रतिमा के सामने बैठे कांग्रेसी।

प्रभारी उत्तर प्रदेश पूर्व सांसद अविनाश पाण्डे, प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय जी एवम सीएलपी लीडर आराधना मिश्रा मोना के साथ अयोध्या दर्शन हेतु गए हमारे ध्वज वाहक अनोखे लाल तिवारी के साथ श्री राम मन्दिर परिसर में भाजपा एवम संघ के लोगों द्वारा अभद्रता की गई एवम पार्टी के ध्वज का अपमान किया गया। कांग्रेस पार्टी के कार्यकत्र्ता एवं ध्वज वाहक का अपमान घोर निंदनीय कृत्य है स जिसकी हम सभी कांग्रेस जन घोर निन्दा करते है। कांग्रेस सेवादल के जिलाध्यक्ष महेन्द्र शुक्ला ने कहा कि श्री राम सबके हैं उनको बाटने का काम भाजपा और आरएसएस के लोग कर रहे हैं। संचालन कर रहे नगर अध्यक्ष इरफान अली ने कहा कि भाजपा और आरएसएस धर्म के नाम पर राजनीति करती है। मुद्दों पर कभी बात नहीं करती है। कम्पनी बाग में मुख्य रूप से वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ वी.के. सिंह, कोषाध्यक्ष/कार्यालय प्रभारी वेदान्त तिवारी, के.के शुक्ला, रानीगंज विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी मौलाना वाहिद, सुशील सागर, यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नफीस खान, नगर प्रभारी संजय इस्तियाक, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष दानिश महबूब, सुरेश कुमार, मो0 वसीम, मो दिलशाद, सुधीर तिवारी, अवध राज यादव, सूचना विभाग के जिलाध्यक्ष शिवम मिश्रा, पृथ्वी राज गौतम, आदर्श पटेल, मो0 कलीम, राम धन यादव सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

बेल्हा देवी घाट का निरीक्षण करते एडीएम व सीओ।

बेल्हा देवी घाटों का एडीएम व सीओ ने किया निरीक्षण

आज आएगी चरण पादुका यात्रा, नपा जुटी सफाई में

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। प्रयागराज से अयोध्या जा रही चरण पादुका गुरुवार को लगभग 12 बजे यहां पहुंचेगी जहां प्रतापगढ़-प्रयागराज सीमा पर इस यात्रा की जोरदार स्वागत करने की तैयारी की जा रही है। वहीं यह चरणपादुका यात्रा शहर के बेल्हा देवी जाकर सई नदी का जल भी लेगी। इसको लेकर आज तैयारियों का एडीएम त्रिभुवन कुमार विश्वकर्मा व सीओ सिटी योगेश ने निरीक्षण किया तथा घाटों पर नगर पालिका द्वारा कराये जा रहे सफाई का आदेश भी दिया। एडीएम ने कहा कि जेसीबी से गड्ढा बनाकर उसमें सई नदी का जल डाला जाए जिससे यात्रा में शामिल लोग आसानी से जल ले सकें। निरीक्षण के समय नगर पालिका के आरआई लाल बहादुर सिंह, सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे।

राजा भइया से मिलते युवा जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी।

राजा भइया से मिलकर मकर संक्रांति पर लिया आशीर्वाद

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जनसत्ता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भईया से पूरी टीम ने युवा जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी के नेतृत्व में राजा भईया से मिलकर मकर संक्रांति की बधाई दी। आभार एवं धन्यवाद प्रकट किया। इस दौरान युवा जिला महासचिव यश शुक्ला, युवा ब्लॉक अध्यक्ष लालगंज मानसिंह, जिला सचिव प्रांशू शुक्ला, युवा जिला उपसचिव सूरज सिंह, युवा जिला सचिव विपिन पांडेय, युवा ब्लॉक उपाध्यक्ष बाबा बेलखरनाथ राहुल गौड़, प्रिंस सिंह एवं युवा जिला मीडिया प्रभारी वीरू आदि मौजूद रहे।

आज विविध कार्यक्रमों में शामिल होंगे विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी आज गुरूवार को रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र के एक दिवसीय दौरे पर आएंगें। वह पूर्वाहन साढ़े ग्यारह बजे अठेहा क्षेत्र के अमांवा तथा अलावल पुर व एक बजे सांगीपुर में लोगों से मुलाकात करेंगें। राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी अपराहन डेढ़ बजे बाबा घुइसरनाथ धाम में दर्शन पूजन करेंगें। अपराहन दो बजे वह लालगंज में लोगों से मुलाकात करेंगें। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने जारी विज्ञप्ति में दी है।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में तिरानवे नवदंपत्तियों ने लिए समारोह पूर्वक सात फेरे

लालगंज व रामपुर संग्रामगढ़ के नवदंपत्तियों को विधायक मोना ने वर्चुअल किया सम्बोधन

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत बुधवार को स्थानीय लालगंज ब्लाक परिसर में धूमधाम के साथ वैवाहिक उत्सव का आगाज दिखा। क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने लालगंज तथा रामपुर संग्रामगढ़ ब्लाक मुख्यालय पर आयोजित हुए सामूहिक विवाह कार्यक्रम के तहत वर्चुअल सम्बोधन के जरिए स्वयं तथा राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी की ओर से मंगल कामनाएं प्रकट कीं। पचहत्तर जोड़ों को समारोह पूर्वक परिणय सूत्र में बंधते देखा गया। इसमें लालगंज ब्लाक के बयालिस तथा सांगीपुर के तैंतीस नवदंपत्तियों ने अग्नि के समक्ष सात फेरे लिए। सांगीपुर ब्लाक के तीन जोड़ों की शादियां निकाह के रस्म में हुईं।

वहीं रामपुर संग्रामगढ़ ब्लाक में अठारह जोड़ों को वैवाहिक रस्म में उत्साहित देखा गया। लालगंज ब्लाक परिसर में पचहत्तर नवदंपत्तियों को समारोह पूर्वक विवाह प्रमाणपत्र भी प्रदान किया गया। लालगंज एवं रामपुर संग्रामगढ़ ब्लाक मुख्यालय पर हुए सामूहिक विवाह कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने अपने वर्चुअल सम्बोधन में नवविवाहित दंपत्तियों को वैभवशाली जीवन की मंगलकामनांए सौंपी। विधायक मोना की ओर से प्रतिनिधि आशीष उपाध्याय ने दोनों ब्लाकों में नवदंपत्तियों को शगुन सौंपा। लालगंज ब्लाक परिसर में गाजे बाजे के साथ वैवाहिमक उत्सव की धूम देखी गयी। ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज तथा खंड विकास अधिकारी लालगंज इन्दु प्रकाश श्रीवास्तव व सांगीपुर बीडीओ अर्पणा सैनी तथा नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने कन्यादान के साथ बारात की प्रवेशद्वार पर आगवानी की। परिसर में गाजेबाजे के साथ उत्सव में नवदंपत्तियों को प्रमुख अमित सिंह पंकज ने सरकार की ओर से उपहार व प्रमाणपत्र भी प्रदान किए। वर एवं कन्या पक्ष की ओर से बड़ी संख्या में आईं महिलाओं ने सोहर तथा विवाह गीत के साथ मंगल गान से उत्सव की समा बांधी। समारोह को सम्बोधित करते हुए रूरल बार एशोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने सामूहिक विवाह योजना को समाज के जरूरत मंद तबके के लिए वरदान ठहराया। कार्यक्रम का संचालन वीडीओ अविनाश प्रताप सिंह ने किया। एडीओ पंचायत आद्या प्रसाद द्विवेदी ने स्वागत भाषण तथा एडीओ समाजकल्याण सचिन पटेल व एडीओ आत्मा राम मौर्या ने आभार जताया। समारोह में केडी मिश्रा, प्रधानसंघ अध्यक्ष विमलेश प्रताप सिंह, प्रधान ऊधम सिंह, प्रधान विद्युत मिश्रा, छोटेलाल सरोज, राजू पांडेय, प्रीतेन्द्र ओझा, प्रमोद सरोज, बृजेश सिंह आदि रहे। विवाहोत्सव में परिसर में वर एवं कन्या पक्ष के लिए सामूहिक समरस्ता भोज का भी आयोजन किया गया। वहीं रामपुर संग्रामगढ़ ब्लाक मुख्यालय पर आयोजित समारोह में अठारह जोड़े एक दूजे के हुए। यहां कार्यक्रम का संयोजन खंड विकास अधिकारी अश्वनी सोनकर ने किया। पूर्व प्रमुख पुष्पा शर्मा ने विवाहित जोड़ों को विवाह प्रमाणपत्र सौंपा। कार्यक्रम में पूर्व उपप्रमुख भुवनेश्वर शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य लालजी यादव व रघुराई सरोज, राकेश चतुर्वेदी, ओमप्रकाश यादव मौजूद रहे। एडीओ महेन्द्र सिंह ने आभार जताया।

चंद्रमणि पाण्डेय की कविताएं आज भी हो रही हैं प्रासंगिक

उनकी पंक्तियों को आज भी गुनगुनाते हैं लोग

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का समय जैसे-जैसे निकट आ रहा है, अनेक प्रकार की स्मृतियां और ऐतिहासिक तथ्य जीवंत हो रहे हैं प्रतापगढ़ के साहित्यिक आध्यात्मिक और सामाजिक क्षेत्र में सतत सक्रिय रहने वाले सुप्रसिद्ध साहित्यकार स्वर्गीय चंद्रमणि पांडेय चंद्र की श्री राम जन्मभूमि आंदोलन के समय लिखी गई प्रतिनिधि कविताएं आज सहज ही प्रासंगिक होती हैं।

उन्होंने लिखा चलो चलें जन्मभूमि राम की अन्य भूमि, मातृ पितृ भक्ति भाव से रही जो धन्य भूमि, हुए भरत सदृश जहां, शेष की जो कर्म भूमि, त्याग दान तप नियम, ज्ञान धर्म की जो भूमि यह कविता श्री राम जन्मभूमि के आंदोलन के समय लिखी गई थी। यह पूर्ण विश्वास था कि एक दिन श्री राम मंदिर बनेगा, भव्य रूप

स्व0 चंद्रमणि पाण्डेय (फाइल फोटो)।

में बनेगा और आज वह दिन जीवंत हो उठा है। तभी तो उन्होंने लिखा विश्व देखता रहे लक्ष्य पर बढ़े चलो, राम जन्मभूमि के नाम पर बढ़ चलो, यह एक श्री राम भक्त का विश्वास ही है जो इस रूप में प्रकट होता है। श्री राम मंदिर आंदोलन के समय शासकीय सेवा में रहते हुए भी कारसेवकों की सेवा में सदैव तत्पर रहते थे। आज श्री राम मंदिर के निर्माण की पूर्णता के समय उनकी भगवान श्री राम पर लिखी प्रतिनिधि कविताएं सार्थक और जीवंत हो उठी है।

बेसार गांव में पंडित दीनदयाल उपाध्याय आरोग्य पशु मेले का हुआ आयोजन

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। विकास खंड पट्टी के बेसार गांव में बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय आरोग्य पशु मेले का आयोजन किया गया, जहां पर पशुपालकों को पशुओं में लगने वाले रोगों की जानकारी देते हुए पशुओं का निशुल्क इलाज व जांच करके उन्हें दवाइयां वितरित की गई। मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख पट्टी राकेश कुमार सिंह ने फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

बेसार गांव की ग्राम प्रधान कंचन वर्मा के नेतृत्व में दोपहर 12 बजे पशु आरोग्य मेले का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख राकेश कुमार सिंह ने फीता काटकर आरोग्य पशु मेले का शुभारंभ करते के उपरांत पशुपालकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार लगातार पशुपालकों के हित में कार्य कर रही है। इस आरोग्य पशु मेले से क्षेत्र के सभी पशुपालकों को लाभ मिलेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी पट्टी एके सिंह ने पशुपालकों को पशुओं में होने वाले रोगो के बारे में विस्तार से बताते हुए उसके बचाव के उपाय भी बताएं। लगभग 110 पशुपालकों के पशुओं के रोगों का इलाज कर उन्हें निशुल्क दवा वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आमापुर के पशुचिकित्सा अधिकारी ए एम वर्मा, पृथ्वीगंज पशु चिकित्सालय के डॉक्टर कृपा शंकर, फार्मासिस्ट राजेश कुमार, पशुधन प्रसार अधिकारी नवनीत कुमार, वेटरनरी फार्मासिस्ट निलेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में पंचम सरोज, राम शिरोमणि वर्मा, आशीष मौर्य, जगराम सरोज, पारस सरोज, प्रभु हरिजन, हरकेश पटेल जय मंगल सरोज तथा ग्राम विकास अधिकारी संदीप कुमार सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर ए एम वर्मा ने किया।

श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा के दिन होगा महाप्रसाद का वितरण

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। मानवता और अपने आदर्शों के जरिए जहां भगवान पुरुषोत्तम श्री राम ने दुनिया को व्यापक संदेश दिया और 22 जनवरी को उनकी प्राण प्रतिष्ठा अयोध्या में भव्य तरीके से होने चल रही है तो मानवता और इंसानियत के लिए कार्य करने वाले लोग भी इस प्राण प्रतिष्ठा पर खुशी प्रकट करते हुए हर्ष व्यक्त कर रहे है। पट्टी क्षेत्र के समाजसेवी हल्लू रामसुंदर यादव प्राण प्रतिष्ठा के दिन पट्टी क्षेत्र के मुजाही बाजार में महाप्रसाद का वितरण करेंगे। इसके लिए वह तैयारी कर चुके हैं। पट्टी तहसील क्षेत्र के रहने वाले हल्लू रामसुंदर यादव ने बताया कि मुजाही देवी मंदिर में 22 जनवरी को सुबह 9 बजे से 1 बजे तक महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा तो वहीं बजरंगबली मंदिर ग्रामसभा भिटार पर सुबह 10 बजे से 4 बजे तक महाप्रसाद का वितरण होगा। उन्होंने बताया कि भगवान पुरुषोत्तम श्री राम के जीवन आदर्शो और उनके जीवन आचरण को उतरना ही हम सब का उद्देश्य है। उन्होंने श्री राम भक्तों से महाप्रसाद वितरण कार्यक्रम में पहुंचने के लिए अपील किया है।

कबड्डी प्रतियोगिता में बाबा सवाकन धाम की टीम को मिला विजेता का खिताब

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। अंर्तजनपदीय कबड्डी प्रतियोगिता में बाबा सवाकन धाम की टीम ने विजेता का खिताब हासिल किया। सांगीपुर ब्लाक के रेहुआ लालगंज स्थित बापू इंटर कालेज के मैदान में मंकर संक्रांति पर दो दिवसीय मेले में खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कबड्डी प्रतियोगिता में आधा दर्जन टीमों ने रोमांचक प्रदर्शन किया। फाइनल के मुकाबले में बाबा सवाकन धाम तथा जीआईसी सांगीपुर के बीच रोमांचक मैच हुआ। सवाकन धाम की टीम ने आठ अंक से विजेता खिताब हासिल कर लिया। पूर्व प्रधान महेन्द्र सिंह बघेल ने बतौर मुख्य अतिथि विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को शील्ड व किट प्रदान किया। उन्होने कहा कि खेल से शारीरिक विकास व सद्भावना को मजबूती मिलती है। प्रतियोगिता में अक्षयवर सिंह ने रेफरी तथा राजेश सिंह ने स्कोरर व जितेन्द्र सिंह ने कमेंट्रेटर की सराहनीय भूमिका निभाई। इस मौके पर धर्मेंद्र सिंह, शैलेन्द्र सिंह बघेल, विनोद सिंह, सोनू आदि रहे।

खबर संक्षेप

आवारा बंदरों एवं छुट्टा जानवरों से निजात दिलाए प्रशासन : अजय सोनी

कौशाम्बी। समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान मे मंगलवार को ब्लॉक सिराथू के ग्राम कलुआपुर एवं सुदीन का पूरा में चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में तमाम ग्रामीण और किसान, नवजवान शामिल हुए। इस दौरान पार्टी नेता अजय सोनी ने कहा कि क्षेत्र में आवारा बंदरों एवं छुट्टा जानवरों से लोग परेशान हैं। आए दिन लोग बंदरों के उत्पात के चलते चोटिल हो रहे है और लोगो को हमेशा बंदरों का डर लगा रहता है। ग्राम उदहिन बुजुर्ग, उदहिन खुर्द, कलुआपुर, सुदीन का पूरा, जगन्नाथपुर आदि गांवों में आवारा बंदरों से लोगों को दिनभर डर बना रहता है। इसी तरह छुट्टा जानवरों से किसान परेशान है। रात रात भर किसान खेतों की रखवाली करने में लगे रहते हैं और बावजूद इसके किसानो की फसल छुट्टा जानवर चर रहे हैं। आगे कहा कि ग्राम खनवारी, जियापुर, नादिन का पूरा, नारा, जुवरा आदि में छुट्टा जानवरों से लोग खासे परेशान हैं। इस संबंध में अजय सोनी ने जिला प्रशासन और जिम्मेदारों से मांग की है कि क्षेत्र के लोगों को आवारा बंदरों एवं छुट्टा जानवरों से निजात दिलाए।

पेंशन शंखनाद महारैली नई दिल्ली में ऐतिहासिक सहयोग के लिए किया गया सम्मान समारोह का आयोजन

4 फरवरी को रन फॉर ओपीएस कार्यक्रम गाँधी प्रेक्षागृह लखनऊ के सफल आयोजन के लिए आवाहन

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। पेंशन शंखनाद महारैली नई दिल्ली में ऐतिहासिक सहयोग देने के लिए जिला कार्यालय अटेवा धाता रोड मंझनपुर कौशाम्बी में बुधवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला संयोजक कुशल सिंह द्वारा सर्वप्रथम मुख्य अतिथि अशोक कनौजिया प्रदेश संगठन मंत्री व सैयद दानिश इमरान प्रदेश प्रभारी आई टी सेल राकेश सिंह मंडल अध्यक्ष प्रयागराज को अंगवस्त्र एवं माला पहनाकर सम्मान किया गया। 1 अक्टूबर को जिन्होंने दिल्ली में पेंशन शंखनाद महारैली में भाग लिया व विजय कुमार बन्धु के पेंशन शंखनाद महारैली को सफल बनाया उन सभी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अशोक कनौजिया और विशिष्ट अतिथि सैय्यद दानिश इमरान ने कहा एक अक्टूबर रामलीला मैदान दिल्ली में राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु के नेतृत्व में ट्रेड यूनियन के इतिहास में दुनिया की सबसे बड़ी महारैली की जिसमें पन्द्रह लाख से 20 लाख कर्मचारी जुटे जिसमें कौशांबी के साथियों ने जबरदस्त भागीदारी निभाई इसके लिए पूरी कौशांबी की टीम को बधाई आगामी 25 जनवरी को मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता रैली के तहत पुरानी पेंशन और निजिकरण के मुद्दे पर कर्मचारियों और आम जनता को जागरूक किया जायेगा। 28 जनवरी दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक रन फार ओपीएस ट्विटर अभियान कार्यक्रम होगा। 4 फरवरी को रन फॉर ओपीएस कार्यक्रम गाँधी प्रेक्षागृह लखनऊ के सफल आयोजन के लिए आवाहन किया गया। पुरानी पेंशन के लिए अटेवा द्वारा पुनः ये भागीरथी प्रयास होगा जिसमें केवल माँग है कि पुरानी पेंशन पूर्ण रूप से बहाल हो जिससे बुढ़ापे कि लाठी पुरानी पेंशन बन सके।कौशाम्बी के जुटे सैकड़ों शिक्षकों ने अटेवा के इस कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यकम में मुख्य रूप से जिला महामंत्री सतीश चंद्र शर्मा के द्वारा मंच का संचालन किया गया राजेंद्र सिंह जिला वरिष्ठ संयोजक नयन सिंह जिला सह संयोजक रमेश चंद्र सेन जिला महामंत्री विनोद यादव जिला मंत्री इकबाल अली जिला संगठन मंत्री विकास पांडे जिला प्रवक्ता कोषाध्यक्ष धीरज सिंह,रचना सिंह कंचन,करन सिंह, मीडिया प्रभारी अंकित श्रीवास्तव जिला आईटी सेल प्रभारी आशीष कुमार सिंह जिला संरक्षक मोती लाल सिंह सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राज कमल आनन्द कुमार, संजय तिवारी यतेंद्र सिंह और सभी विकास खंडों के ब्लॉक संयोजक सहित सभी पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाया।

बेशर्मी की हद शौचालय में बंद कर दिया ताला

जिला ओडीएफ घोषित होने के बाद खुले में कर रहे लोग शौच

हर्रायपुर कौशाम्बी मूरतगंज ब्लॉक क्षेत्र के अंतर्गत नरना उर्फ आलामचंद के सामुदायिक शौचालय में छःमहीने से ताला बंद कर दिया गया है अधिकारियों ने जिले को खुले में शौच मुक्त ओडीएफ घोषित कर शासन को रिपोर्ट भेज दिया है दूसरी तरफ सामुदायिक शौचालय में ताला बंद कर दिए जाने से खुले में शौच करने के लोग मजबूर हो रहे हैं जिम्मेदारों के दोहरे चरित्र में बेशर्मी की हद हो गई है एक तरफ सूबे के मुखिया स्वच्छता अभियान चला कर गांव गांव साफ सफाई पर जोर दे रहे हैं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी स्वच्छ भारत मिशन स्वच्छता अभियान के अंतर्गत करोड़ का बजट खर्च कर साफ सफाई अभियान को जोर दे रहे हैं दूसरी तरफ ग्राम प्रधान व सेक्रेटरी मिलकर स्वच्छ भारत मिशन की धज्जियाँ उड़ा रहे है ग्रामीणों का कहना है कि छः माह से इस सामुदायिक शौचालय में ताला बंद पड़ा है। जानकारी के अनुसार सामुदायिक शौचालय का सेफ्टी टैंक 6 महीना से पहले से फुल हो चुका है जानकारी होने के बाद भी पंचायत विभाग के जिम्मेदारों द्वारा उसको खाली नहीं कराया गया है जिससे सामुदायिक शौचालय का उपयोग नहीं हो रहा है और अपनी कमियों को छुपाने के लिए शौचालय में ताला बंद कर दिया गया जिससे खुले में शौच मुक्त घोषित करना बकवास साबित हो रहा है चौराहे के लोगों को शौच के लिए बाहर जाना पड़ रहा है सामुदायिक शौचालय में ताला बंद कर दिए जाने का यह मामला बेहद गंभीर है और इस मामले में अभी तक अधिकारियों ने मामले को संज्ञान लेकर दोषियों पर कार्यवाही नहीं की है सामुदायिक शौचालय में ताला बंद कर दिए जाने के इस मामले को अधिकारियों ने गंभीरता से लेकर जांच कराई तो दोषियों पर कठोर कार्रवाई होना तय है।

प्रेम प्रसंग में किशोरी के परिजनों की पिटाई से आहत किशोर ने फांसी लगाकर दी जान

अखंड भारत संदेश

तीन दिन पूर्व खेत में पिटाई के बाद घर से फरार हो गया था किशोर, घर वापस आने पर किशोरी के परिजनों ने घर में घुसकर किशोर सहित उसकी मां को भी पीटा

महेवाघाट कौशाम्बी। करारी कोतवाली क्षेत्र के अगियौना गांव में मंगलवार की सुबह प्रेम प्रसंग में प्रेमिका के परिजनों की पिटाई से आहत एक किशोर ने घर के अंदर फांसी लगा कर जान दे दी। इसकी जानकारी परिजनों को हुई तो घर में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक करारी थाना के अगियौना गांव का मिथलेश (१६) पुत्र अमरनाथ मंगलवार की सुबह सात बजे टहल कर घर वापस आया। इसके बाद वह आराम करने के लिए अपने कमरे में चला गया। करीब साढ़े सात बजे मिथलेश का बड़ा बड़ा भाई राज कुमार नाश्ता के लिए उसे कमरे में बुलाने गया। कमरा अंदर से बंद था। राज कुमार ने दरवाजा खटखटाया तो अंदर से कोई आवाज नहीं आई। किसी अनहोनी के डर से राज कुमार ने यह बात मोहल्ले वालों को बताई। मोहल्ले के लोगों की मदद से दरवाजा तोड़ा गया तो अंदर मिथलेश फांसी पर झूल रहा था। लोगों ने जब रस्सी काटकर मिथलेश को नीचे उतारा तबतक उसकी मौत हो चुकी थी। मिथलेश तीन भाइयों में सबसे छोटा था। पांच साल पहले उसके पिता की मौत हो चुकी है। चर्चा है कि मिथलेश का गांव की ही एक किशोरी से प्रेम प्रसंग चल रहा था। वह किशोरी से फोन पर बात किया करता था। दोनो के प्रेम प्रसंग की बात किशोरी के परिजनों को हुई। तो किशोरी के परिजनों ने किशोरी के साथ साथ किशोर को समझाया। तीन दिन पूर्व किशोरी के परिजनों ने खेत की तरफ किशोर की बेरहमी से पिटाई किया। पिटाई से डरा सहमा किशोर घर से फरार हो गया। इसके बाद किशोरी के परिजनों ने मृतक के भाई पर दबाव बनाया कि मिथलेश को ढूंढकर लाओ। नही तो मुकदमा लिखवा देंगे। इस पर मृतक किशोर के परिजन उसे ढूंढकर घर बुला लाए। इसके बाद मंगलवार की सुबह करीब साढ़े छह बजे किशोरी के परिजन उसके घर आ गए। इस दौरान घर में घुसकर किशोरी के परिजनों ने किशोर की जमकर पिटाई किया। बीच बचाव करने पर मृतक किशोर की मां को भी पीटा गया। चर्चा है कि इसी से आहत किशोर ने घर के अंदर फांसी लगाकर जान दे दी। बहरहाल कुछ भी हो मामले में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्ट मार्टम रिपोर्ट आने के बाद जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद से ही जहां मृतक किशोर के परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। तो वहीं गांव में चचाओं का बाजार गर्म है।

भीषण ठंड के बढ़ते ही ककोढा ग्राम पंचायत में जलाए गए अलाव

कोखराज कौशाम्बी। भीषण ठंड को देखते हुए ग्राम पंचायत ककोढा में भी अलाव जलना शुरू हो गया है जिससे आम जनता ने राहत महसूस की है सिराथू क्षेत्र के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि व पूर्व प्रधान वरुण शुक्ला के द्वारा ग्राम सभा के सभी पुरवा मजरा व सभी चौराहों पर अलाव जलवाया गया जिससे सभी ग्रामवासी ग्राम प्रधान की इस पहल की सराहना करते रहे और कहा कि इस कड़ाके की ठंडी में यह अलाव एक अमृत के समान हैं यदि क्षेत्र के अन्य सभी ग्राम पंचायत में भी यदि इसी तरह अलाव की एक-एक चौराहे पर एक-एक मजरा पर व्यवस्था कर दी जाए तो कड़कड़ाती ठंड में गरीब कमजोर मजलूम लोगों को राहत मिल सकती है।

केवल कागजी कार्यवाही में जल रहा है अलाव

हर्रायपुर कौशाम्बी भरवारी नगर पालिका परिषद के अंतर्गत वार्ड नं21 व18 में व 25 में केवल कागजी कार्यवाही में अलाव जल रही है ठंड से आम जनता व्याकुल है सरकार अलाव जलाए जाने का निर्देश दे रही है लेकिन नगर पालिका के जिम्मेदार अलाव जलाने में भी खेल कर रहे हैं पूरे दिन आसमान से सूर्य नारायण के दर्शन नहीं होते हैं कोहरा और बादल छाए रहते हैं ठंड हवा चल रही है शीत लहर चल रही है गरीबों के पास ठंड से बचने के संसाधन नहीं है जिससे आम जनता ठंड से परेशान है लोगों को सरकार से उम्मीद थी कि वह ठंड के दिनों में चौराहे गलियों में अलाव जला देगी जिससे ठंड से राहत मिल सके लेकिन उसके बाद भी अलाव नहीं जल सका ग्रामीणों का कहना है कि उक्त तीन वार्ड में कही अलाव नही जल रहा है जिससे ग्रामीणों को बहुत ज्यादा ठंड में दिक्कतें का सामना करना पड़ रहा है अलाव जलाने को लेकर लाखो का बजट आया है लेकिन क्षेत्र में कही अलाव नही जल रहा है।

सरकारी जमीन कब्जा करने वाले लोगों ने जाति धर्म भड़काना किया शुरू

कौशांबी। चायल तहसील क्षेत्र के मूरतगंज बाजार में गुलफूल नाऊ की दुकान के बाहर गोमती रखकर जमीन कब्जा करने वाले मुन्ना कबाड़ी और अन्य लोगों के कारनामों पर जब अधिकारी ने संज्ञान लिया तो सरकारी जमीन कब्जा करने वाले लोगों ने जाति धर्म की राजनीति शुरू कर दी है पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती प्रार्थना पत्र में उन्होंने भाजपा के झंडा और जय श्री राम का झंडा को एक विशेष समुदाय द्वारा हटाए जाने की बात लिखते हुए विभिन्न प्रकार के गम्भीर भड़काऊ आरोप दूसरे पक्ष पर लगाया है दबंगई के बल पर सरकारी जमीन पर कब्जा करने वालों की झूठी साजिश को संज्ञान लेना होगा जाति धर्म की भड़काऊ बात कह कर के विवाद उत्पन्न करने की मंशा रखने वाले भाजपा नेता और उसके साथी मुन्ना के कारनामो को संज्ञान लेना होगा यदि इनके भड़काऊ बयान बाजी को गंभीरता से नहीं लिया गया तो यह अपने मकसद में सफल होंगे और विवाद करा देंगे और विवाद से बचने के लिए उनकी बेवजह की भड़काऊ बातों को जिले के अधिकारियों को संज्ञान लेकर इनके गलत मंसूबे को रोकना होगा और झूठी अफवाह फैलाकर जाति धर्म की बात करने वाले लोगों पर मुकदमा दर्ज करके उनकी गिरफ्तारी कराना होगा और साथ ही साथ सरकारी जमीन पर कब्जा करने वाले लोगों को बेदखल करना होगा लेकिन अभी तक मामले को थाना पुलिस ने संज्ञान नहीं लिया है ।

घर घर जा बांटा जा रहा है श्री राम जन्म भूमि अयोध्या से पूजित अक्षत एवम निमंत्रण पत्र

कनैली कौशांबी चायल तहसील के भगवान पुर बहुंगरा में बुधवार को श्री राम जन्म भूमि अयोध्या से पूजित अछत एवम निमंत्रण पत्र को जिला सयोजक राम कार सेवा समिति बृजेंद्र नारायण मिस्र की अगुवाई में घर घर जा बांटा गया और लोगो को संदेश दिया गया की भगवान श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा योग का शुभ मुहूर्त पौष शुक्ल कूर्म द्वादशी विक्रम संवत 2080 दिन सोमवार 22 जनवरी, 2024 को है शास्त्रीय पद्धति के अनुसार प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम अभिजीत मुहूर्त में संपन्न किया जाएगा जो 16 जनवरी 2024 से सुरू हो कर 21 जनवरी 2024 तक चलेगा 22 जनवरी को राम लला की मूर्ति को मंदिर के गर्भ गृह में स्थापित किया जाएगा प्राण प्रतिष्ठा में बारह अधिवास कराए जाएंगे जलाधिवास गंधाधिवास औषधाधिवास केसराधिवास घृताधिवास धान्याधिवास शर्कराधिवास फलाधिवास पुष्पाधिवास मध्याधिवास शय्याधिवास तत्पश्चात गौरी गणेश पूजन करके प्राण-प्रतिष्ठा किया जाएगा जिसमे 121 आचार्य प्रतिभाग करेंगे काशी के प्रकांड विद्वान श्री लक्ष्मीकांत दीक्षित मुख्य आचार्य होंगे यजमान की भूमिका भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी, निभाएंगे प्राणप्रतिष्ठा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूजनीय सरसंघचालक श्री मोहन भागवत जी, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी, उत्तर प्रदेश के आदरणीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में सम्पन्न किया जाएगा आप लोग अपने घरों एवम मंदिरों 22 जनवरी को कम से कम 21 दीपक जला कर भगवान राम के आगमन पर खुशी मनाए इस दौरान मंडल उपाध्यक्ष ओम प्रकाश बूथ अध्यक्ष सचिन केसरवानी एवम अन्य दर्जनों लोग उपस्थित रहे।

प्रशिक्षणार्थियों का 40 कार्य दिवसों का होगा प्रशिक्षण

अनुदान प्रदान कर सिंचाई के लिए स्थापित कराये जा रहे हैं अनुदान पर सोलर पम्प

कौशाम्बी। कृषकों को भारत सरकार की योजना "प्रधानमंत्री किसान उर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पी०एम० कुसुम)" में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अतिरिक्त अनुदान प्रदान कर सिंचाई के लिए अनुदान पर सोलर पम्प स्थापित कराये जा रहे हैं, जिसके अनुरक्षण एवं मरम्मत के लिए राज्य कृषि प्रबन्ध संस्थान, रहमानखेड़ा के अधीन राज्य स्तरीय फार्म मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान (भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त) पर उ०प्र० कौशल विकास मिशन एवं राष्ट्रीय कृषि विकास योजना-रफ्तार के अन्तर्गत "सोलर पंप की स्थापना / अनुरक्षण के लिए तकनीकी प्रशिक्षण योजना" अन्तर्गत सोलर पम्प मैकेनिकों का प्रशिक्षण कराया जाना प्रस्तावित है। इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षणार्थियों को सोलर माड्यूल, सरफेस पम्प, सबमर्सिबल पम्प (ए०सी०/ डी०सी०) के व्यावहारिक संचालन का प्रशिक्षण देकर तकनीकी दक्षता व कार्य कुशलता में वृद्धि करते हुए प्रत्येक तहसील स्तर पर एक कुशल एवं दक्ष सोलर मैकेनिक तैयार करनें का लक्ष्य रखा गया है। योजनान्तर्गत प्रशिक्षणार्थियों का प्रशिक्षण कुल 40 कार्य दिवसों का होगा। योजनान्तर्गत प्रशिक्षणार्थी इलेक्ट्रीशियन / इलेक्ट्रानिक / फिटर ट्रेड में 2 वर्षीय आई०टी०आई० अथवा इंजीनियरिंग में 03 वर्षीय डिप्लोमा एवं प्रशिक्षणार्थियों की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होगी। प्रशिक्षण अवधि के दौरान मिड-टर्म एवं प्रशिक्षण उपरान्त एक अन्तिम परीक्षा ली जायेगी, जिसमें सफल अभ्यर्थियों को ही प्रमाण-पत्र व निःशुल्क टूल किट्स उपलब्ध कराया जायेगा। प्रशिक्षण अवधि में प्रशिक्षुओं को अवकाश देय नहीं होगा। इस व्यावहारिक प्रशिक्षण में भाग लेनें वाले प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण अवधि में निःशुल्क रहनें एवं खानें की व्यवस्था संस्थान द्वारा उपलब्ध कराई जायेगी। प्रशिक्षुओं को मार्ग व्यय स्वयं वहन करना होगा।इच्छुक एवं योग्य अभ्यर्थी अपना आवेदन 31 जनवरी 2024 सांय 5 बजे तक उप कृषि निदेशक कार्यालय में स्वयं अथवा डाक के माध्यम से उपलब्ध करा सकते हैं, निर्धारित तिथि व समय के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

नारा मानपुर गौरा के करीब गौशाला और सरकारी अस्पताल बनवाया जाए : अजय सोनी

कौशाम्बी समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान के बुधवार 17 जनवरी को सिराथू ब्लॉक के ग्राम कैमा, मानपुर गौरा और नारा चौराहे पर चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में तमाम लोग उपस्थित हुए। ग्राम नारा और मानपुर गौरा में हुए कार्यक्रम में सबसे पहले कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी का लोगों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। लोगों ने अपनी अपनी समस्याएं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी से बताई। किसान सम्मान निधि का पैसा न आने, आवास की एक किश्त के बाद शेष धनराशि न मिलने, गरीबों को ठंड से बचने के लिए कम्बल का वितरण न होने जैसी लोगों ने समस्याएं सुनाई। इसी के साथ लोगों की शिकायत थी कि नारा मानपुर गौरा के बीच गौशाला और अस्पताल न होने से क्षेत्रीय लोग परेशान हैं। अजय सोनी ने कहा कि मुझे नारा मानपुर गौरा क्षेत्र की समस्याएं मालूम हैं। आगे कहा कि मेरे द्वारा पूर्व में ही नारा मानपर गौरा क्षेत्र में सरकारी अस्पताल और धाता से जुवरा, नारा, मंझनपुर होकर प्रयागराज तक रोडवेज बस चलवाने की जिला प्रशासन से मांग की जा चुकी है। इसी के साथ अजय सोनी ने नारा मानपुर गौरा क्षेत्र में गौशाला और सरकारी अस्पताल बनाए जाने की जिला प्रशासन से मांग की।

दहेज लोभियों ने विवाहिता को जिंदा जलाने का किया प्रयास

कौशाम्बी। चरवा थाना अंतर्गत बलीपुर टाटा गांव का देव नारायन सिंह पुत्र स्व० गैताल सिंह मेहनत मजदूरी कर के अपने परिवार का भरण पोषण करता है। पीड़ित ने अपने लड़की बबिता देवी की शादी 13 दिसम्बर 2023 को संदीप सिंह पुत्र सुलेश सिंह निवासी रामपुर थाना किशन पुर जनपद फतेहपुर के साथ किया था। पीड़ित ने अपनी लड़की की शादी में दहेज के रूप में एक किलो चांदी, डेढ़ तोला सोना, इक्कीस हजार रूपए, एक मोटर साइकिल, फ्रीज, कूलर, आलमारी आदि दान दहेज देकर अपनी लड़की की विदाई किया था। शादी के कुछ दिन बाद से ही पति सन्दीप सिंह, देवर कुलदीप सिंह, ससुर सुलेश सिंह,सास सुमन देवी,ननद सुनैना विवाहिता से दहेज में दो भैंस एक लाख रुपए नकद की मांग करने लगे। दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुराली जनों ने विवाहिता को प्रताड़ित करने लगे। 15 जनवरी को विवाहिता के पति समेत ससुराली जनों ने दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को घर के अन्दर बंद कर के मारे पीटे, इतना ही नहीं विवाहिता के ऊपर पेट्रोल छिड़क कर जिंदा जलाने का प्रयास किया। विवाहिता के चीख-पुकार करने पर पड़ोसियों ने पहुंच कर विवाहिता की जान बचायी, जिससे विवाहिता की जान बच गयी। 16 जनवरी को सुबह करीब छः बजे पति समेत ससुराली जनों ने विवाहिता को पुनः मार पीट कर घर से भगा दिया। बड़ी कठिनाई के तहत विवाहिता अपने माता-पिता के यहां पहुंच कर आप बीती बतायी। बुधवार को विवाहिता ने अपने पिता के साथ चरवा थाना पहुंच कर पति समेत ससुराली जनों के विरुद्ध नामजद्द लिखित शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग किया।

गौतस्कर को पुलिस ने 3 किलो गांजा के साथ किया गिरफ्तार

कौशाम्बी। प्रयागराज सहित अन्य जिलों में गौतस्करी और गैंगस्टर एक्ट में फरार चल रहे अफजल को कड़ा धाम थाना पुलिस ने 3 किलो 100 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। अफजल पर प्रयागराज के पूरामुफ्ती और धूमनगंज थाना सहित कई अन्य जिलों में मुकदमा दर्ज है गैंगस्टर एक्ट के आरोपी को कड़ा धाम थाना पुलिस ने 3 किलो 100 ग्राम मादक पदार्थ गांजा के साथ गिरफ्तार किया और लिखापढ़ी कर जेल भेज दिया।

न्यूज झरोखा

रेलवे ट्रैक पर अज्ञात युवक का शव मिलने से मची सनसनी पुलिस जांच में जुटी

अझुवा कौशांबी सैनी कोतवाली के धुमाई रेलवे फाटक से पश्चिम डाउन लाइन पर दिल्ली हावड़ा रेल मार्ग पर पोल संख्या 891 /2/4 के बीच आज बुधवार को एक अज्ञात युवक उम्र तकरीबन 30 वर्ष का शव मिला है।सुचना पर मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज अझुवा अरुण कुमार मौर्य शिनाख्त करवाने में जुट गए हैं युवक क्रीम कलर की जैकेट, ग्रे कलर की इनर, स्लेटी कलर की जींस और चित्तीदार भगवा गमछा पहन रखा है खबर लिखे जाने तक युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

आईजी ने कौशाम्बी का किया भ्रमण,गारद के टर्न आउट, कार्यालयों का किया निरीक्षण

कौशाम्बी प्रयागराज जोन आईजी प्रेम गौतम ने कौशाम्बी जनपद का भ्रमण और निरीक्षण किया। इस दौरान आईजी को पुलिस द्वारा गार्द ऑफ ऑनर की सलामी दी गई,आईजी ने सलामी के बाद गार्द के टर्न आउट का निरीक्षण किया। आईजी ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय की विभिन्न शाखाओं प्रधान लिपिक, वाचक कार्यालय, सीसीटीएनएस, आईजीआरएस, मीडिया सेल आदि का निरीक्षण किया, इस दौरान अभिलेखों के रख रखाव, साफ सफाई को चेक किया व कार्यों की समीक्षा की एवं संबंधित को आवश्यक निर्देश दिये। तत्पश्चात आईजी द्वारा पुलिस कार्यालय के दुर्गा भाभी सभागार में एसपी एवं राजपत्रित अधिकारियों व समस्त शाखा/थाना प्रभारियों के साथ अपराध गोष्ठी की एवं जनपद पुलिस के कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये।

एबीवीपी का दयानंद सरस्वती इंटर कालेज में कैंपस में परिसर चलो अभियान का हुआ आयोजन

अझुवा कौशांबी आदर्श नगर पंचायत अझुवा दयानंद सरस्वती इंटर कालेज में काशी प्रांत के अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों द्वारा मंगलवार कैंपस में परिसर चलो अभियान का आयोजन किया गया पूर्व प्रांत सह मंत्री ऋचा पांडेय ने युवा पखवाड़ा,राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेका नंद के जीवन से जुड़ी बातों पर व्यापक प्रकाश डाला ।ऋचा पांडेय ने कहा कोरोना काल के बाद विद्यालयों में बच्चों के अंदर शिक्षा का लगाव कम हो गया है उसके लिए अखिल भारतीय विकास परिषद के पदाधिकारी पूरे देश में कैंपस में परिसर चलो अभियान चला रही है जिसका मूल उद्देश बच्चों में पढ़ाई के प्रति उत्साह भरने का है इस दौरान प्रतिभा का सम्मान और उत्साह वर्धन हेतु बच्चों को मेडल दिया गया है इस मौके पर विद्यालय के उप प्रधानाचार्य ऋषभ द्विवेदी,ऋतिक केसरवानी,अनूप पटेल, अमन,आनंद, शैलेश अग्रहरी, हर्ष सोनी, सायबा,चाहत सहित एबीवीपी के कार्यकर्ता मौजूद रहे उप प्रधानाचार्य ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम का समापन किया है।

भाजपा कार्यकताओं ने मसुरिया माता मंदिर में चलाया सफाई अभियान

कनैली कौशांबी अयोध्या में राम जन्म भूमि की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2022 के कार्यक्रम को ले कर जिला संयोजक श्री राम कार सेवा समिति बृजेंद्र नारायण मिश्र की अगुवाई में चायल तहसील के अंबारी में मसूरिया माता के मंदिर में सफाई करके दीप प्रज्ज्वलित करने का अभियान चलाते हुए कहा गया कि श्री राम जन्म भूमि आंदोलन 1989 से सुरू हो कर 6 दिसंबर 1992 तक चला जिसमे हजारों कार सेवकों ने अपने प्राण गवाए आज वह दिन आ गया है सफलता प्राप्त करने का जो की 22 जनवरी को भगवान राम की मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होगी राम मंदिर किसी व्यक्ति विशेस का नही है यह पूरे देश का मंदिर है इस लिए हम लोग आज माता के मंदिर की सफाई करके दीप प्रज्ज्वलित करेंगे इस दौरान सेक्टर अध्यक्ष विनोद कुमार जयसवाल बृजेंद्र नारायण मिश्र मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश बूथ अध्यक्ष सरवन कुमार पिंटू सिंह राठोर एवम अन्य लोग उपस्थित रहे

एकल अभियान द्वारा श्री राम चरण पादुका यात्रा का भव्य स्वागत

कौशाम्बी एकल अभियान कौशांबी द्वारा 16 जनवरी को श्री राम चरण पादुका यात्रा का भव्य स्वागत अंचल संरक्षक मुकुंदी लाल,अंचल सचिव अमरेश कुमार,अंचल उपाध्यक्ष रमाकांत,अंचल अध्यक्ष प्रमोद चंद्र व अंचल अभियान प्रमुख कृष्ण मूरत सिंह,के नेतृत्व में किया गया जिसमें महेवा में अंचल अभियान प्रमुख कृष्ण मूरत सिंह,अंचल उपाध्यक्ष रमाकांत,संच अध्यक्ष सुनील केसरवानी व संच पश्चिम शरीरा के सभी आचार्यों व कार्यकर्ता द्वारा यात्रा का भव्य स्वागत करते हुए विभिन्न स्थान कुम्हिआवा,हिनौता,ओसा चौराहा,गेरसा चौराहा,मूरतगंज, पुरामुफ्ती व उपरोक्त स्थानों पर एकल अभियान के सहयोगी अंचल संच के सभी सहयोगी समिति पदाधिकारी भव्य स्वागत किया जिसमें संजय जयसवाल पप्पू मोदनवाल विनीता गुप्ता,नगर पालिका अध्यक्ष भरवारी कविता पासी बबलू सोनकर जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना सोनकर विक्रम मौर्य,राजेंद्र पाल, कमलेश साहू,राममिलन,बृजेश साहू,देवेंद्र मिश्रा,डॉक्टर सुरेश मौर्य,नीलमणि,पुरुषोत्तम दास,मनीष केसरवानी,ज्ञान सिंह, शिवमोहन,राजेश प्रसाद,ओमप्रकाश,नागेंद्र कुमार,के साथ एकल अभियान के सभी कार्यकर्ता एवं लगभग एकल अभियान के 300 गांव के आये आचार्यो ने व हिंदू सनातनियों व संगठन के साथ मिलकर बाबा सत्यनारायण मौर्य व प्रभु श्री राम चरन पादुका का दर्शन व पुष्प वर्षा करते हुए श्री राम जी के नारे लगते हुये भव्य स्वागत किये एवं पुरामुफ्ती में प्रयागराज एकल अभियान के सभी समिति एवं कार्यकर्ता का स्वागत करते हुये जिम्मेदारी दिये यात्रा की जिम्मेदारी दिये।

बाइक को बचाने के चक्कर में पेड़ से टकराई कर तीन लहूलुहान

महेवाघाट कौशांबी महेवाघाट थाना क्षेत्र के सरसवां पेट्रोल टंकी के पास बाइक सवार को बचाने के चक्कर में कार सवार पेड़ से टकरा गए हैं हादसे में तीन लोग लहुलवान हो गए हैं हादसा देखकर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस को दी गई घायलों को कार से बाहर निकल गया और इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस भी पहुंच गई है। जानकारी के मुताबिक पिपरी थाना क्षेत्र के कादिलपुर निवासी ऋषभ मिश्रा वा नीलेश मिश्रा तथा हर्ष मिश्रा कार से राजापुर गए थे बुधवार की शाम 4:00 बजे कार सवार राजापुर से वापस कादिलपुर जा रहे थे जैसे ही कार सवार महेवा घाट थाना क्षेत्र के सरसवां पेट्रोल पंप के पास पहुंचे अनियंत्रित बाइक सवार को देखकर कार चालक हड़बड़ा गया और बाइक सवार को बचाने के चक्कर में कार चालक पेड़ से जा टकराया हादसे में ऋषभ मिश्रा नितेश मिश्रा और हर्ष मिश्रा को चोटे आई हैं कार की दुर्घटना देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बचाव एवं राहत कार्य शुरू कर दिया मामले की सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पुलिस भी पहुंच गयी घायलों को दुर्घटनाग्रस्त कार से बाहर निकाल कर इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है मामले की सूचना घायलों के परिजनों को दे दी गई है।

संपादक की कलम से

भारत-मालदीव खटास का फायदा न उठाये चीन

कुछ दिनों पहले लक्षद्वीप में समुद्र किनारे टहलते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तस्वीरों के सम्बन्ध में पड़ोसी मुल्क मालदीव के तीन मंत्रियों द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों को लेकर भारत और उसके पड़ोसी मुल्क मालदीव के बीच सम्बन्धों में जो बिगाड़ पैदा हुआ है, उसे आपसी बातचीत से सुधारे जाने की आवश्यकता है। ऐसा केवल परस्पर व्यवसायिक हितों के चलते ही जरूरी नहीं है वरन भारत के साथ गैरदोस्ताना सम्बन्धों में यकीन रखने वाले दूसरे पड़ोसी चीन को हिन्द महासागर से दूर रखने के लिये भी उचित होगा। मालदीव सरकार ने दोषी मंत्रियों को हटाकर भारत सरकार को संतुष्ट करने की कोशिश तो की है, लेकिन लगता है कि अभी तक नरेन्द्र मोदी नाखुश हैं। जहां एक ओर भारत ने वहां के उच्चायुक्त को बुलाकर अपनी नाराजगी जतलाई, वहीं अब मालदीव भी कड़े तेवर दिखला रहा है। हालांकि उसने भी अपनी राजधानी माले में पदस्थ भारतीय उच्चायुक्त को बुलाकर अपनी स्थिति साफ की थी।

जैसा कि अक्सर होता है कि देश का कोई भी विवाद राष्ट्रवाद से जोड़ दिया जाता है, इस मामले में भी ऐसा ही हुआ। मोदी की तस्वीरों पर की गई टिप्पणियों को लेकर देश भर में कोहराम मच गया। मोदी समर्थकों ने जमकर सोशल मीडिया पर बवाल काटा। अनेक कम्पनियों एवं लोगों ने मालदीव न जाने की अपील की जिसके कारण बड़ी संख्या में भारतीय पर्यटकों ने अपनी बुकिंग रद्द कर दी। इसके साथ ही यह बतलाने की कोशिश की कि भारत का लक्षद्वीप मालदीव से अधिक सुंदर है। जो देश बड़े पैमाने पर पर्यटन पर चल रहा हो, उसमें भी सबसे अधिक पर्यटक भारतीय होते हैं, तो सम्बन्धों का तल्ख होना लाजिमी है। इस मुस्लिम बहुल देश को संकट में पड़ा देखकर चीन लाभ लेने की कोशिश में भिड़ गया है। मंगलवार को मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू चीन का दौरा कर आये। स्वदेश लौटते ही मुइज्जू ने बयान दिया कि 'हमारा देश छोटा हो सकता है लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि किसी भी देश को हमें धौंस देने का लाइसेंस मिल गया है।' साफ है कि उनका इशारा सीधे-सीधे भारत की ओर था।

इतना ही नहीं, अब मालदीव के राष्ट्रपति ने भारत से कहा है कि वह 15 मार्च तक उनके देश में तैनात अपने सैन्यकर्मियों को हटा ले। उस देश में भारत के 77 सैनिक और कुछ विमान तथा हैलीकॉप्टर के चालक, मेंटेनेंस स्टाफ आदि हैं। इसके लिये एक उच्चस्तरीय कोर ग्रुप गठित किया गया है जिसकी पहली बैठक माले में हो चुकी है। ग्रुप भारतीय सैनिकों को हटाने की योजना पर काम कर रहा है। जैसा मालदीव सरकार ने चाहा है, उम्मीद है कि यह काम समय सीमा के भीतर पूरा हो जायेगा। यह एक तरह से दोनों देशों के बीच सम्बन्धों की एक और कड़ी को तोड़ने जैसा होगा।

वैसे मंत्रियों की मोदी के बाबत की गई टिप्पणियों की स्वयं मालदीव में पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों और अनेक विरोधी नेताओं ने मुइज्जू की आलोचना की है। इसका असर यह देखने को मिला कि माले की जिस सीट पर मुइज्जू राष्ट्रपति बनने से पहले मेयर थे, उसके लिये हुए चुनाव में उनकी पार्टी को हार का सामना करना पड़ा है। मेयर के चुनाव में विपक्षी 'मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी' (एमडीपी) के उम्मीदवार आदम अजीम जीत गए। इस दल का नेतृत्व मोहम्मद इब्राहीम सोलिह करते हैं, जो भारत समर्थक हैं। वैसे राष्ट्रपति के चुनाव में एमडीपी मुइज्जू की पीएनसी से हार गई थी। राष्ट्रपति बनने से पहले माले के मेयर मोहम्मद मुइज्जू हुआ करते थे जिन्होंने राष्ट्रपति चुनाव लड़ने के लिए मेयर के पद से इस्तीफा दे दिया था।

भारत के विदेश मंत्रालय एवं स्वयं मोदी को यह समझना होगा कि किसी भी मामले को कितना खींचा जाना चाहिये। तमाम पड़ोसी देशों के साथ शांतिपूर्ण सम्बन्ध सभी की आवश्यकता है। यह आत्मसम्मान की कीमत पर नहीं होगा. वैचारिक मतभेदों के पार जाकर सभी प्रधानमंत्री के साथ खड़े हैं लेकिन यह देखना होगा कि मामले को इतना न खींचा जाये कि परिदृश्य में चीन की एंट्री हो जाये।

यूं तो मालदीव बहुत छोटा सा देश है जो भारत के लिये कभी भी खतरा नहीं बन सकता परन्तु ऐसा न हो कि वह भारत से उलझने के लिये चीन के नजदीक चला जाये। बताया गया है कि वहां की अधोसंरचना के विकास और दूसरे अनेक कार्यों के लिये चीन उसे 13 करोड़ अमेरिकी डॉलर की आर्थिक मदद देने के लिये तैयार है। इनमें सड़कों का पुनर्निर्माण, मालदीवियन एयरलाइन को चीन में घरेलू उड़ानें शुरू करने की इजाजत, हुलहुमाले में पर्यटन केन्द्र, विलिमाले में 100 बिस्तरों वाला बिस्तर बनाने जैसी योजनाएं हैं जिनके लिये चीन उसकी वित्तीय सहायता करेगा। चीन का किसी भी देश में अपना दखल व उपस्थिति बढ़ाने का यह चिर-परिचित व आजमाया हुआ नुस्खा है। भारत की घेराबन्दी के लिये वह इस तरीके का कई बार इस्तेमाल कर चुका है।

पाकिस्तान व श्रीलंका में तो वह कर ही चुका है, नेपाल व भूटान में भी उसकी कोशिशें जारी रहती हैं। भारत के पड़ोसी छोटे देशों को चीन आर्थिक मदद के जरिये पहले प्रभावित करता है तत्पश्चात वह वहां अपनी सैन्य उपस्थिति की योजना बनाता है। भारत को इससे सावधान रहना होगा। इसलिये उसके लिये जरूरी है कि वह मालदीव के साथ अपने रिश्तों में सुधार के तरीके ढूंढ़े। भारत इस क्षेत्र का सिरमौर है और मालदीव का स्वाभाविक मित्र। दोनों का मिलकर रहना बेहतर होगा।

देश हित में उत्तरदायित्व प्राथम्य

वर्तमान के इस दौर में जब देश में लोकतंत्र अपनी अस्मिता बचाने की जद्दोजहद में है वहां समाज का हर नागरिक अपने लिए अधिक से अधिक अधिकारों की इच्छा रखता है ताकि पूरी स्वतंत्रता का उपभोग कर सके। इसी के फलस्वरूप हर रोज अधिकारों की बढ़ती मांग और कर्तव्य की अवहेलना से समाज वातावरण में असंतुलन बढ़ता जा रहा है। वॉलटेयर जी ने इस संदर्भ में ठीक ही कहा है कि अधिकार बढ़ने के साथ-साथ समानुपातिक रूप से उत्तरदायित्व भी धीरे-धीरे बढ़ जाता है हमें अपने अधिकारों के साथ अपनी जिम्मेदारियों का भी ज्ञान बोध होना जरूरी है। आपको ऐसा नहीं लगता है कि अधिकार तथा उत्तरदायित्व समानुपातिक है और समाज में हर व्यक्ति समुदाय के साथ संग संग चलते हैं। ऐसा कुछ है कि स्वतंत्रता और खुलेपन के संग उत्तरदायित्व जी जीवन की यात्रा में सहयात्री है। स्वतंत्रता या खुलेपन का अतिक्रमण किसी व्यक्ति के दायित्वों का हनन है हम जहां जिस ग्राम नगर अथवा देश में रहते हैं वहां पर यह सुनिश्चित है कि अधिकार एवं जिम्मेदारी हमारे साथ साथ विचरण करते दिखाई देते हैं। भारतीय संविधान में अधिकारों की मीमांसा करते हुए यह मूल रूप से माना गया है कि यहां देश में मूल अधिकारों को महत्व इसीलिए दिया जाता है की भारतीय जनमानस का बड़ा प्रतिशत अशिक्षित है अतः संविधान अशिक्षित व्यक्तियों के लिए ज्यादा से ज्यादा स्वतंत्रता और समानता प्रदाय कर सके ताकि फिर कोई समाज या राज्य उसका हनन न कर सके, दूसरी तरफ यदि कर्तव्य की बात करें तो सदैव यह हिदायत दी जाती रही है कि भारत की जनता अधिक मात्रा में अशिक्षित हैं अतः उन्हें अपने दायित्वों का ज्ञान तथा अनुभूति नहीं होगी और दायित्व और कर्तव्यों के बीच बड़ी लक्ष्मण रेखा खिच गई है।

व्यक्ति और समाज जैसे जैसे विकसित होता गया है और आधुनिकता के इस दौर में नागरिकों की अधिकारों की मांग बढ़ती जा रही है। हमें अधिकार धीरे-धीरे मिल भी रहे जिस तरह माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने निजता के अधिकार को मूल अधिकार की श्रृंखला में रखकर नागरिकों की स्वतंत्रता को सुरक्षित बनाने का प्रयास किया है। अब ऐसे में हमारा दायित्व बनता है कि हम अपनी निजता के अधिकार को अपने पास रखते हुए दूसरे की व्यक्तिगत स्वतंत्रता को नुकसान ना पहुंचाएं या उसकी स्वतंत्रता पर अतिक्रमण न करें, जिससे जिम्मेदारी और कर्तव्य बोध संग संग चलते रहे और सामाजिक परिवेश का कर्तव्य तथा अधिकार के बोध में सामंजस्य बना रहे। हम अपने व्यक्तिगत हित के कारण यह तथ्य विस्मित कर देते हैं कि हम एक लोकतांत्रिक राज्य के नागरिक हैं और हमें लोक कल्याण की अवधारणा को मूर्त रूप देना है जिससे कि राष्ट्र का विकास संभावित है। हम अपने आधुनिकता के चलते अपने दायित्व और मूल्यों के प्रति असावधान होते जा रहे हैं भारतीय समाज में बदलते समय के साथ नागरिक नैतिक मूल्यों की परवाह किए बगैर अपनी स्वच्छंदता एवं शक्ति के बल पर मनमानी तथा भ्रष्टाचार निरंकुशता को सर्वोपरि बनाने में लगे हुए है। देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के अंतर्गत देश के आम नागरिकों के द्वारा राजनीतिक पार्टियों के जनप्रतिनिधियों को विधिवत चुनकर संसद तथा विधान भवन भेजती है ताकि राज्य और देश का कल्याण हो सके किंतु अपने अधिकारों के प्रति उत्साहित यह राजनेता अपने मूलभूत कर्तव्य को भूलकर जनता का शोषण करने में लीन हो गए हैं और अधिकार संपन्न होकर निरंकुशता की श्रेणी में आकर बैठ गए हैं। इन जनप्रतिनिधियों ने अपने अधिकार तथा उत्तरदायित्व में तालमेल न बिठा कर शासन की व्यवस्था को बिगाड़ कर रखा है।

भारत से लेकर सारी दुनिया हुई राममय

आर.के. सिन्हा

कई सप्ताहों से पूरा विश्व ही उत्सुकता के साथ 22 जनवरी के ऐतिहासिक क्षण का इंतजार कर रहा है। दक्षिण पूर्वी एशियाई देश हों या फिर यूरोप, अमेरिका , ऑस्ट्रेलिया या जर्मनी से जापान तक सभी राम मय हो रहे हैं। अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम अमेरिका के टाइम्स स्क्वायर से लेकर यूरोप के एफिल टावर तक पर देखने को मिलेगा।

फ्रांस की राजधानी पेरिस में 21 जनवरी को ह्यराम रथ यात्राह्न का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पूरे यूरोप से हजारों लोग भाग लेंगे। इतना ही नहीं एफिल टावर के पास एक भव्य उत्सव भी मनाया जाएगा। इसी तरह अमेरिका में टाइम्स स्क्वायर पर 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले रामलला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट किया जाएगा। नॉर्थ अमेरिका से लेकर कनाडा तक के मंदिरों में पूजन और दीपोत्सव किया जाएगा। अमेरिका में कैलिफोर्निया के साथ ही वाशिंगटन, शिकागो और अन्य शहरों में विशाल कार रैलियाँ भी आयोजित की जा रही है। दुनिया के 50 से अधिक देशों में बड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन देशों में प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को लाइव देखा जा सकेगा। अमेरिका में 300, ब्रिटेन में 25, ऑस्ट्रेलिया में 30, कनाडा में 30, मॉरीशस में 100 के अलावा आयरलैंड, फिजी, इंडोनेशिया और जर्मनी जैसे 50 से अधिक देशों में बड़े पैमाने पर रामलला प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट किए जाने की तैयारी है। न्यूयार्क के मेयर एरिक एडम्स ने कहा भी कि अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा सिर्फ भारत ही नहीं, न्यूयार्क में दक्षिण एशियाई और इंडो कैरेबियाई समुदायों के हिंदुओं के लिए भी जश्न मनाने का मौका है। प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर नेपाल से 3 हजार से अधिक उपहार अयोध्या पहुंच रहे हैं। जनकपुर से सीता जी के लिए साड़ी, चांदी के जूते, आभूषण आदि उपहार भेजे गए। श्रीलंका ने अशोक वाटिका से विशेष पत्थर अयोध्या भेजा है। मारीशस ने तो अपने यहां 22 जनवरी को अवकाश भी घोषित किया है। बकायदा, 2 घंटे का विशेष अवकाश पूजा पाठ के लिए प्रदान किया गया है।

राम मंदिर उद्घाटन कार्यक्रम में कुल 7 हजार से अधिक मेहमान शामिल होंगे। इसमें बड़ी संख्या में विदेशी मेहमान भी होंगे। गेस्ट लिस्ट में अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप, ऑस्ट्रेलिया और अफ्रीका सहित 53 देशों के मेहमानों के नाम शामिल हैं।

अमेरिका, कनाडा, जर्मनी, फिजी समेत 50 देशों के प्रतिनिधियों को भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर अयोध्या आने का निमंत्रण पत्र दिया गया है। मुस्लिम बहुल देशों में भी प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तैयारियों में उत्साह है। इंडोनेशिया, सऊदी अरब में भी प्राण प्रतिष्ठा का सजीव प्रसारण किया जाएगा।

विश्व हिंदू परिषद के अनुसार दुनिया के 160 ऐसे देश हैं जहां हिंदू धर्म के लोग बड़ी संख्या में रहते हैं। वहां विभिन्न धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। इनमें शोभायात्रा, हवन पूजन, हनुमान चालीसा पाठ आदि के आयोजन शामिल हैं।

दरअसल, राम भारत ही नहीं विश्व चेतना के आधार हैं। विश्व इतिहास और विश्व साहित्य में भी राम और रामकथा बहुप्राचीन एवं बहुप्रचलित है। इंडोनेशिया में 'काकाविन रामायण', जापान में 'होबुत्सुशू', थाइलैंड में 'रामकियेन', म्यांमार में 'रामवस्तु', 'राम-ताज्या', 'राम- तात्यो', 'थिरी राम', 'पोन्तव राम' तथा 'थामाध्ये' (रामलीला नाटक), कम्बोडिया में 'रामकेर', फिलीपीन्स में 'महारादिया लावना', मलेशिया में 'मलय रामायण, 'हिकायत सेरी राम', लाओस में 'फालम', मंगोलिया में राम ग्रंथ प्रचलित और लोकप्रिय हैं। दक्षिण-पूर्व एशिया की सबसे प्राचीन और सर्वाधिक महत्वपूर्ण राम कथा केंद्रित कृति प्राचीन जापानी भाषा में विरचित रामायण का काबीन है, जिसकी तिथि नौवीं शताब्दी से भी पहले की है। लाओस के निवासी आज भी स्वयं को भारतवंशी मानते हैं। वे मानते हैं कि कलिंग युद्ध के बाद उनके पूर्वज इस क्षेत्र में आकर बस गये थे। लाओस की संस्कृति पर भारतीयता की गहरी छाप है। यहां रामकथा पर आधारित चार रचनाएं उपलब्ध है। दक्षिण पूर्व एशिया समेत अन्य देशों में राम कथा का व्यापक असर देखा जा सकता है। आम जन मानस की जिंदगी में राम के चरित्र की गहरी छाप दिखती है। इस बीच, अयोध्या से सैकड़ों किलोमीटर दूर राजधानी दिल्ली के अशोक विहार में भी राम लला के मंदिर जैसा ही एक राम मंदिर का निर्माण हो रहा है। इनका दोनों मंदिरों के आर्किटेक्ट सी.बी.सोमपुरा ही हैं। सोमपुरा जी को विश्व हिन्दू परिषद के अध्यक्ष अशोक सिंघल अयोध्या (वीएचपी) लेकर गए थे ताकि वे राम लला के मंदिर का डिजाइन बनाएं। फिर सोमपुरा जी ने ही अयोध्या के राम मंदिर का डिजाइन को बनाया।

हालांकि दिल्ली के अशोक विहार के श्रीराम मंदिर की स्थापना तो 1975 में हो गई थी, पर इसका विस्तार आगे भी होता रहा। इसकी मैनेजमेंट से जुड़े हुए अशोक बंसल बताते हैं कि जब सोमपुरा जी और विश्व हिन्दू परिषद ने अयोध्या में राम मंदिर का डिजाइन जारी किया तब हमने भी तय किया हमारे मंदिर का डिजाइन भी अयोध्या के राम मंदिर की तर्ज पर ही रहेगा। इसकी अयोध्या के राम मंदिर से एक समानता यह भी है कि यहां भी राजस्थान के बंसीपुर का लाल संगमरमर का गुलाबी पत्थर ही लगा है। इन दोनों मंदिरों के निर्माण में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा तो है ही। वे अयोध्या के राम लला के मंदिर के निर्माण पर शुरू से ही नजर रख रहे थे, तो उनकी प्रेरणा से अशोक विहार का राम मंदिर भी बना। इस बात को यहां के पदाधिकारी भी मानते हैं। हां, दोनों में सिर्फ इतना अंतर है कि अशोक विहार का श्रीराम मंदिर स्थानाभाव के कारण छोटा है।

जब आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में राम लला का प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम हो रहा होगा,तब अशोक विहार के श्रीराम मंदिर में सुबह से ही सुंदर कांड और भजन के कार्यक्रम शुरू हो जाएंगे। सारे मंदिर में आलोक सज्जा और विशालभंडारे का कार्यक्रम तो होगा ही। माना जा रहा है कि 22 जनवरी को यहां भी करीब एक लाख भक्त आएंगेऔर भंडारे का प्रसाद पायेंगे ।

अगर बात दिल्ली की करें तो यहां का तो सबसे पुराना राम मंदिर चांदनी चौक में ही है। यह लगभग कई सौ साल पुराना बताया जाता है। यह कोई बहुत भव्य तो नहीं है, पर खाटी पुरानी दिल्ली वाले यहां कभी ना कभी किसी पर्व या सत्यनारायण की कथा में भाग लेने अवश्य आए होते है। राजधानी में राम या श्रीराम मंदिर नाम से मंदिर कम ही हैं। कम से कम हनुमान या शिव मंदिरों की तुलना में। हालांकि श्रीराम परिवार की मूर्तियां तो हरेक मंदिर में ही मिलेंगी। वैसे देखा जाए तो हरेक हनुमान मंदिर अपने आप में राम मंदिर ही है। राम के बिना हनुमान कहां और हनुमान के बिना राम कहा।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तभकार और पूर्व सांसद हैं)

गठबंधनों की माया से मुक्त होकर अकेली चलेगी मायावती

बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने आगामी लोकसभा चुनावों में अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा करके न केवल विपक्षी इंडिया गठबंधन को चौंकाया है बल्कि नये राजनीतिक समीकरण खड़े कर दिये हैं। इंडिया गठबंधन के अन्य दलों को इस घोषणा से कोई विशेष फर्क नहीं पड़ेगा, लेकिन कांग्रेस, समाजवादी पार्टी एवं भाजपा का चुनावी नफा-नुकसान इससे अवश्य प्रभावित होगा। यही कारण है तीनों दलों के रणनीतिकार अपने-अपने नजरिए से सियासी आंकलन करने में जुट गये हैं। मायावती अगर विपक्षी गठबंधन में शामिल होतीं तो उत्तर प्रदेश में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी दोनों को फायदा हो सकता था, लेकिन अब यह फायदा भाजपा को मिल सकता है। हाल के दिनों में भाजपा की रीतियों-नीतियों को लेकर जिस तरह का उदार रवैया बसपा सुप्रीमो दिखा रही थीं, उससे भी ऐसे अंदाजे लगाए जा रहे थे कि वे इंडिया गठबंधन के लिये कोई उजाला नहीं बनेगी। इस ताजे ऐलान की मुख्य वजह पहले ही दिखाई देने का एक बड़ा कारण मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को अपना उत्तराधिकारी घोषित करना भी रहा है। आज जब सभी विपक्षी दल भाजपा एवं नरेन्द्र मोदी के खिलाफ मिलकर एकजुट हुए हैं, उसमें बसपा जैसी बड़ी पार्टी का ना होना भी महत्वपूर्ण हो जाता है। निश्चित ही बसपा का हाथी इंडिया गठबंधन के सपनों को कुचलते हुए आगे बढ़ गया है।

लम्बे समय तक उत्तर प्रदेश में शासन का अनुभव रखने वाली मायावती ने राजनीतिक सूझबूझ का परिचय देते हुए स्वतंत्र चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। मायावती के अकेले चुनाव लड़ने से बसपा को लोकसभा में सीटों का कितना फायदा होगा, यह तो भविष्य के गर्भ में हैं। लेकिन अपने वोट बैंक के लिहाज से मायावती ने अकेले चुनाव लड़ने ऐलान कर खिसकता हुआ जनाधार बढ़ाने का एक अचूक तीर चलाया है। उन्होंने अपने वोटरों को एक संदेश भी दिया है कि उनके वोट बैंक में कोई दूसरा हिस्सेदारी नहीं ले सकता है। जबकि समाजवादी पार्टी इस तरह का लाभ लेने के लिये तमाम तरह के दांवपेंच चलाती रही है। बसपा ने उ.प्र. में समाजवादी पार्टी के साथ मिलकर 1993 व 2019 में विधानसभा व लोकसभा के चुनाव लड़े थे। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार वर्ष 1993 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में सपा और बसपा में वोट ट्रांसफर हुआ था। जिसके चलते राज्य में गठबंधन की सरकार बनी थी। हालांकि, वर्ष 2014 में सपा-बसपा अलग-अलग चुनाव लड़े थे, लेकिन वर्ष 2019 में दोनों साथ मिलकर लड़े। इससे दोनों दलों को फायदा हुआ। यहां तक कि बसपा को ज्यादा फायदा हुआ क्योंकि 2014 में भाजपा के राजनीतिक गणित से मात खाकर बसपा को एक भी सीट नहीं मिली थी। जबकि गठबंधन के साथ बसपा 2019 में दस लोकसभा सीट पाने में सफल रही। हालांकि, सपा को ज्यादा लाभ नहीं हुआ, उसके खाते में सिर्फ पांच लोकसभा सीट ही आईं।

मायावती एवं अखिलेश यादव के बीच कुछ समय से खटास बढ़ने एवं अविश्वास की स्थितियां गहराती हुई दिख रही थी, यही कारण है मायावती ने सपा के मुखिया को रंग बदलने वाला गिरगिट तक कह दिया। मायावती ने कहा कि जिन दलों के साथ बसपा ने पिछले चुनावों के दौरान गठबंधन किया था, उनके वोट का लाभ उनको न होकर गठबंधन दल को हुआ। बहरहाल, मायावती के एकला चलो के फैसले से इंडिया गठबंधन को बड़ा झटका जरूर लगा है, खासकर देश की सबसे पुरानी कांग्रेस पार्टी को आस थी कि मायावती विपक्षी गठबंधन का हिस्सा बनेंगी तो वोटों का बिखराव रोका जा सकेगा। खासकर दिल्ली की कुर्सी का रास्ता दिखाने वाले उत्तर प्रदेश में बढ़त लेने के लिये, जहां वंचित समाज में बसपा की मजबूत पकड़ का लाभ इंडिया गठबंधन को मिल सकता है। लेकिन मायावती ने अपने वोट बैंक को सुरक्षित, संरक्षित एवं वृद्धिंगत करने के लिये ही यह दूरगामी फैसला लिया है, जिसका लाभ बसपा को मिलेगा। मायावती का यह राजनीति फैसला जनादेश और जनापेक्षाओं को ईमानदारी से समझने और आचरण करने का भी सही कदम है और सफलता ऐसे ही सही कदमों के साथ चलती है।

मायावती का यह दांव राजनीतिक तौर पर निश्चित ही दूसरों की बजाय खुद के लिये बेहद फायदेमंद हो सकता है। क्योंकि बसपा का वोट बैंक उसी का है, उसमें कोई सेंधमार नहीं कर सकता। इसीलिये बसपा के लोकसभा का चुनाव अकेले लड़ने से कई फायदे मिलते नजर आ रहे हैं। पहला फायदा तो यही है कि पार्टी अपने पूर्व अनुभवों के लिहाज से मानकर चल रही है कि उसका वोट प्रतिशत कम नहीं होगा। दूसरा और महत्वपूर्ण फायदा बसपा को यह है कि उनके वोट का फायदा या हिस्सेदारी कोई अन्य दल नहीं ले सकता है। इन स्थितियों में अगर वोट प्रतिशत कम नहीं होता है, तो निश्चित तौर पर उनकी सीटें भी कहीं कम नहीं होने वालीं। भाजपा की प्रचंड लहर में भी भले ही उनकी सीटें कम हों, लेकिन वोट प्रतिशत में कोई सेंधमारी नहीं हो सकी। इसलिए बरकरार वोट प्रतिशत के साथ अकेले सियासी मैदान में उतरना पार्टी के लिए फायदे का सौदा होगा। इन सभी गणनाओं के आधार पर अकेले चुनाव का रास्ता उनकी पार्टी के कार्यकताओं का मनोबल बढ़ाने एवं भविष्य के लिये बसपा को मजबूती देने वाला राजमार्ग बन सकता है। इसके अलावा कहा यह भी जा रहा है कि मायावती ने अपने उत्तराधिकारी आकाश आनंद के लिए इस चुनाव में पहली बार खुले तौर पर बगैर किसी दबाव के रणनीति बनाने और उसे अमली जामा पहनाने के लिए अकेले चुनाव लड़ने का बड़ा सियासी खेल खेला है। यह बात बिल्कुल सच है कि गठबंधन में रहकर आकाश आनंद के लिए अपनी रणनीतियों को आगे बढ़ाने की उतनी खुली आजादी नहीं मिल पाती।

मायावती की ताजा घोषणाएं राजनीतिक क्षेत्र में जहां हलचल पैदा करने का बड़ा कारण बनी है, तो वहीं विपक्षी दल इन घोषणाओं से बौखलाये भी हैं। यही कारण है कि विपक्षी दल आरोप लगा रहे हैं कि मायावती भाजपा सरकार की केन्द्रीय एजेंसियों की कार्रवाई से घबरायी हुई है। वे ईडी व अन्य वित्तीय एजेंसियों की संभावित कार्रवाई की आशंका के दबाब में आकर ही यह फैसला किया हैं। इन आरोपों में सचाई हो सकती है, लेकिन राजनीति से जुड़े तमाम नेता एवं दल दूध के धूले नहीं है, उन पर ऐसी ईडी का साया मंडरा सकता है, फिर वे भी ऐसे ही राजग को लाभ पहुंचाने वाले निर्णय क्यों नहीं लेते? भले ही विपक्षी दल बसपा के राजग को परोक्ष रूप से लाभ पहुंचाने की रणनीति को इसी दृष्टि से देखते हो, या इसी वजह है कि बसपा सुप्रीमो ने उन तीखे-तल्ख नारों से परहेज किया है जो अकसर वह सवर्णों को लेकर उछालती रही है। विपक्षी भले कितने ही आरोप लगाती रहे, लेकिन मायावती को इंडिया गठबंधन का हिस्सा बनाये रखने में वह पूरी तरह नाकाम रहा है।

एक समय ऐसा था जब मायावती एवं बसपा का राजनीतिक जादू सिर चढ़कर बोलता था। लेकिन यही अहंकार एवं जन-विरोधी राजनीति ने मायावती को जल्दी ही उसकी जमीन दिखा दी। दलित-मुस्लिम गठजोड़ की वैचारिकी पर आधारित यह राजनीतिक दल कालांतर में मुस्लिमों का भरोसा भी कायम न रख सका। एक समय पार्टी का जादू इस कदर था कि 1987 के हरिद्वार लोकसभा उपचुनाव में दिग्गज दलित नेता रामविलास पासवान तक की जमानत जब्त हो गई थी। ये बसपा-सपा गठबंधन की ताकत थी कि 1992 में अयोध्या में विवादित ढांचा गिराये जाने के बाद चली राम लहर में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा था। लेकिन चार बार उत्तर प्रदेश की मुख्यमंत्री रहीं मायावती का जनाधार अब इतना नहीं रह गया कि पार्टी किंग मेकर की भूमिका निभा सके। उसके परंपरागत जनाधार पर नरेन्द्र मोदी के करिश्माई एवं जादूई व्यक्तित्व ने सेंध लगा दी है। बहरहाल, बसपा का अकेले चुनाव लड़ना भाजपा को रास आएगा क्योंकि इससे विपक्षी गठबंधन का जनाधार खिसकेगा। जिससे भाजपा की जीत की राह आसान हो सकती है। प्रेषक

(ललित गर्ग)
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार
ई-253, सरस्वती कुंज अपार्टमेंट
25 आई. पी. एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली-92
फोन: 22727486, 9811051133

गजब बॉलीवुड

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा

बॉलीवुड हमेशा अपने अति-उत्साही नाटक, असाधारण नृत्य दृश्यों और जीवन से बड़े पात्रों के लिए जाना जाता है। उद्योग ने कुछ प्रतिष्ठित फिल्में बनाई हैं जिन्होंने दशकों तक दर्शकों का मनोरंजन किया है। इन सबके बावजूद बॉलीवुड से जुड़ी कुछ मजेदार बातें कुछ इस तरह हैं

कथानकः बॉलीवुड फिल्मों में सबसे आम ट्रॉप्स में से एक क्लासिक प्रेम कहानी है। एक विशिष्ट कथानक में एक गरीब लड़के का एक अमीर लड़की के प्यार में पड़ना और सच्चे प्यार की तलाश में उनके सामने आने वाली बाधाएँ शामिल हो सकती हैं। यह अक्सर नाटकीय गलतफहमियों, पारिवारिक झगड़ों और अत्यधिक भावनाओं की एक श्रृंखला को जन्म देता है। एक अन्य लोकप्रिय कहानी बदला लेने की गाथा है, जहां नायक किसी प्रियजन की हत्या का बदला लेने के लिए अक्सर अपमानजनक स्टंट और एक्शन दृश्यों का सहारा लेता है। कथानक अक्सर इतना जटिल हो जाता है कि यह पता लगाना कठिन हो जाता है कि कौन किसका बदला ले रहा है। ऐसी "खोई और पाई" कहानियां भी हैं, जहां नायक बचपन में अपने परिवार से अलग हो जाता है, लेकिन कई अविश्वसनीय संयोगों के बाद वर्षों बाद उनके साथ फिर से जुड़ता है। इन कहानियों में अक्सर अच्छे उपाय के लिए भूलने की बीमारी का सबप्लॉट शामिल होता है।

पात्रः बॉलीवुड फिल्में अपने बड़े-से-बड़े किरदारों के लिए जानी जाती हैं, जो अक्सर भावनाओं की अतिरंजित श्रृंखला प्रदर्शित करते हैं। नायक को अक्सर एक आदर्श व्यक्ति के रूप में चित्रित किया जाता है - मजबूत, बहादुर और न्याय के लिए लड़ने के लिए हमेशा तैयार। उन्हें अपने बेदाग सिक्स-पैक एब्स को बनाए रखते हुए, खूबसूरती से नायिका के साथ नृत्य और रोमांस करते हुए भी देखा जा सकता है। दूसरी ओर, नायिका को आम तौर पर अनुग्रह और सुंदरता के प्रतीक के रूप में चित्रित किया जाता है, जिसमें बारिश में नृत्य करने और नाटकीय मोनोलॉग देने की प्रवृत्ति होती है। वह अक्सर संकट में पड़ी एक लड़की का प्रतीक है, जो नायक द्वारा बचाव का इंतजार कर रही होती है। बॉलीवुड फिल्मों में खलनायकों को उनकी नापाक योजनाओं और शैतानी हंसी के साथ समान रूप से बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है। उनके पास अक्सर गुर्गों की एक सेना होती है, जिनमें से सभी को गुरुत्वाकर्षण-विरोधी लड़ाई दृश्यों की एक श्रृंखला में नायक द्वारा आसानी से हरा दिया जाता है।

गाने और डांस नंबरः कोई भी बॉलीवुड फिल्म गीत और नृत्य दृश्यों की श्रृंखला के बिना पूरी नहीं होती। ये संगीतमय अंतराल अक्सर कथानक से पूरी तरह से असंबंधित होते हैं और अभिनेताओं के नृत्य कौशल के साथ-साथ उन विदेशी स्थानों को प्रदर्शित करने का काम करते हैं जहां फिल्म की शूटिंग की गई थी। इन गानों के बोल अक्सर बेतुके होते हैं, जैसे "मेरा दिल बारिश में भट्टी पर आलू की तरह जल रहा है" और "चलो प्यार की रसोई में डिस्को करते हैं"। डांस मूव्स समान रूप से अति-उत्कृष्ट हैं, जिसमें अभिनेता अपने सही बाल और मेकअप को बनाए रखते हुए, गुरुत्वाकर्षण-विरोधी स्टंट और जटिल कोरियोग्राफी का प्रदर्शन करते हैं।

फैशनः जब फैशन की बात आती है तो बॉलीवुड फिल्में आंखों को दावत देती हैं। पात्रों को अक्सर सबसे असाधारण और भड़कीले परिधान पहने देखा जाता है, जिसमें प्रचुर मात्रा में सेक्विन, पंख और चमक होती है। वेशभूषा अक्सर विभिन्न युगों और संस्कृतियों का मिश्रण होती है, जिसमें पात्र पलक झपकते ही पारंपरिक भारतीय पोशाक से पश्चिमी डिजाइनर लेबल पर आसानी से स्विच कर लेते हैं।

स्पेशल इफेक्ट्सः बॉलीवुड में जीवन से भी बड़े एक्शन दृश्यों को बनाने के लिए प्राथमिक विशेष प्रभावों का उपयोग करने की लंबे समय से चली आ रही परंपरा है। हवा में उड़ने वाली कारों से लेकर विस्फोटों के सामने बिना कटे बालों के दौड़ने वाले नायकों तक, बॉलीवुड फिल्मों में विशेष प्रभाव अक्सर अनजाने में प्रफुल्लित करने वाले होते हैं। बॉलीवुड फिल्मों की अक्सर अनजाने में बेतुकी और अति-उत्साही प्रकृति के बावजूद, भारत और दुनिया भर में उनके बहुत बड़े प्रशंसक हैं। दर्शक मेलोड्रामा, विचित्र कथानक और गीत तथा नृत्य दृश्यों की संक्रामक ऊर्जा की ओर आकर्षित होते हैं।

ठंड से गरीबों को बचाने को बांटे 450 कम्बल

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। सांसद आरके सिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, कोआपरेटिव बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल की मौजूदगी में मदर प्राइड ग्लोबल स्कूल चकमाली अमानपुर में मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप जलाकर राजस्व एवं आपदा विभाग से निःशुल्क कंबल बांटे गये।

कम्बल बांटते जनप्रतिनिधि व डीएम।

बुधवार को सांसद आरके सिंह पटेल ने कम्बल वितरण में कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ने सदैव गरीब कल्याणकारी योजनायें चला रहे हैं। गरीबों को ठंड मौसम में कंबल बांटे जा रहे हैं। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री जब से सत्ता में आये हैं, गरीबों को दवा, पक्का मकान, रसोई गैस देने के साथ बच्चों के पढ़ाई-लिखाई की सोच के साथ काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने पांच लाख तक इलाज की मुफ्त सुविधा को आयुष्मान कार्ड बनवाये हैं। महिलाओं को स्वावलंबी बनाने की योजना पर कार्य कर रहे हैं। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कहा कि सूबे की सरकार ठंड के मौसम में कंबल बंटवा रही है। अब तक सभी तहसीलों में छह हजार कंबल बांटे जा चुके हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर जगह-जगह अलाव व ठंड से बचने को रैन बसेरा हैं। सरकार लगातार गरीबों के लिए कार्य कर रही है।

कौशल्या, मलुआ, समरिया, ममता, रामकली, कुसुम आदि को 450 कंबल बांटे गये। इस मौके पर एसडीएम कर्वी सौरभ यादव, तहसीलदार अमित त्रिपाठी, तीरथ तिवारी, राजकुमार, शिवकांत, प्रधान लवलेश समेत कानूनगो, लेखपाल व ग्रामीण मौजूद रहे।

पुरवा तरौंहा ने क्वार्टर फाइनल में किया प्रवेश

चित्रकूट। कर्वी तहसील के पुरवा तरौंहा में मां कालिका देवी क्रिकेट टूनामेंट के तीसरे दिन पहला मुकाबला भगत सिंह स्पोर्टिंग क्लब पुरवा तरौंहा व सरदार बल्लभ भाई पटेल स्पोर्टिंग क्लब नारायणपुर के बीच हुआ। भगत सिंह स्पोर्टिंग क्लब ने जीत हासिल कर अंडर 14 टूनामेंट फाइनल में प्रवेश किया।

बुधवार को भगत सिंह स्पोर्टिंग क्लब के 18 रन व चार विकेट लेने वाले मनीष तिवारी को मैन ऑफ द मैच घोषित किया। चैलेंज कप का चैथा लीग मैच पुरवा तरौंहा व कोठलिहाई के बीच हुआ। पुरवा तरौंहा ने जीत हासिल की। दस रन व पांच विकेट लेने वाले पुरवा तरौंहा के सोनू को मैन ऑफ द मैच मिला। गोरेलाल गौतम, राजेश कोटार्य ने पुरस्कार दिया। मैच के अंपायर लोकनाथ, राहुल यादव रहे। कमेंटेटर इब्रान खान, रमेश मिश्रा, स्कोरर मनीष, रामकुमार रहे। सहयोगी में ओमशंकर, अजय यादव, गौरव मिश्रा, शरीफ खान, गोपाल मिश्रा, हिमांशु आदि भारी तादाद में दर्शक मौजूद रहे।

जिला जज आदि ने देखी जेल, कैदियों की व्यवस्था करें चौकस

जेल निरीक्षण में मौजूद अधिकारीगण।

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। जिला जज, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने जिला कारागार का निरीक्षण कर सीसीटीवी कैमरा के संचालन, हाई सिक्योरिटी बैरक ए व बी, पृथक आवास नं 2, 1, पाकशाला देखी।

बुधवार को जिला जज विकास कुमार प्रथम, जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कैदियों से खानपान के बारे में पूंछा। निर्देश दिये कि मेन्यू के हिसाब से कैदियों को भोजन व नास्ता दिया जाये। हरी सब्जियां भी दी जायें। अधीक्षक जिला कारागार को निर्देश दिए कि सीसीटीवी कैमरों का संचालन जारी रहे, विशेष ध्यान दें। साफ-सफाई बनी रहनी चाहिए। ठंड बढ़ गई है, सभी व्यवस्थायें दुरुस्त करें, ताकि कैदियों को कोई दिक्कत न हो। जेल अधीक्षक को निर्देश दिये कि दीवारों पर पौराणिक वॉल पेंटिंग करायें। दूर के कैदियों से मिलने आने वाले को नियमानुसार मिलान करायें। कैंटीन प्रभारी को निर्देश दिये कि किसी प्रकार की शिकायत नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण दौरान अधीक्षक जिला कारागार शशांक पांडेय, उप कारापाल रजनीश कुमार सिंह, जेल डा रामानुजम आदि मौजूद रहे।

योगी सरकार की योजनाओं का उठायें लाभः विधायक

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। नगर पंचायत मऊ में विकसित भारत संकल्प यात्रा पुरुषोत्तम इंटर कॉलेज में मुख्य अतिथि/विधायक अविनाशचंद्र द्विवेदी, नगर पंचायत अध्यक्ष अमित द्विवेदी की मौजूदगी में योगी सरकार की जारी जन कल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से आम जनता को जानकारी दी गई।

संकल्प यात्रा में मौजूद अतिथिगण।

बुधवार को विधायक अविनाशचन्द्र द्विवेदी ने कहा कि सरकारी योजनाओं का सभी लोग लाभ उठायें। कई मंजूरी पत्र बांटे। एसडीएम मऊ राकेश कुमार पाठक, ईओ बालकृष्ण गौतम, नायब तहसीलदार विवेक कुमार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक शिवा कुमार, डूडा के जेई सुनील कुमार, समेत नगर पंचायत का स्टाफ मौजूद रहा।

विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी में लोगों से योजनाओं का लाभ उठाने को कहा। प्रचार वाहन से सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। मोदी के ऑनलाइन एलईडी प्रचार वाहन प्रोजेक्टर से प्रदर्शन किया। लोगों को पॉलिथीन का प्रयोग न करने व बहिष्कार को जागरूक किया।

थानों में सुरक्षा समिति की हुई बैठकें

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों के गांवों में सर्दी के मद्देनजर ग्राम सुरक्षा समिति की बैठकें हुईं।

बुधवार को ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों से थानाध्यक्षों ने कहा कि अपने गांव में सक्रिय रहें, ताकि सर्दी का लाभ उठाकर चोरी, छिनैती, लूट की घटनायें न हों। अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाने को पुलिस से तत्काल कार्यवाही को तालमेल बनायें। बैठक में प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य व ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों समेत अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

रिश्वतखोरी में बदनुमा दाग है लिपिक जगदीश पाण्डेय

स्थानीय होने के नाते करता है मनमानी

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। क्या वजह है कि पूरी नौकरी दौरान कलेक्ट्रेट के लिपिक जगदीश प्रसाद पाण्डेय का आज तक जिले की अन्य तहसीलों व गैर जिले में तबादला नहीं हुआ। ये लिपिक अपने अक्खडपन के लिए जाना जाता है, फिर भी कलेक्ट्रेट में जमा है। रिश्वतखोरी में इसका कोई जवाब नहीं है।

बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट में तैनात लिपिक जगदीश प्रसाद पाण्डेय की करतूतों का खुलासा हुआ। बताया गया कि ये लिपिक लम्बे समय से कलेक्ट्रेट में जमा है। तकरीबन कलेक्ट्रेट के सभी लिपिकों का जिले की अन्य तहसीलों में तो तबादला हुआ है, लेकिन इसका तबादला आज तक नहीं हुआ। कलेक्ट्रेट में तैनात रहकर इसकी रिश्वतखोरी की चचार्यें तो सभी लोग करते हैं, मजाल क्या कोई इसके सामने मुंह खोल सके। ये लिपिक कर्वी तहसील के सकरौली गांव का रहने वाला है। स्थानीय होने के नाते इसकी दबंगई व मनमानी तथा रिश्वतखोरी सिर चढकर बोल रही है।

कलेक्ट्रेट में तैनात लिपिक जगदीश प्रसाद पाण्डेय।

कलेक्ट्रेट में अनुसूचित जाति के लोगों की जमीन खरीदने की अनुमति लेने में लिपिक जगदीश प्रसाद पाण्डेय खुलकर मोलभाव करता है। अधिकारियों के नाम पर खुलेआम कलेक्टेज्ट में रखे अपने प्राइवेट सहयोगी से रिश्वत की रकम लेता है। यहां तक कि इस पत्रकार से भी अनुसूचित जाति की जमीन की अनुमति लेने में 15 हजार रुपये की रिश्वत ली है। ये कहकर कि पूर्व एडीएम कुंवर बहादुर सिंह बिना पैसे के कोई काम नहीं करते। 15 हजार रुपये लेने के बाद इस लिपिक ने अनुमति पत्र दो दिनों के अन्दर बना दिया। ये लिपिक जब लेखपालों की पटल पर था तो जमकर धन उगाही करता रहा है। लेखपालों के तबादले व अनुकम्पा नियुक्ति में जमकर रिश्वतखोरी करता रहा है। स्थानीय होने के नाते ये लिपिक हर किसी से पैसों की मांग करता है। बिना पैसे के कोई काम नहीं करता। यहां तक कि अनुसूचित जाति की जमीन लेने के मामले में तो ये लाखों रुपये की रिश्वत लेने में संकोच नहीं कर रहा है। लोगों ने जिलाधिकारी से इस लिपिक को मऊ-राजापुर या मानिकपुर तहसील में तबादला कर करतूतों की जांच की मांग की है।

गुरु गोविन्द सिंह की मनी जयंती

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोर में गुरु गोविन्द सिंह जयन्ती समारोह का शुभारम्भ प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड अंजलिका प्रियदर्शिनी ने गुरु गोविन्द सिंह के चित्र पर दीप जलाकर माल्यार्पण किया।

जयंती में दीप जलाती प्रधान मजिस्ट्रेट।

बुधवार को योगाचार्य संजय कुमार ने संवासियो को गुरू वन्दना के साथ गुरु गोविन्द सिंह के आदर्शों के साथ जीवन में शिक्षा को आत्मसात करने को कहा। प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड अंजलिका प्रियदर्शनी ने संवासियो को गुरु गोविन्द सिंह के जन्म के महत्व पर प्रकाश डाला। सहायक अधीक्षक वीर सिंह, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड शिवशंकर त्रिपाठी, अर्चना श्रीवास्तव, अंजना, परामर्श दाता दीपक शर्मा, अमोद कुमार पटेल आदि मौजूद रहे।

भाजपा सरकार जनता से कर रही जुमलेबाजीः मान सिंह

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। पहाडी थाना क्षेत्र के ओरा गांव में लगी चैपाल में बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव/ वरिष्ठ समाजवादी नेता मान सिंह पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार जनता से जुमलेबाजी कर रही है।

बुधवार को ओरा गांव में चैपाल में सपा नेता मान सिंह पटेल ने सपा मुखिया अखिलेश यादव के कराये विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि सपा का चरित्र विकासवादी है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की सोंच दलित, पिछड़ा, आदिवासी व महिलाओं के उत्थान की है। उन्हें मुख्य धारा में लाने की अखिलेश यादव की सोंच है। सपा सरकार के समय जिले में 84 हजार गरीब महिलाओं को समाजवादी पेंशन दी जा रही थी। राजापुर व मानिकपुर को तहसील का दर्जा देने समेज राजापुर में यमुना नदी में पुल समेत कहेटा पुल, लोहदा पुल, साईंपुर पुल, कनकोटा पुल, अगरहुंडा पुल बनवाकर आम जनता को सुविधा दिया था। जिले के विकास की धारा को तेज किया था। जिला मुख्यालय में ओवरब्रिज, हवाई पट्टी, अंतरराज्यीय बस अड्डा, प्रदेश का पहला रोपवे लक्ष्मण पहाड़ी में बनवाया था। विकास की गाथा सभी लोग जानते हैं। किसानों की सुविधा को हर न्याय पंचायत में मंडी, जिले को बिजली कटौती से मुक्त किया था। ये सब सपा मुखिया अखिलेश यादव की सोंच का नतीजा है। मौजूदा भाजपा सरकार सिर्फ जुमले सुना रही है। विकास कार्यों से कोई लेना-देना नहीं है। भाजपा सरकार की नीतियों से महंगाई चरम पर है। बेरोजगारी उच्चतम स्तर को पार कर गई है। बच्चियां व महिलायें सुरक्षित नहीं हैं। कानून व्यवस्था ध्वस्त है। दलित, पिछड़ा, आदिवासियों के आरक्षण को लूटा जा रहा है। जनचैपाल में जिला प्रवक्ता सुभाष पटेल ने भी विचार व्यक्त किये। चैपाल में विधानसभा अध्यक्ष राजाबाबू यादव, जिला सचिव आत्माराम यादव, श्रवण कुमार यादव ने भी विचार व्यक्त किया।

चौपाल में बोलते सपा नेता मान सिंह पटेल।

गौवंशों की सुरक्षा को दिखावा कर रही सरकारः अनुज

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। सपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अनुज सिंह यादव ने कहा कि जिले में इन दिनों सभी गौशालाओं में ठंड, भूख-प्यास से गौवंश दम तोड़ रहे हैं। प्रशासन के कानों में जूं नहीं रेंग रही। अगस्त से एक भी गौशालाओं का भुगतान नहीं हुआ। बुधवार को सपा नेता अनुज सिंह यादव ने कहा कि प्रदेश के विशेष सचिव शिवसहाय अवस्थी ने 11 जुलाई को आदेश जारी कर कहा था कि स्थायी गौशाला हो या आस्थायी हो, सभी का तत्काल ऑनलाइन भुगतान किया जाये, किन्तु जिले में छह माह से एक भी भुगतान नहीं हुआ, जबकि जिले में साढ़े चार करोड़ रुपये डंप है। उन्होंने कहा कि गौवंश के नाम पर भाजपा सरकार में गौवंश की सबसे ज्यादा दुर्दशा है। सरकार सिर्फ दिखावा करती है, हकीकत में कुछ और ही नजारा है।

अनुज यादव।

जिला कारागार में देवी से मिलते जिला जज व जिलाधिकारी तथा कथा आनन्द लेते बन्दी।

रामकथा सुन जेल के बन्दी हुए अभिभूत

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। 22 जनवरी को प्रस्तावित प्राण प्रतिष्ठा से कारागार में कैद बंदियों को जोडने, मन में जनकल्याण, सत्कार्य की भावना विकसित करने, दुराचरण से विरत रहने की गरज से कारागार में बतौर मुख्य अतिथि जिला जज विकास कुमार प्रथम, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, अपर जिला जज/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फारूक इनाम सिद्दीकी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सूर्यकांत दुबे की मौजूदगी में दीप जलाकर जिला कारागार में रामकथा का शुभारंभ हुआ।

बुधवार को जिला कारागार में जन-जन के हृदय में विराजमान मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के आशीर्वाद से अभिसिंचित करने को धर्मार्थ ट्रस्ट अयोध्या से पधारी राजराजेश्वरी देवी के मुखारबिंद से त्रिदिवसीय रामकथा शुरू हुई। राजराजेश्वरी व महंत अखिलेश दास की रामकथा सुनते हुए बंदीगण भक्तिभाव से अभिभूत हो गये। उन्हें आजीवन अपराध से विमुख रखने का संकल्प दिलाया। इस मौके पर जेल अधीक्षक शशांक पांडे, जेलर संतोष कुमार वर्मा, जेल डॉ रामानुज आदि मौजूद रहे।

रामललाः यज्ञवेदी मंदिर-तोतामुखी हनुमान मंदिर में हुआ दीपोत्सव

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। अयोध्या में रामलला की स्थापना को लेकर धर्मनगरी में रामघाट स्थित यज्ञवेदी मंदिर, तोतामुखी हनुमान मंदिर, पर्णकुटी में दीपोत्सव, पूजन-कीर्तन हुआ। अब तक आठ स्थानों पर हुए, 22 जनवरी तक 22 स्थानों पर ये क्रम चलेगा।

बुधवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह व मत्तगजेंद्रनाथ मंदिर ट्रस्ट कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीपदास महाराज ने रामघाट यज्ञवेदी मंदिर, तोतामुखी हनुमान मन्दिर, पर्णकुटी में भगवान श्रीराम, सीता, भाई लखन समेत निवास किए, यहां प्रभु श्रीराम की मूर्तियों पर दीपोत्सव हुआ। भजन-कीर्तन भी हुआ। निवार्णी अखाडा यज्ञवेदी मंदिर महंत सत्यप्रकाश दास महराज ने दीपोत्सव की सराहना की। साढे पांच सौ वर्षों बाद प्रभु श्रीराम भव्य दिव्य मंदिर में विराजमान हो रहे हैं। इससे बड़ा उत्सव और खुशी संसार में दूसरी नहीं हो सकती। तोतामुखी हनुमान मंदिर के पुजारी मोहितदास महराज व पर्णकुटी के बच्चू महराज ने 22 जनवरी को घरों में दीवाली मनाने की अपील की। इस मौके पर प्रदीप द्विवेदी, अखिलेश त्रिपाठी, अम्बिका द्विवेदी, जगरूप पाठक, युवा व्यापार मंडल के महामंत्री अंकित पहारिया, पुष्पराज विश्वकर्मा, कवीर्मांफी प्रधान बद्री सिंह पटेल समेत भक्तजन मौजूद रहे।

सरकार को सद्बुद्धि आने की कांग्रेसियों ने की प्रार्थना

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल एड की अगुवाई में पीसीसी मेंबर रंजना पांडे के आवास पर महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर भगवान से प्रार्थना किया कि सरकार को सद्बुद्धि आये। कांग्रेस कार्यकर्ता अनोखेलाल तिवारी को भाजपा-आरएसएस के गुंडों ने मारा-पीटा व अभद्र बर्ताव कर झंडा खींचकर झंडे का अपमान किया।

बुधवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि ऐसे लोगों पर कार्यवाही की जाये। कांग्रेसियों ने राम धुन गाकर भाजपा सरकार को सद्बुद्धि आने की प्रार्थना की। देश-प्रदेश में गुंडाराज खत्म हो, तानाशाही खत्म हो। कुशल सिंह पटेल ने कहा कि राष्ट्रीय महासचिव अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की अगुवाई में कांग्रेस नेताओं ने 15 जनवरी मकर संक्रांति पर भगवान राम के दर्शन करने को अयोध्या गए थे।

वहां जिस तरह से भाजपा प्रायोजित गुंडों ने कांग्रेस का झंडा एवं कार्यकर्ता को मारा-पीटा। कांग्रेस ने निंदा की। जिला उपाध्यक्ष अवधेश करवरिया ने कहा कि भगवान राम सबके हैं, तन में मन में भगवान हैं। बीजेपी वाले जिस तरह से भगवान राम के नाम पर राजनीति की रोटी सेंक रहे हैं, पूरी तरह से चुनाव को देखकर काम कर रहे हैं। धर्म एक आस्था का केंद्र है। चुनाव विकास के नाम पर होना चाहिए। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार के खिलाफ कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा। इस मौके पर रंजना बराती लाल पांडे, अनिल यादव, अनूप प्रिंस भाई, लतीफ खान, अली हुसैन, रिंकी सिंह, मिथिला, आरती पांडे, सोनम देवी, हरिओम पांडे आदि मौजूद रहे।

डा अम्बेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में कीर्ति मिश्रा ने किया नाम रोशन

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। भारतीय बौद्ध महासभा ने युवा एवं बाल विकास समिति के तहत 19 नवम्बर को हुई प्रदेश स्तरीय डा अम्बेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के नतीजे आये हैं। प्रदेश में जूनियर वर्ग में द्वितीय स्थान कु कीर्ति मिश्रा, सांत्वना पुरस्कार धर्मेंद्र यादव राजकीय अभिनव इंटर कालेज सरधुवा ने जिले का नाम रोशन किया। बुधवार को बौद्ध महासभा के प्रदेश संगठन मंत्री गया प्रसाद बौद्ध ने बताया कि दोनों बच्चों ने अप्रैल में द्वितीय स्थान प्राप्त कर नगद धनराशि सात हजार व सांत्वना पुरस्कार बतौर एक हजार व शील्ड पाकर सम्मानित हुए। बौद्ध महासभा के पदाधिकारियों ने युवा एवं बाल विकास समिति के पदाधिकारियों, शिक्षा जगत से जुड़े धम्म बंधुओं-बहनों, विद्यालयों के प्रधानाचार्यों, प्रबंधकों, शिक्षकों, सामाजिक संगठनों से जुड़े साथियों के सहयोग से लोकप्रिय बनी 2023 की डॉ अंबेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के संचालन में सम्यक सहभागिता से नए कीर्तिमान बनाये हैं। वर्ष 2023 में हुई प्रतियोगिता में विलक्षण प्रतिभा का प्रदर्शन कर प्रदेश स्तरीय योग्यता सूची में स्थान बनाने वाले प्रतिभागियों, गुरुजनों, परिजनों को बधाई देते हुए स्वर्णिम भविष्य की कामना की है। कालेज के प्रभारी प्रधानाचार्य मुकेश कुमार भारतीय, अजय कुमार त्यागी, राकेश कुमार, रंजीत पाल, अमरनाथ मिश्रा, भारतीय बौद्ध महासभा के जिलाध्यक्ष ज्ञानचंद बौद्ध, भारतीय बौद्ध महासभा के प्रदेश संगठन मंत्री गया प्रसाद बौद्ध ने मंगल कामनायें की हैं।

लायर्स यूनियन की याचिका सुनने से मुख्य न्यायाधीश ने किया इंकार

अखंड भारत संदेश

चित्रकूट। आल इंडिया लायर्स यूनियन के जिलाध्यक्ष रुद्र प्रसाद मिश्र एड ने कहा कि सूबे के मुख्य सचिव के 14 से 22 जनवरी तक प्रदेश के सभी मन्दिरों में भजन-कीर्तन, रामायण पाठ व सभी शहरों में रथ कलश यात्रा के आदेश को जनहित याचिका कर चुनौती दी है।बुधवार को रुद्र प्रसाद मिश्र एड ने बताया कि कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश ने जनहित याचिका के अविलम्ब सुनवाई से इंकार कर दिया है। लायर्स यूनियन के चित्रकूट अध्यक्ष रुद्र प्रसाद मिश्र ने कहा कि संवैधानिक व्यवस्थाओं को दर-किनार कर डबल इंजन सरकार संविधान विरोधी शासनादेश जारी कर रही है। जनहित याचिका में लायर्स यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष नारोत्तम शुक्ल बनाम उप्र राज्य के मुख्य सचिव व तीन अन्य के नाम 11 जनवरी को दाखिल किया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता के समक्ष अविलम्ब सुनवाई को निवेदन किया तो सुनवाई से मना कर दिया। लायर्स यूनियन ने भारतीय संविधान के धर्म निरपेक्ष चरित्र व अनुच्छेद 25, 26, 27 को आधार बनाया है। राज्य को किसी भी धार्मिक गतिविधि में निरपेक्ष रहने की अपेक्षा संविधान में है।

उन्होंने बताया कि सबे के मुख्य सचिव ने 21 दिसम्बर को जिलाधिकारियों को धार्मिक गतिविधि आयोजित करने के आदेश व अलग से राजकोष से जारी 590 लाख रुपये किये हैं। याचिका में अधिवक्ता का आशुतोष कुमार तिवारी, अरविन्द कुमार राय, राकेश कुमार गुप्ता, गुंजन शर्मा व धर्मेन्द्र सिंह शामिल रहे।

पुलिस ने एक वारंटी दबोचा

मऊ/चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक मऊ राजेश कुमार द्विवेदी की अगुवाई में दरोगा कृपानन्दन शर्मा की टीम ने आर्म्स एक्ट के वारंटी भईयन पुत्र बदलू निवासी बरवार को गिरफ्तार किया। टीम में दरोगा कृपानन्दन शर्मा, सिपाही मो अदनान शामिल रहे।

'आठ फरवरी को देश को हैरान कर देगी PTI'; आम चुनाव से पहले जेल में बंद पूर्व पीएम ने दिया बड़ा संकेत

क्वीटो। पाकिस्तान में अगले महीने आम चुनाव होने हैं। इससे पहले पूर्व पीएम इमरान खान ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने दावा किया कि उनकी पार्टी आठ फरवरी को होने वाले चुनावों में अपने प्लान 'सी' से आश्चर्यचकित कर देगी। उन्होंने कहा कि हम प्लान ए' और प्लान बी' की विफलता के बाद तैयार हैं। हालांकि 'प्लान सी' से उनका क्या तात्पर्य था, इसका खुलासा उन्होंने नहीं किया। गौरतलब है कि इमरान कई मामलों में अदियाला जेल में बंद हैं। पाकिस्तानी मीडिया ने बताया कि उन्होंने ये दावा जेल में पत्रकारों से बात करते हुए किया। उन्होंने अपनी रणनीति बताते हुए कहा कि पार्टी नेतृत्व को पता था कि उनके खिलाफ साजिश करने वाले विरोधी उनकी योजनाओं को बर्बाद कर देंगे। इसलिए पीटीआई ने वैकल्पिक रणनीतियों पर काम किया है। खान ने दावा किया कि पीटीआई सरकार के खिलाफ एक साजिश रची गई थी। इतना ही नहीं, साजिश के तहत पार्टी के लगभग 10,000 कार्यकर्ताओं को सलाखों के पीछे डाल दिया गया था और उनकी पार्टी को खत्म करने के प्रयास भी पूरे जोरों पर थे। इस दौरान उन्होंने अपने जेल मुकदमे का सीधा प्रसारण करने की भी मांग की। इमरान ने कहा कि देश को यह समझने की जरूरत है कि अदालत में क्या हो रहा है। इस दौरान इमरान खान ने सिफर मुद्दे के पर भी बात की। उन्होंने कहा कि पूर्व सेना प्रमुख कमर जावेद बाजवा ने उन्हें सिफर मुद्दे पर चुप रहने के लिए दो-तिहाई बहुमत की पेशकश की थी। साथ ही इस मुद्दे को सार्वजनिक रूप से उजागर करने की कोशिश करने पर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी।

अपनी ही नीति में फंसा चीन, जनसंख्या में फिर आई गिरावट, बच्चे पैदा करने से बच रहे लोग

बीजिंग। चीन में जनसांख्यिकी में आ रही गिरावट को लेकर लगातार चिंता बढ़ रही है। चीन की सरकार ने वार्षिक आंकड़े जारी किए। जिनके अनुसार, चीन में साल 2023 में आबादी में 20 लाख की गिरावट आई। बीते छह दशकों में पहली बार साल 2022 में चीन की आबादी में गिरावट दर्ज की गई थी। इसकी वजह चीन में जन्म दर में आई तेज गिरावट को बताया जा रहा है। दरअसल चीन ने कई साल पहले अपनी बढ़ती जनसंख्या को कम करने के लिए वन चाइल्ड पॉलिसी लागू की हुई थी।

चीन में जन्म दर में आई गिरावट

वन चाइल्ड नीति की वजह से चीन की जन्म दर में तेज गिरावट आई है और अब दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था आबादी में गिरावट की समस्या से जूझ रही है। विशेषज्ञ मानते हैं कि आने वाले सालों में चीन में यह समस्या और भी विकराल हो सकती है। संयुक्त राष्ट्र के जनसंख्या फंड डाटा के अनुसार, भारत अब चीन को पछाड़कर दुनिया में सबसे ज्यादा आबादी वाला देश बन गया है। भारत की जनसंख्या पिछले साल 142.86 करोड़ दर्ज की गई। चीन की आबादी 140 करोड़ है। चीन के नेशनल ब्यूरो ऑफ स्टेटिक्स ने बताया है कि चीन में बीते साल 90 लाख बच्चे पैदा हुए, जो कि साल 2022 में पैदा हुए 95.6 लाख बच्चों से 5 प्रतिशत कम हैं।

न्यूजीलैंड की पहली 'शरणार्थी' सांसद पर लगे दुकान से चोरी के आरोप, सौंपा इस्तीफा

विलनियस। न्यूजीलैंड में एक अजीबोगरीब वाकया सामने आया है। यहां एक सांसद पर दुकानों से चोरी करने के आरोप लगे हैं। इस मामले के सामने आने के बाद सांसद गोलरिज घारमन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। चौंकाने वाली बात यह है कि गोलरिज न्यूजीलैंड की पहली सांसद हैं, जो कि शरणार्थी रही हैं। उन्हें 2017 में देश की पहली शरणार्थी सांसद के तौर पर शपथ दिलाई गई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, गोलरिज पर आरोप हैं कि उन्होंने दो कपड़े के स्टोर्स से चोरी की। इस खुलासे के बाद सांसद ने सफाई दी थी कि उन्होंने इन चोरियों को तनाव और मानसिक स्वास्थ्य में समस्याओं के कारण अंजाम दिया। 43 वर्ष की गोलरिज इससे पहले संयुक्त राष्ट्र में मानवाधिकार मामलों की वकील रही हैं। वे मूलतः ईरान से हैं।

मामले पर गोलरिज ने कहा, 'मैं माफी चाहती हूं। मेरे मानसिक स्वास्थ्य के लिए बेहतर यही होगा कि मैं सांसद पद से इस्तीफा दे दूं।' उन्होंने अपने बयान में चोरी से जुड़ी किसी घटना का जिक्र नहीं किया, हालांकि उन्होंने यह कहा कि वे अपने बर्ताव पर कोई सफाई नहीं देना चाहतीं, क्योंकि यह तार्किक नहीं होगा। ग्रीन पार्टी के नेता जेम्श शॉ ने गोलरिज का बचाव करते हुए कहा कि सांसद बनने के बाद से ही उन्हें यौन हिंसा, शारीरिक हिंसा के साथ-साथ मौत की धमकियां भी मिल चुकी हैं और पुलिस इन मामलों की जांच कर रही है। इसके चलते बाकी सांसदों के मुकाबले उन्हें ज्यादा तनाव से गुजरना पड़ा। ग्रीन पार्टी ने कहा कि गोलरिज हमेशा से शरणार्थियों के अधिकारों के लिए लड़ती रही हैं। 2020 में उन्होंने खुद बताया था कि वे कई मानसिक समस्याओं से जूझ रही हैं।

'लंबे समय तक हमारे साथ काम...'; भारतवंशी रिपब्लिकन नेता रामास्वामी के समर्थन से ट्रंप उत्साहित

वाशिंगटन। अमेरिका में इस साल राष्ट्रपति चुनाव 2024 कराए जाने हैं। इसी बीच अमेरिकी प्रांत न्यू हैंपशायर से बड़ी खबर सामने आई है। रिपब्लिकन नेताओं की रेस में आगे चल रहे पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय मूल के रिपब्लिकन नेता विवेक रामास्वामी का समर्थन मिलने पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि रामास्वामी का समर्थन दिखाता है कि वे लंबे समय तक उनके साथ काम करने वाले हैं। दिलचस्प है कि चुनाव से पहले कराए गए एक सर्वे के मुताबिक, डोनाल्ड ट्रंप अमेरिकी चुनाव में अपने प्रतिद्वंद्वी और डेमोक्रेट प्रत्याशी बाइडन पर बढ़त बना सकते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि राष्ट्रपति बाइडन के वर्तमान कार्यकाल से जनता बहुत खुश नहीं है।

रामास्वामी का समर्थन सम्मान की बात

गौरतलब है कि अमेरिका में चार चरणों में होने वाले चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। आयोवा कॉकस के चुनाव परिणाम आ चुके हैं। इसमें पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप को बड़ी जीत मिलने की खबर है। जीत के बाद न्यू हैंपशायर के एटकिंशन में रैली करने पहुंचे ट्रंप ने रामास्वामी से मुलाकात कर उनके समर्थन के लिए आभार प्रकट किया। भारतीय-अमेरिकी नेता को धन्यवाद देते हुए ट्रंप ने कहा, रिपब्लिकन पार्टी के नेता के रूप में रामास्वामी लंबे समय तक

उनके साथ काम करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि भारतवंशी नेता का समर्थन पाना उनके लिए सम्मान की बात है।

ट्रंप 'अमेरिका फर्स्ट देशभक्त'

रामास्वामी भी राष्ट्रपति चुनाव की दौड़ में शामिल थे, लेकिन कॉकस चुनाव के बाद उनका जनाधार कमजोर साबित हुआ। व्हाइट हाउस की रेस में शामिल रामास्वामी आयोवा में चौथे नंबर पर रहे। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव 2024 में पिछड़ने के बाद रामास्वामी ने ट्रंप के समर्थन का फैसला लिया। इससे ट्रंप की स्थिति और मजबूत हो गई है। रामास्वामी ने रिपब्लिकन पार्टी के समर्थकों और मतदाताओं को 'अमेरिका फर्स्ट देशभक्त' (America First patriot) नेता ट्रंप का समर्थन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि ट्रंप से बेहतर कोई विकल्प नहीं है। लोगों को उनका समर्थन करना ही चाहिए। गौरतलब है कि ट्रंप और रामास्वामी अपने अभियान के दौरान पहले भी एक-दूसरे की तारीफ करते रहे हैं।

ट्रंप 21वीं सदी के 'महानतम राष्ट्रपति'

रामास्वामी के अभियान की सराहना करते हुए ट्रंप ने संकेत दिया है कि वह उनके साथ लंबे समय तक काम करने को तैयार हैं। ट्रंप ने भरोसा जताया है कि वह बहुत अच्छे रिपब्लिकन नेता साबित होंगे। बता दें कि ट्रंप के खिलाफ चार गंभीर आरोपों का मुखर विरोध करने वाले चुनिंदा नेताओं में भारतवंशी विवेक रामास्वामी का नाम सबसे आगे रहा है। रामास्वामी ने ट्रंप को 21वीं सदी का %महानतम राष्ट्रपति% करार दिया। उन्होंने कहा था कि अगर वे राष्ट्रपति बनते हैं तो बाइडन के खिलाफ तमाम मामलों को निरस्त करना, पदभार ग्रहण करने के बाद पहला फैसला होगा।

भारतीय छात्रों का कनाडा से मोहभंग, परमिट में 86 फीसदी गिरावट; खालिस्तान से जुड़े विवाद का असर

टोरंटो। भारत और कनाडा के संबंध पहले जैसे नहीं है। निज्जर की हत्या के बाद कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के बयान को लेकर भारत ने कनाडा के साथ राजनयिक संबंधों पर कड़ा रूख अख्तियार किया है। दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों में शिक्षा भी अहम भूमिका निभाती है। बड़ी संख्या में भारतीय छात्र पढ़ाई करने कनाडा जाते हैं। ताजा घटनाक्रम में भारतीय छात्रों का मोहभंग होने की बात सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक कनाडा के आप्रवासन मंत्री मार्क मिलर ने भी कहा है कि भारत से आने वाले छात्रों की संख्या निकट भविष्य में बढ़ेगी, इसकी संभावनाएं क्षीण हैं।

कम संख्या में आवेदन किए भारतीय छात्र

कनाडा जाने के लिए भारतीय छात्रों को जो परमिट मिलता है, उसमें लगातार गिरावट देखी जा रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक लगभग 86 फीसदी कम भारतीय छात्रों को परमिट मिले हैं। कनाडा सरकार के बड़े अधिकारी ने बताया है कि पिछले साल के अंत में परमिट में तेज गिरावट देखी गई। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि

भारत ने परमिट की प्रक्रिया पूरी करने वाले कनाडाई राजनयिकों को देश से बाहर निकाल दिया। खालिस्तान मुद्दे पर विवाद के बीच भारत की सख्ती का नतीजा यह भी हुआ कि कनाडा में पढ़ाई के लिए पहले की तुलना में काफी कम छात्रों ने आवेदन किए।

भारत ने कनाडा के 41 राजनयिकों को निकाला

दोनों देशों के तल्ख रिश्तों के बीच आप्रवासन मंत्री मिलर का मानना है कि शिक्षा जगत पर इस तनाव का बुरा असर पड़ने की आशंका है। उन्होंने कहा कि तनाव के कारण भारत से आने वाले आवेदन कम हुए हैं। साथ ही इनको प्रोसेस करने में जुटे अधिकारियों की संख्या भी लगभग आधी हो चुकी है। बता दें कि बीते अक्तूबर में कनाडा के 41 राजनयिकों को भारत से बाहर का रास्ता दिखा दिया गया।

अंतिम तिमाही में केवल 14,910 छात्रों को परमिट

आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक तनाव के कारण पिछले साल की चौथी तिमाही में भारतीय छात्रों को जारी परमिट पिछली तिमाही की तुलना में 86 फीसदी गिरावट आई। जुलाई-सितंबर तिमाही में 1,08,940 परमिट जारी किए थे। अंतिम तिमाही में केवल 14,910 छात्रों को परमिट जारी किए गए। ओटावा में भारतीय उच्चायोग के एडवाइजर सी गुरुस उब्रमण्यम ने कहा, कुछ भारतीय अंतरराष्ट्रीय छात्र कनाडाई संस्थानों में हॉस्टल और पढ़ाई के स्तर में कथित गिरावट के कारण भी दूसरे विकल्पों पर विचार कर रहे हैं।

कनाडा के खजाने में सालाना 13.64 खरब रुपये का राजस्व

यह भी रोचक है कि 2022 में कनाडा जाने वाले कुल छात्रों में 41 फीसदी भारतीय (2,25,835 छात्र) थे। इतनी बड़ी संख्या में छात्रों के जाने से कनाडा की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होती है। अनुमान के मुताबिक सालाना लगभग 22 बिलियन कनाडाई डॉलर यानी 16.4 बिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई होती है। भारतीय राशि में इतनी रकम 13.64 खरब रुपये होती है।

पाकिस्तान में दंगा मामले में पूर्व मंत्री शेख रशीद गिरफ्तार

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में बीते नौ मई को हुए दंगों के मामले में पूर्व आंतरिक मंत्री एवं आवामी मुस्लिम लीग के प्रमुख शेख रशीद को गिरफ्तार कर लिया गया। उन पर पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद गत नौ मई को संवेदनशील प्रतिष्ठान में तोड़फोड़ और हमले की योजना बनाने का आरोप है। पूर्व मंत्री रशीद गत नौ मई के दंगा मामलों में दर्ज 14 मामलों में जमानत के लिए एटीसी के सामने पेश हुए। पूर्व मंत्री को 14 में से 13 में जमानत दे दी गई। हालांकि उनके खिलाफ न्यू टाउन पुलिस स्टेशन में दर्ज दंगा मामले में उनकी जमानत अर्जी खारिज कर दी गई। एक निजी चैनल से बातचीत में रशीद ने कहा कि वह गत 40 दिन से चिल्ला (भूमिगत) थे। इस दौरान उन्हें कई चीजों पर विचार करने का मौका मिला। इस दौरान मुझे किसी ने कोई नुकसान नहीं पहुंचाया। उन्होंने कहा कि वह हमेशा पाकिस्तान की सेना के साथ खड़े हैं और उन्होंने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख इमरान को भी सेना के साथ अच्छे संबंध रखने की सलाह दी। गत नौ मई को पाकिस्तान के प्रमुख सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला करने में शामिल 103 संदिग्धों का सैन्य ट्रायल लगभग पूर्ण हो चुका है। 90 प्रतिशत मामलों में संदिग्ध दोषी पाए गए। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इन मामलों में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के कारण फैसला नहीं सुनाया गया है उल्लेखनीय है कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान की गिरफ्तारी के विरोध में पीटीआई के कार्यकर्ताओं ने जिन्ना हाउस (लाहौर कोर कमांडर हाउस), मियांवली एयरबेस और फैसलाबाद स्थित आईएसआई भवन सहित एक दर्जन सैन्य प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़ की गई थी।

डोनाल्ड ट्रम्प ने आयोवा कॉकस में जीत का जश्न मनाया, कहा-अमेरिका की सेवा के लिए बना हूं

डेस मोइनेस (आयोवा)। अमेरिकी प्रांत आयोवा में मिली जीत से पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प गदगद हैं। उन्होंने जीत का जश्न मनाते हुए कहा कि वह अमेरिका की सेवा के लिए बने हैं। ट्रम्प ने 2024 के चुनाव के पहले रिपब्लिकन प्राइमरी आयोवा कॉकस में शानदार जीत हासिल की। उन्हें 51 प्रतिशत वोट मिले हैं। यह जीत उनकी रिपब्लिकन पार्टी पर स्थायी पकड़ का स्पष्ट संकेत है। द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रम्प की जीत के 30 अंकों के अंतर ने आयोवा रिपब्लिकन कॉकस में प्रतिस्पर्धा का एक रिकॉर्ड बनाया है। रिपोर्ट के अनुसार, बावजूद इसके ट्रम्प को पूरे साल अदालती तारीखों का

सामना करना होगा। उनके खिलाफ 91 मामले दर्ज हैं। वह कल मानहानि मुकदमे के सिलसिले में न्यूयॉर्क कोर्ट हाउस में उपस्थित हुए। यह मुकदमा लेखिका ई. जीन कैरोल से संबंधित है। कैरोल ने पूर्व राष्ट्रपति पर बलात्कार का आरोप लगाया है। इसके बाद ट्रम्प एक रैली के लिए न्यू हैम्पशायर चले गए।

इस बीच डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर दावा किया कि ईश्वर ने उन्हें अमेरिका का ध्यान रखने के लिए ही बनाया है। तीन मिनट के वीडियो में उन्होंने कहा है कि 14 जून, 1964 को भगवान ने सोचा कि अमेरिका को एक केयर टेकर की जरूरत होगी, इसी वजह उन्हें पैदा किया गया । अमेरिका को एक मजबूत और साहसी इंसान की जरूरत है, जो भेड़ियों से न डरे। आयोवा में जीत के बाद ट्रंप ने मतभेदों को भुलाकर अमेरिका को बाइडेन के कब्जे से आजाद कराने की अपील की है। उन्होंने इसके लिए सभी रिपब्लिकन उम्मीदवारों से समर्थन करने की अपील की है।

जापान के न्यू चिटोज हवाई अड्डे पर 2 यात्री विमान टकराए, कई उड़ानें रद्द

टोक्यो। देश के उत्तरी हिस्से में साप्पोरो शहर से लगभग 110 मील पूर्व में होक्काइडो के न्यू चिटोज हवाई अड्डे पर स्थानीय समयानुसार शाम लगभग 5:30 बजे दो विमान आपस में टकरा गए।कोरियन एयर के विमान ने कैथे पैसिफिक विमान को टक्कर मार दी, लेकिन इस दुर्घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। जापान के राष्ट्रीय प्रसारक एनएचके ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि होक्काइडो में हवाईअड्डे पर कई उड़ानें रद्द कर दी गई हैं और कुछ समय तक व्यवधान जारी रहने की आशंका है। हवाई अड्डे के अधिकारियों के अनुसार कोरियाई एयर के विमान और कैथे पैसिफिक विमान के बीच 'संपर्क' था, लेकिन इस समय यह स्पष्ट नहीं है कि विमानों के बीच टक्कर कितनी गंभीर थी। अग्निशमन विभाग के अनुसार कोरियन एयर के विमान ने कैथे पैसिफिक विमान को टक्कर मार दी, जो दुर्घटना के समय गेट पर खड़ा था और उसमें कोई यात्री नहीं था। कोरियन एयर के विमान में 276 यात्री और चालक दल के 13 सदस्य सवार थे। इस दुर्घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

मौसम की रिपोर्ट से संकेत मिलता है कि जापान के उत्तरी हिस्से में दृश्यता वर्तमान में खराब है। कुछ क्षेत्रों में भारी बर्फबारी की सूचना दी गई है और दुर्घटना के समय न्यू चिटोज हवाई अड्डे पर तापमान सिर्फ 24 डिग्री से नीचे है। इससे पहले 2 जनवरी को टोक्यो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के रनवे पर 2 विमान आपस में टकरा गए थे। 367 यात्री और चालक दल के 12 सदस्यों वाले यात्री विमान के उतरने के दौरान रनवे पर तटरक्षक विमान से टकराने के बाद ये हादसा हुआ था।

ईरान की एयरस्ट्राइक से बौखलाया पाकिस्तान, कहा- इस कार्रवाई का अंजाम बुरा भी हो सकता है

ईरान। पाकिस्तान के बलूचिस्तान में ईरान की एयरस्ट्राइक में दो बच्चों की मौत हो गई। इस हमले के बाद पाकिस्तान ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। पाकिस्तानी सरकार ने ईरान को चेतावनी देते हुए कहा कि हमारी संप्रभुता का उल्लंघन करना अस्वीकार्य है। इस कार्रवाई का अंजाम बुरा भी हो सकता है। दरअसल, ईरान ने पाकिस्तान में घुसकर बलोच उग्रवादी संगठन बताया कि ईरान ने अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगभग 50 किलोमीटर

अंदर घुसकर कार्रवाई की है। उन्होंने बलूचिस्तान के पंजगुर जिले की एक मस्जिद को भी नष्ट कर दिया। अरिपोर्ट के अनुसार, जैश अल-अदल का गठन 2012 में हुआ था, जिसे ईरान आतंकवादी संगठन मानता है। ईरान के दक्षिण-पूर्वी प्रांत सिस्तान-बलूचिस्तान में स्थित यह एक सुन्नी आतंकवादी समूह है। पिछले कुछ वर्षों में जैश अल-अदल ने ईरानी सुरक्षा बलों पर कई हमले किए हैं। दिसंबर में जैश अल-अदल ने सिस्तान-बलूचिस्तान में एक पुलिस चौकी पर हमले की जिम्मेदारी ली, जिसमें 11 पुलिसकर्मियों की मौत हुई थी। एक दिन पहले, ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने इराक के उत्तरी शहर एरिबल के पास स्थित इस्राइल की मोसाद एजेंसी पर बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया। साथ ही गार्ड्स ने सीरिया में भी इस्लामिक स्टेट आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई की थी। आंतकी समूहों आईएस की सभाओं को तबाह करने के लिए भी ईरान ने बैलिस्टिक मिसाइलों का इस्तेमाल किया था।

'रूस के खिलाफ यूक्रेन को समर्थन देते रहेंगे', वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम में बोले अमेरिका के एनएसए

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन ने कहा है कि अमेरिका आगे भी यूक्रेन का समर्थन करना जारी रखेगा। जैक सुलिवन का यह बयान यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की के उस बयान के बाद सामने आया है, जिसमें जेलेंस्की ने कहा था कि रूस के खिलाफ लड़ाई में उन्हें अमेरिका और यूरोप के समर्थन की जरूरत होगी। मंगलवार को वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम के एक सत्र को संबोधित करते हुए जैक सुलिवन ने यह बात कही।

अमेरिकी एनएसए बोले- आगे भी मदद करते रहेंगे

जैक सुलिवन ने उम्मीद जताई कि जल्द शांति होगी। उन्होंने कहा 'हम सभी के लिए

शांति और सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं अगर हम सभी मिलकर समझदारी भरे और बड़े फैसले करें। अमेरिका और हमारे सहयोगी देश आगे भी उनकी (यूक्रेन) मदद करते रहेंगे।' अमेरिका यमन में हूती विद्रोहियों के ठिकानों को भी निशाना बना रहा है, ऐसे में पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की आशंका पैदा हो गई है। इस पर सुलिवन ने कहा कि %सैन्य कार्रवाई और कूटनीति के जरिए हम तनाव को कम करने की कोशिश कर रहे हैं। हम चाहते हैं कि ऐसे हालात बनें, जिससे युद्धविराम हो और तनाव को बढ़ने से रोका जाए।'

जेलेंस्की ने अमेरिकी विदेश मंत्री से की थी मुलाकात

गौरतलब है कि यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम की वार्षिक बैठक से इतर अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और एनएसए जैक सुलिवन से मुलाकात की थी। इस मुलाकात में जेलेंस्की ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, अमेरिकी कांग्रेस और अमेरिका के लोगों को यूक्रेन का समर्थन करने के लिए धन्यवाद दिया। जेलेंस्की ने ये भी उम्मीद जताई कि अमेरिका आगे भी रूस के खिलाफ लड़ाई में उनके देश की मदद करता रहेगा। जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन, रूस के खिलाफ लड़ाई तब भी जारी रखेगा, जब कोई भी उसका समर्थन ना करे, लेकिन यह एक बुरा अनुभव होगा। इससे ना सिर्फ यूक्रेन के लोगों को परेशानी होगी बल्कि उन्हें भी समस्या का सामना करना पड़ेगा, जो ये सोचते हैं कि यह सिर्फ यूक्रेन की लड़ाई है।

'इस्राइल को दे सकते हैं मान्यता अगर...', सऊदी अरब के विदेश मंत्री का बड़ा दावा

दुबई। सऊदी के विदेश मंत्री ने कहा है कि उनका देश इस्राइल को मान्यता दे सकता है। उन्होंने कहा कि मान्यता देने से पहले व्यापक समझौता करना होगा। इसमें फलस्तीनी लोगों को भी राज्य का दर्जा देना होगा। विदेश मंत्री प्रिंस फैसल बिन फरहान अल सऊद का बयान इसलिए अहम माना जा रहा है क्योंकि बीते लगभग साढ़े तीन महीने से इस्राइल और हमास का हिंसक संघर्ष जारी है। सात अक्तूबर से शुरू हुई इस लड़ाई में अब तक 25 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

क्षेत्रीय शांति में इस्राइल की अहम भूमिका, मान्यता देने से पहले...

प्रिंस फैसल ने दावोस में विश्व आर्थिक मंच पर एक पैनल में कहा, 'सऊदी इस बात पर सहमत है कि क्षेत्रीय शांति के नजरिए से इस्राइल की भूमिका अहम है। हालांकि, फलस्तीनियों लोगों की मांग पूरी करना भी अहम है।' उन्होंने फलस्तीन को अलग राज्य की मान्यता देने का भी समर्थन किया। इस्राइल को राजनीतिक मान्यता देने के सवाल पर विदेश मंत्री ने कहा, सऊदी निश्चित रूप से इस्राइल को मान्यता देने पर विचार करेगा। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि इसके लिए व्यापक राजनीतिक समझौता जरूरी है।

मान्यता देना गाजा के संदर्भ में अधिक प्रासंगिक, अमेरिका सऊदी साथ

सऊदी अरब के विदेश मंत्री प्रिंस फैसल ने बताया कि फलस्तीन को अलग देश के रूप में मान्यता देकर क्षेत्रीय शांति का लक्ष्य हासिल करने के लिए अमेरिकी प्रशासन के साथ गंभीरता से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह गाजा के संदर्भ में अधिक प्रासंगिक है।

सऊदी के फैसले से अंतरराष्ट्रीय राजनीति में होगा बड़ा बदलाव

खबरों के मुताबिक अगर सऊदी इस्राइल को मान्यता देता है तो यह प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की बड़ी सफलता होगी। इससे पहले संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन और मोरक्को इस्राइल के साथ राजनतिक संबंध स्थापित कर चुके हैं। इसके बाद इस्राइल और सऊदी के बीच समान्यीकरण समझौता पश्चिम एशिया या मिडिल ईस्ट की भूराजनीतिक तस्वीर बदल सकता है।

इस्राइल की योजना पर अमेरिकी प्रभाव, युद्ध के 100 से अधिक दिन बीते

सऊदी की भूमिका इसलिए भी अहम है क्योंकि सुन्नी मुस्लिम समुदाय के शासन वाला यह देश दुनिया के सबसे ताकतवर मुल्कों में गिना जाता है। राजनीतिक-आर्थिक क्षमता के अलावा इसका धार्मिक प्रभाव भी काफी अधिक है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अक्तूबर, 2023 में इस्राइल पर हमास के हमले के बाद शुरू हुए युद्ध के बाद सऊदी ने इस्राइल को मान्यता देने की योजना ठंडे बस्ते में डाल दी।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।